kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-253 ❑ गुरुवार, 16 अक्टूबर 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



ये लोग बातें अच्छी करते हैं, लेकिन काम अच्छा नहीं करते हैं। जब सरकार के जाने का वक्त नजदीक आया, तब इन्हें गोमती की सफाई याद आई है। ये सरकार नदी नहीं साफ कर रही है, बल्कि बजट साफ कर रही है।

अखिलेश यादव

भारत के साथ रणनीतिक सहयोग को और मजबूत करने को मंगोलिया तैयारः अमरसाइखान 11

समाज के अनुभव, ज्ञान और मूल्यों के प्रतीक हैं वरिष्ठ नागरिकः धामी 12

### मुख्यमंत्री ने राज्य के 1.86 करोड़ परिवारों के लिए मुफ्त सिलेंडर सब्सिडी जारी की

# जिसने भी बहन-बेटी को छेड़ा, यमराज के हाथों उसका टिकट कटना तय : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



❑ राज्य में हर बेटी, राहगीर और व्यापारी को सुरक्षा देंगे। हर नौजवान के हाथ को काम देंगे

❑ मुख्यमंत्री ने दीपावली के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत राज्य के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों के लिए 1500 करोड़ धनराशि की गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी जारी की

❑ महिला सुरक्षा, स्वावलंबन और सम्मान पर केंद्रित योजनाओं से सशक्त हुआ समाज

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह हमारी वचनबद्धता है कि राज्य में हर बेटी, राहगीर और व्यापारी को सुरक्षा देंगे। हर नौजवान के हाथ को काम देंगे। हर गरीब को उसका हक देंगे। हर वंचित और दलित के साथ सरकार खड़ी होगी। यूपी में जिसने भीबहन-बेटी को छेड़ा, यमराज के हाथों उसका टिकट कटना तय है। यह केवल उत्तर प्रदेश कर सकता है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को यहां लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने दीपावली के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत राज्य के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों के लिए 1500 करोड़ धनराशि की गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी जारी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 के पहले कनेक्शन वालों को रसोई गैस नहीं मिल पाती थी। जो कनेक्शन चाहते थे, उन्हें कनेक्शन ही नहीं मिल पाता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सरकार ने 11 करोड़ रसोई गैस कनेक्शन मुफ्त में उपलब्ध कराए। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर भी हमला बोला। मुख्यमंत्री ने त्योहारों पर खलल डालने वालों को भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि दंगाइयों के सामने सरकार अब नहीं झुकेगी। उन्होंने कहा कि जिसे यमराज से टिकट कटवाना हो, वह बहन बेटी को छेड़ कर दिखाए। यह केवल उत्तर प्रदेश कर सकता है। यह हमारी बचनबद्धता भी है कि हर बेटी, राहगी, व्यापारी को सुरक्षा देंगे। हर नौजवान के हाथ को काम देंगे। हर गरीब को उसका हक देंगे। हर वंचित और दलित के साथ सरकार खड़ी होगी। उसके साथ कोई अन्याय नहीं होने देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि त्योहारों में खलल डालने वालों के खिलाफ पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी। ऐसे लोगों को जेल की सलाखें उसका इंतजार कर रही होंगी। वह कोई भी हो, उसे जेल में ठूसने में देर नहीं लेगी। इस मौके पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, महापौर सुषमा खर्कवाल समेत अन्य महत्वपूर्ण जन उपस्थित ● शेष पेज 11 पर

## नारी सम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा में उत्तर प्रदेश लिख रहा नया अध्याय

लखनऊ। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत प्रदेश की 1.86 करोड़ पात्र महिलाओं के खाते में 1500 करोड़ रुपये की सब्सिडी प्रदान करने के अलावा योगी सरकार आधी आबादी के सशक्तीकरण को मिशन के रूप में आगे बढ़ा रही है। उत्तर प्रदेश में नारी सम्मान को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए बीते वर्षों में अनेक योजनाएं लागू की गई हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना है। लगातार चल रहे इन प्रयासों ने न केवल महिलाओं के जीवन स्तर को ऊंचा किया है, बल्कि समाज में सम्मान, आत्मविश्वास और समानता की भावना को भी मजबूत किया है। उत्तर प्रदेश आज नारी सशक्तीकरण के क्षेत्र में एक नई मिसाल पेश कर रहा है। लाभार्थी महिलाओं ने सीएम योगी का जताया आभार निःशुल्क सिलेंडर प्राप्त करने वाली लाभार्थी महिलाओं ने लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दीपावली के इस उपहार के लिए धन्यवाद दिया और महिलाओं की समृद्धि और उनके सशक्तीकरण के लिए लगातार काम करने को लेकर आभार जताया। लाभार्थी लीलावती ने कहा कि इस निःशुल्क सिलेंडर के लिए मुख्यमंत्री का हार्दिक धन्यवाद करते हैं। यह दीपावली के पावन अवसर पर हमारे लिए अमूल्य उपहार है। वहीं, लखनऊ की निशा चौहान ने कहा कि इस सब्सिडी का लाभ प्रदान करने के लिए हम मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हैं। पहले हम चूल्हे में खाना बनाते थे, जिसके चलते हमें बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए इस उपहार से हमें बहुत लाभ मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का इस उपहार के लिए धन्यवाद करते हैं। इन सरकारी योजनाओं का पात्रों को मिल रहा लाभ कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत अब तक 26 लाख 34 हजार बेटियों को आर्थिक सहायता दी जा चुकी है। यह योजना बालिकाओं की शिक्षा, पोषण और भविष्य की सुरक्षा के लिए एक मजबूत आधार साबित हुई है। महिलाओं को संपत्ति का स्वामित्व दिलाने के लिए घरौनी योजना चलाई ● शेष पेज 11 पर

# सेना के लिए असॉल्ट राइफलें खरीदी जाएंगी

## अमेरिकी कंपनी को 659 करोड़ का ऑर्डर

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



❑ नाइट विजन के सहायक उपकरणों से लैस राइफलों से लंबी दूरी तक निशाना लगाने में होगी आसानी

नई दिल्ली। भारतीय सेना के लिए अमेरिकी कंपनी सिग सॉयर से असॉल्ट राइफलें खरीदी जाएंगी। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को 73 हजार राइफलें खरीदने के लिए 659 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। यह असॉल्ट राइफलें नाइट विजन के सहायक उपकरणों से लैस होंगी, जिससे राइफलों की लंबी प्रभावी रेंज का पूरा फायदा उठाने में आसानी होगी। अमेरिकी कंपनी सिग सॉयर से पहले खरीदी गईं राइफलें कश्मीर और पूर्वोत्तर में नियंत्रण रेखा के साथ-साथ आतंकवाद विरोधी अभियानों में इस्तेमाल की जा रही हैं। पाकिस्तान और चीन की सीमा पर तैनात पैदल सेना की बटालियनों को भी सिग सॉयर राइफलें दी गईं हैं। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के लिए 7.62 ञ 51 मिमी सिग-716 असॉल्ट राइफलों के साथ-साथ सहायक उपकरणों के लिए रात्रि दृष्टि (इमेज इंटेंसिफायर) के लिए 659 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। सैनिकों को सिग-716 असॉल्ट राइफलें मिलने के बाद लंबी दूरी के रेंज तक निशाना लगाने में आसानी होगी। ये राइफलें तारों की रोशनी में भी 500 मीटर की प्रभावी रेंज तक के लक्ष्यों को भेदने में सक्षम हैं। 51 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ यह खरीद रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस पहल से घटकों के निर्माण और कच्चे ● शेष पेज 11 पर

## पूर्व सैनिकों और आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता सौ फीसदी बढ़ेगी, रक्षा मंत्रालय की मंजूरी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केंद्रीय सैनिक बोर्ड के माध्यम से पूर्व सैनिक कल्याण विभाग की योजनाओं में पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता में 100 फीसदी वृद्धि को मंजूरी दे दी है। विवाह अनुदान को 50 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये प्रति लाभार्थी कर दिया गया है। इसके अलावा गरीबी अनुदान को दोगुना कर दिया गया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार गरीबी अनुदान को दोगुना करके प्रति लाभार्थी 4,000 रुपये से 8,000 रुपये प्रति माह कर दिया गया है। इसलिए अब उन 65 वर्ष से अधिक आयु के गैर-पेंशनभोगी पूर्व-सैनिकों और उनकी विधवाओं को आजीवन निरंतर सहायता मिलेगी, जिनकी कोई नियमित आय नहीं है। इसके अलावा दो आश्रित बच्चों (कक्षा 1 से स्नातक तक) या दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम कर रही विधवाओं के लिए शिक्षा अनुदान 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये प्रति व्यक्ति प्रतिमाह कर दिया गया है। विवाह अनुदान को 50 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये प्रति लाभार्थी कर दिया गया है। यह अनुदान पूर्व-सैनिकों की अधिकतम ● शेष पेज 11 पर

### महाराष्ट्र के गढ़िचरौली में 60 नक्सलियों ने हथियार डालकर मुख्यमंत्री के सामने किया आत्मसमर्पण

मुंबई । गढ़िचरौली जिला पुलिस मुख्यालय में बुधवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) की केंद्रीय समिति के सदस्य और पोलित ब्यूरो के सदस्य मल्लोजुला वेणुगोपाल उर्फ भूपति उर्फ सोनू उर्फ अभय सहित 60 नक्सलियों ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के समक्ष हथियार डालकर आत्मसमर्पण किया है। भूपति पर विभिन्न राज्यों में लगभग 6 करोड़ रुपये का इनाम था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राज्य की पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला, पुलिस महानिरीक्षक (नक्सल) संदीप पाटिल, पुलिस महानिदेशक (विशेष कार्रवाई) शेरिंग दोरजे उपस्थित थे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, ''गढ़िचरौली जिला, जिसने ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### सीबीआई ने एनएचआईडीसीएल के अधिकारी को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) के गुवाहाटी कार्यालय के कार्यकारी निदेशक और क्षेत्रीय अधिकारी मैसनम रितेन कुमार सिंह को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। उनके साथ एक निजी कंपनी के प्रतिनिधि बिनोद कुमार जैन को भी पकड़ा है। सीबीआई के मुताबिक, एजेंसी ने 14 अक्टूबर को जाल बिछाकर दोनों को 10 लाख रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। यह रिश्वत असम में राष्ट्रीय राजमार्ग-37 के डेमो से मोरान बाइपास तक के चार लेन निर्माण कार्य में समय बढ़ाने और काम पूरा होने का प्रमाण पत्र देने के लिए मांगी गई थी। सीबीआई ने आरोपियों के सात ठिकानों पर छापा मारा और वहां से 2.62 करोड़ रुपये नकद बरामद किए। जांच में पता चला है कि अधिकारी और उनके परिवार के नाम देश के कई हिस्सों में 9 जमीन के टुकड़े और 20 फ्लैट हैं। साथ ही कई महंगी गाड़ियों के दस्तावेज भी मिले हैं। सीबीआई अभी भी मामले की जांच कर रही है। दोनों आरोपितों को आज गुवाहाटी की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा।

### उत्तर रेलवे में त्योहारों के मद्देनज़र प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री अस्थायी रूप से बंद

नई दिल्ली । दीपावली और छठ पर्व के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे ने दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री अस्थायी रूप से बंद कर दी है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय के अनुसार, नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन, हजरत निजामुद्दीन, आनंद विहार टर्मिनल और गाजियाबाद रेलवे स्टेशनों पर 15 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री नहीं की जाएगी।

हालांकि, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजन, अशिक्षित या महिला यात्रियों के साथ आने वाले सहायक व्यक्ति स्टेशन के पूछताछ कार्यालय से प्लेटफॉर्म टिकट प्राप्त कर सकते हैं। उत्तर रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे भीड़-भाड़ से बचने और सुचारू यात्रा के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

## सबमें मैं हूं और सब मुझमें हैं, यही वह दृष्टिकोण है जिससे सामाजिक हिंसा रुकेगी : मोहन भागवत

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



गांधीनगर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने बुधवार को गांधीनगर के कोबा स्थित प्रेक्षा विश्व भारती ध्यान केंद्र में आचार्य महाश्रमणजी से मुलाकात की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं हर साल अपनी बैटरी चार्ज करने यहां आता हूं। डॉ भागवत ने कहा कि व्यक्तिगत चरित्र और राष्ट्रीय चरित्र का आधार नैतिकता है और नैतिकता का आधार आध्यात्मिकता है, क्योंकि आध्यात्मिकता के बिना नैतिकता का कोई अर्थ नहीं है। इसी वजह से मैं ऐसे स्थानों पर जाता हूं जहां से मुझे अपने काम के लिए आवश्यक ऊर्जा मिलती है।

आचार्य महाश्रमणजी की अहिंसा की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए मोहन भागवत ने कहा कि यदि ऐसा दृष्टिकोण हो, ह्लसबमें मैं हूं और सब मुझमें हैंङ्क, तो सामाजिक हिंसा रुक जाएगी। अब जबकि संघ के 100 वर्ष पूरे हो गए हैं, हमारे कार्यकर्ताओं ने सोचा कि हमें समाज में एक ऐसा कार्यक्रम लेकर जाना चाहिए जिससे पूरे समाज में ऐसी सद्भावना पैदा हो, जिसके आधार पर नैतिकता का निर्माण हो। इसलिए शताब्दी वर्ष में कोई बड़ा कार्यक्रम नहीं किया जाएगा, क्योंकि यदि हमने देश के लिए काम करते हुए 100 वर्ष पूरे कर लिए हैं, तो यह हमारा कर्तव्य था, इसके लिए उत्सव मनाने की कोई आवश्यकता नहीं है। सरसंघचालक ने कहा कि हमने पंच परिवर्तन नामक एक कार्यक्रम के बारे में सोचा है जिसमें पांच प्रकार के कार्यक्रम हैं: 1. पारिवारिक शिक्षा, 2. सामाजिक समरसता, 3. पर्यावरण संरक्षण, 4. नागरिक कर्तव्य 5. आत्मनिर्भर जीवन (स्वदेशी)। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों ने इन सभी बातों का अपने व्यवहार में पालन करना शुरू कर दिया है। शताब्दी ● शेष पेज 11 पर

### प्रधानमंत्री मोदी ने केन्या के पूर्व प्रधानमंत्री रैला ओडिंगा के निधन पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को केन्या के पूर्व प्रधानमंत्री रैला ओडिंगा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा, ''मेरे प्रिय मित्र और केन्या के पूर्व प्रधानमंत्री रैला ओडिंगा के निधन से मुझे गहरा दुख हुआ है। वह एक प्रखर राजनेता और भारत के प्रिय मित्र थे। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मुझे उन्हें करीब से जानने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और हमारा सहयोग वर्षों तक कायम रहा। मोदी ने कहा कि रैला ओडिंगा का भारत की संस्कृति, मूल्यों और प्राचीन ज्ञान के प्रति विशेष लगाव था और यह भारत-केन्या संबंधों को मजबूत करने के उनके प्रयासों में परिलक्षित होता था। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, ''मेरे प्रिय मित्र और केन्या के पूर्व प्रधानमंत्री, रैला ओडिंगा के निधन से मुझे गहरा दुःख हुआ है। वे एक प्रखर राजनेता और भारत के प्रिय मित्र थे। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान से ही मुझे उन्हें करीब से जानने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और हमारा जुड़ाव वर्षों तक कायम रहा। भारत की ● शेष पेज 11 पर

# मतदाता प्रलोभन पर होगी सख्ती, एजेंसियों को चुनाव आयोग के कड़े निर्देश

कैनविज टाइम्स ब्यूरो




नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव और देश के अन्य राज्यों में होने वाले उपचुनावों में मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए पैसे, शराब, नशीले पदार्थ या मुफ्त उपहार देने जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए देश की एजेंसियों को इसे रोकने के लिए आदेश जारी किया है। आयोग ने बताया कि इस संबंध में राज्य की सभी जांच और प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देश जारी किए गए हैं ताकि मतदान प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे। आयोग ने इसके लिए पुलिस विभाग, राज्य उत्पाद शुल्क विभाग, आयकर विभाग, फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट (एफआईयू-इंड), आरबीआई, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी), राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई), केंद्रीय और राज्य जीएसटी विभाग, सीमा शुल्क, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), डाक विभाग, राज्य वन विभाग और राज्य सहकारी विभाग को निर्देशित किया है। आयोग ने बताया कि चुनाव में उम्मीदवारों के खर्च पर नजर रखने के लिए व्यय पर्यवेक्षक पहले ही नियुक्त किए जा चुके हैं। ये अधिकारी अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंचकर उड़न दस्तों, निगरानी टीमों और वीडियो निगरानी दलों के साथ तालमेल से काम कर रहे हैं। ● शेष पेज 11 पर

### दिव्यांगों के लिए मतदान केंद्रों पर विशेष इंतजाम के निर्देश

नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव और अन्य राज्यों में उपचुनावों के मद्देनजर चुनाव आयोग ने दिव्यांग मतदाताओं के लिए राज्य के सभी 90,712 मतदान केंद्रों पर व्हीलचेयर रैंप, ब्रेल सुविधा और परिवहन सहायता जैसी व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से करने का आदेश जारी किया है। आयोग के अनुसार, राज्य के हर मतदान केंद्र पर व्हीलचेयर वालों और दिव्यांगों के लिए रैंप बनाए जाएंगे ताकि वे बिना किसी दिक्कत के अंदर जा सकें। दिव्यांग मतदाताओं को वोट डालने के लिए पहले प्रवेश मिलेगा। दृष्टिबाधित मतदाताओं के लिए ब्रेल लिपि में वोटिंग के लिए खास कागज और सूचनाएं दी जाएंगी। ● शेष पेज 11 पर

### बिहार विधानसभा चुनाव

# भाजपा ने मैथिली ठाकुर और आनंद मिश्रा को भी बनाया उम्मीदवार

एजेंसी




पटना। बिहार विधानसभा चुनाव - 2025 को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी दूसरी सूची बुधवार शाम जारी की। इस सूची में प्रसिद्ध लोकगायिका मैथिली ठाकुर सहित 12 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं।

मैथिली ठाकुर को दरभंगा जिले के अलीनगर से टिकट मिला है। वहीं बक्सर सीट से पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा को उम्मीदवार बनाया गया है। मैथिली ठाकुर को इससे पहले मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार का 'स्टेट आइकॉन' नियुक्त किया गया था। पत्रकारों से बातचीत में, जब उनसे पूछा गया कि क्या वह चुनाव लड़ने पर विचार करेंगी, तो उन्होंने कहा था कि उनका अपने गृहनगर से गहरा नाता है और उनका मानना है कि यहीं से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू करना एक बहुमूल्य सीख होगी। उल्लेखनीय है कि बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े ने सोमवार को एक फ़ेसबुक पोस्ट में मैथिली ठाकुर के साथ अपनी मुलाकात का विवरण साझा किया। तावड़े ने लिखा, ''प्रसिद्ध लोकगायिका मैथिली ठाकुर, जिनका परिवार 1995 में लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल के दौरान बिहार छोड़कर चला गया था, अब राज्य के तेज विकास से प्रेरित होकर वापस लौटना चाहती हैं। उन्होंने आगे लिखा, ''आज केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और मैंने उनसे बिहार के विकास में योगदान देने और लोगों की उम्मीदों को पूरा करने का अनुरोध किया। हम मैथिली ठाकुर को शुभकामनाएं देते हैं। भाजपा की दूसरी सूची में शामिल उम्मीदवार- 1.अलिनगर-मैथिली ठाकुर 2.हायाघाट-रामचंद्र प्रसाद 3.मुजफ्फरपुर-रंजन कुमार 4.गोपालगंज-सुभाष सिंह 5.बनियापुर-केदार सिंह 6.छपरा-छोटी कुमार 7.सोनपुर-विनय कुमार सिंह 8.रोसड़ा-वीरेंद्र कुमार 9.बाढ़-सियाराम सिंह 10.अगिआंव-महेश पासवान ● शेष पेज 11 पर

### मोदी का बिहार भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान, जब हर बूथ मजबूत होगा, तभी सुशासन की सरकार फिर से बनेगी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को नमो ऐप के माध्यम से बिहार के भाजपा बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उन्हें राज्य में पूर्ववर्ती 'जंगलराज' की भयावह स्थिति की याद दिलाई और कहा कि युवाओं को यह बताना जरूरी है कि बिहार किस अंधेरे दौर से निकलकर आज विकास के पथ पर बढ़ा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अपने-अपने बूथों पर जाकर हर परिवार को केंद्र की योजनाओं के लाभों के बारे में जागरूक करें और उपलब्ध वीडियो व आंकड़ों को साझा करें। मोदी ने कहा कि जब हर बूथ मजबूत होगा, तभी सुशासन की सरकार फिर से बनेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत नमो ऐप के माध्यम से बिहार के भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे ● शेष पेज 11 पर

### मप्र में लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई

# सेवानिवृत्त आबकारी अधिकारी के 8 ठिकानों पर छापा

एजेंसी



इंदौर। मध्य प्रदेश लोकायुक्त की टीम ने बुधवार को गोपनीय शिकायत के आधार पर सेवानिवृत्त आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र सिंह भदौरिया के 8 ठिकानों पर छापेमारी की। इनमें से 7 ठिकाने इंदौर और एक ठिकाना ग्वालियर में है। इंदौर में कैलाश कुंज, बिजनेस स्काई पार्क सहित सात और ग्वालियर में इंद्रमणि नगर स्थित घर पर सर्चिंग की जा रही है। लोकायुक्त की टीम बुधवार सुबह सबसे पहले इंदौर के पलासिया स्थित फ्लैट पर पहुंची और सर्चिंग शुरू की। टीम ने फ्लैट में रखे दस्तावेजों की जांच शुरू की और लाखों रुपये नगद, महंगे आभूषण, विदेशी मुद्रा और लाइसेंसी हथियार जब्त किए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इंदौर स्थित फ्लैट की संपत्ति की कीमत ही 7 से 8 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इसी दौरान लोकायुक्त की टीम ग्वालियर के विवेक नगर स्थित धर्मेंद्र सिंह भदौरिया के निवास पर भी पहुंची। यहां दस्तावेजों और संपत्ति की जांच की जा रही है। लोकायुक्त की यह कार्रवाई भदौरिया के कुल 8 ठिकानों पर एक साथ की जा रही है। हर ठिकाने पर टीम दस्तावेजों, बैंक खातों और घर में रखी संपत्ति की बारीकी से जांच कर रही है। जांच में जुटे लोकायुक्त अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न बैंकों में उनके पांच लाकर निकले हैं। इसके साथ ही उनके कई बैंकों में खाते भी पाए गए हैं। उनके पास में बड़ी ● शेष पेज 11 पर

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल दिसम्बर 2025 तक होगा तैयार

**स्थल पर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसी महान विभूतियों के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों का लाइव ऑडियो-वीडियो चित्रण प्रदर्शित किया जाएगा**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी को जल्द ही राष्ट्र प्रेरणा स्थल के रूप में एक नई पहचान मिलने जा रही है। लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा बसंतकुंज योजना के सेक्टर-जे में लगभग 230 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हो रहा यह प्रेरणा स्थल दिसम्बर 2025 तक तैयार हो जाएगा।

यहां भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसी महान विभूतियों के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों का लाइव ऑडियो-वीडियो चित्रण प्रदर्शित किया जाएगा।एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बुधवार को स्थल का निरीक्षण कर विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि प्रेरणा स्थल को कमल के फूल की आकृति में डिजाइन किया गया है। लगभग 65 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित इस स्थल पर तीनों विभूतियों की प्रतिमाएं, म्यूजियम ब्लॉक, मेडिटेशन सेंटर, तीन हैलीपैड, पांच टॉयलेट ब्लॉक, पाथ-वे और बड़े कार्यक्रमों के लिए विशाल मंच का निर्माण किया जा रहा है। अब तक सिविल कार्यों का 95 प्रतिशत हिस्सा पूरा हो चुका है और वर्तमान में म्यूजियम क्यूरेशन का कार्य प्रगति पर है। उपाध्यक्ष ने बताया कि म्यूजियम क्यूरेशन का कार्य पैन इंटेल कॉम द्वारा कराया जा रहा है। टीम ने इसके लिए कोलकाता और जयपुर जाकर गहन रिसर्च की और तीनों विभूतियों के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को संकलित किया। इस दौरान उनसे जुड़े लोगों, लेखकों और इतिहासकारों से साक्षात्कार भी किए गए। लगभग 6300 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बन रहे म्यूजियम ब्लॉक में वीवीआईपी और आमजन के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार होंगे। इसमें पांच गैलरी और 12 इंटरप्रिटेशन वॉल बनाई जा रही हैं, जहां फोटो, स्टोन म्यूरल्स और डिजिटल पैनल पर लाइव विजुअल्स प्रदर्शित होंगे। इसके अलावा, यहां अटल जी की कविताएं, भाषण और लेखों को भी प्ले-बैक के माध्यम से सुनाया जाएगा। प्रथमेश कुमार ने बताया कि सभी कार्य 10 दिसम्बर 2025 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं ताकि लखनऊ को समय पर यह ऐतिहासिक सौगात मिल सके।

## महराजगंज ब्लॉक में आरएसएम के ब्लॉक अध्यक्ष बने मधुकर सिंह

रायबरेली। उप्र राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की महराजगंज ब्लॉक ईकाई का निर्वाचन मंगलवार की देरशाम को संपन्न हुआ। ब्लॉक सभागार में संपन्न हुए चुनाव में ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर मधुकर सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए। वहीं, ब्लॉक संरक्षक सुनीता चौधरी व महिला ब्लॉक अध्यक्ष पद पर विमला यादव को मनोनीत किया गया। ब्लॉक कार्यकारिणी का चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पर्यवेक्षक के रूप में जिला उपाध्यक्ष जय विजय शंकर, जिला मंत्री शशि देवी, प्रतिमा सिंह मौजूद रहीं।महराजगंज ब्लॉक की कार्यकारिणी में मुख्य संवर्ग में ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर मधुकर सिंह को निर्विरोध घोषित किया गया है। महामंत्री राकेश गौतम, कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सिंह, संगठन मंत्री आलोक द्विवेदी, कोषाध्यक्ष देशबंधु चौरसिया, संयुक्त महामंत्री फूलचंद्र यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज सिंह, मीडिया प्रभारी विनोद कनौजिया, ऑडीटर पुनीत सिंह को सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष सरोज कुमार, मिथलेश कुमार, राम लखन, मोहित कुमार, श्रीकांत यादव, राम प्रताप सिंह,, सह संगठन मंत्री स्वयंबर सिंह, सह मीडिया प्रभारी बजरंग नारायण, अजय कुमार पटेल, संयुक्त मंत्री पीरू लाल, शैलेंद्र प्रताप सिंह, नंद कुमार, शायकुल निशां समेत अन्य निर्वाचित हुए।

# गोमती नगर में सात अवैध निर्माण सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एलडीए ने बुधवार को गोमती नगर और गोमती नगर विस्तार क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए सात निर्माणों को सील कर दिया। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने यह कार्रवाई की। जोनल अधिकारी संगीता राघव ने बताया कि सभी निर्माण स्वीकृत मानचित्र के विपरीत किए जा रहे थे। उन्होंने बताया कि अंशुल कुमार द्वारा विभूति खंड के ग्राम रिसहा में लगभग 300 वर्गमीटर, सुमित मिश्रा द्वारा विभूति खंड में भूखण्ड संख्या बी-101 पर लगभग 150 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह कमलेश कुमार व अन्य द्वारा गोमती नगर के विराट खंड में 300 एवं 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के दो भूखण्डों पर अनाधिकृत रूप से बहुमंजिला कॉम्पलेक्स का निर्माण चल रहा था। इसके अलावा सोनू कुमार द्वारा विशाल खंड में 200 वर्गमीटर, विनय सिंह द्वारा विभूति खंड में 450 वर्गमीटर तथा रवि प्रताप सिंह द्वारा गोमती नगर विस्तार के सेक्टर 1 में लगभग 150 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा था। प्रवर्तन टीम ने मौके पर पहुंचकर इन सभी सातों निर्माणों को सील कर दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा शहर में अवैध निर्माणों के विरुद्ध चलाया जा रहा अभियान आगे भी जारी रहेगा। बिना मानचित्र स्वीकृति के किए जा रहे किसी भी निर्माण कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## इलाहाबाद हाइकोर्ट से बड़ी राहत, मस्जिद और मकानों पर नोटिस रोका

प्रयागराज। संभल क्षेत्र के हातिम सराय में तालाब की जमीन पर बनी मस्जिद और 80 मकानों को प्रशासन ने नोटिस जारी किया था। मकानों पर लाल निशान भी लगाया गया। लेकिन इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रशासनिक कार्रवाई पर रोक लगा दी। कोर्ट के आदेश से प्रभावित लोगों को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि नोटिस से पहले सभी कानूनी प्रक्रिया पूरी होनी चाहिए। यह निर्णय स्थानीय निवासियों के लिए राहत देने वाला साबित हुआ।

## चिकित्सालय कर्मचारी बहिष्कार, चार माह से वेतन नहीं मिला

प्रयागराज। तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय में संविदा कर्मचारी–स्टाफ नर्स, व्हाट बॉय और सफाई कर्मचारी बुधवार से बहिष्कृत हैं। कर्मचारियों ने बताया कि चार माह से वेतन नहीं मिला है। उनके अनुसार, इससे परिवार का पालन-पोषण प्रभावित हो रहा है। कर्मचारी सीएमएस को पहले अवगत करा चुके हैं और अब डीएम को ज्ञापन देंगे। प्रशासन से मांग है कि वेतन तुरंत जारी किया जाए। कर्मचारी अपने हक के लिए आंदोलन पर भी विचार कर रहे हैं।

## फूलपुर में किशोर की हत्या, पुलिस हर एंगल से कर रही जांच

प्रयागराज। गंगानगर थाना क्षेत्र, फूलपुर में मंगलवार शाम से लापता किशोर का शव नहर के किनारे बरामद हुआ। किशोर मामा के बेटे के साथ घर से गया था। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर जांच शुरू कर दी है। रंजिश और अन्य संभावित कारणों को भी देखा जा रहा है। स्थानीय लोग घटना से दहशत में हैं। पुलिस ने मामले की गहनता को देखते हुए आसपास के सीसीटीवी फुटेज और गवाहों से जानकारी जुटाना शुरू कर दिया है।

## धुरवां नहर में गुमशुदा युवक का मिला शव

प्रयागराज। फूलपुर थाना क्षेत्र, ग्राम धुरवां स्थित गुलचपा नहर में गुमशुदा युवक का शव मिलने की पुष्टि सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर विवेक यादव ने की। शव मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार हत्या या हादसे दोनों पहलुओं पर जांच चल रही है। पुलिस आसपास के लोगों से भी जानकारी इकट्ठा कर रही है। क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी गई है।

## दीपावली–छठ पर्व के मद्देनजर प्रयागराज में सुरक्षा अलर्ट

प्रयागराज। प्रयागराज में दीपावली और छठ पर्व को देखते हुए एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। भीड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। सिविल ड्रेस में महिला और पुरुष पुलिसकर्मी भी निगरानी कर रहे हैं। प्रयागराज जंक्शन के एंट्री और एग्जिट पॉइंट्स पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीमों ने सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा किया है।

## मिशन शक्ति टीम की कार्रवाई, छात्राओं को परेशान करने वाला गिरफ्तार

प्रयागराज। यमुनानगर जोन में मिशन शक्ति टीम ने स्कूल की छात्राओं को अपशब्दों का प्रयोग कर परेशान करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया। सहायक पुलिस आयुक्त कौंधियारा ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। त्वरित कार्रवाई से छात्राओं और अभिभावकों को सुरक्षा का भरोसा मिला है। टीम ने क्षेत्र में जागरूकता अभियान भी चलाने का निर्णय लिया है ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## खरीफ 2025-26 के लिए सम्भागीय खाद्य नियंत्रण कक्ष स्थापित

प्रयागराज । जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत धान, बाजरा और ज्वार की खरीद के अनुश्रवण हेतु सम्भागीय खाद्य नियंत्रक कार्यालय में खरीद नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। सम्भागीय खाद्य नियंत्रक हर्षिका सिंह ने बताया कि कक्ष में कर्मचारियों को दिन के विभिन्न शिफ्टों में तैनात किया गया है।प्रातः 09:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक कनिष्ठ सहायक अभय कुमार और विपणन सहायक आरती देवी ड्यूटी करेंगे। अपराह्न 01:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक कनिष्ठ सहायक बबलू कुमार और विपणन अधिकारी अखण्डेश्वर प्रताप सिंह जिम्मेदारी संभालेंगे। नियंत्रण कक्ष कार्य दिवसों में प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक खुला रहेगा। रविवार और राजपत्रित अवकाशों को छोड़कर अन्य अवकाशों में भी कक्ष प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक क्रियाशील रहेगा।खरीद नियंत्रण कक्ष से संबंधित जानकारी या शिकायतों के लिए दूरभाष संख्या 0532-2615048 पर संपर्क किया जा सकता है। इस व्यवस्था से ख्रट्टघ्योजना के तहत फसलों की खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता और अनुश्रवण सुनिश्चित होगा।

## मण्डलीय पेंशन अदालत का आयोजन नवंबर माह के द्वितीय सप्ताह में

प्रयागराज। सेवानिवृत्त राज्य कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर अनुमन्य लाभों के लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण हेतु मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डल स्तर पर पेंशन अदालत गठित की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम मण्डलीय पेंशन अदालत नवंबर 2025 के द्वितीय सप्ताह में आयोजित की जाएगी।सेवानिवृत्त कर्मचारी और अधिकारी, जिनके सेवानैवृत्तिक लाभों की स्वीकृति/भुगतान में शिकायत है, वे अपनी शिकायत निर्धारित वाद पत्र पर तीन प्रतियों में जमा कर सकते हैं। प्रार्थना पत्र 31.10.2025 तक अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, प्रयागराज मण्डल, नवीन कोषागार भवन, कचेहरी रोड, प्रयागराज में किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत किया जा सकता है।वाद पत्र का प्रारूप अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। 31.10.2025 के बाद प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। केवल निर्धारित प्रारूप पर प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों के मामले में पेंशन अदालत में सुनवाई की जाएगी।

## उत्तर मध्य रेलवे: दिवाली एवं छठ पर्व के अवसर पर अनारक्षित फ़ेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों का संचालन

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन ने दिवाली और छठ पूजा के त्योहारी सीज़न में यात्रियों की सुविधा के लिए विभिन्न रूटों पर अनारक्षित फ़ेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें संचालित करने की घोषणा की है। यह ट्रेनें बांद्रा टर्मिनसऽबरौनी, वलसाडऽबरौनी, उधनाऽभागलपुर, उधनाऽसमस्तीपुर, प्रतापनगरऽकटिहार, प्रतापनगरऽजयनगर, साबरमतीऽगोरखपुर और साबरमतीऽबेगूसराय मार्गों पर चलाई जाएंगी।इन स्पेशल ट्रेनों में जनरल सेकंड क्लास कोच होंगे। प्रमुख ट्रेनों में ट्रेन संख्या 09079/09080 बांद्रा टर्मिनसऽबरौनी, 09089/09090 वलसाडऽबरौनी, 09081/09082 उधनाऽभागलपुर और 09091/09092 उधनाऽसमस्तीपुर शामिल हैं। इसके अलावा प्रतापनगर-कटिहार, प्रतापनगर-जयनगर, साबरमतीऽगोरखपुर और साबरमतीऽबेगूसराय मार्गों पर साप्ताहिक एवं त्रि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनें भी चलाई जाएंगी।रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे ट्रेन के ठहराव, समय-सारणी और संरचना की विस्तृत जानकारी के लिए बबब.द्ङ्मनफ्ङ्मन्भ.द्बद्मदद्ब-थद्ग्न्थद्बद्य.द्दश्र्फ.द्बद्व पर अवलोकन करें। ये ट्रेनें 14 अक्टूबर 2025 से 29 अक्टूबर 2025 के बीच संचालित होंगी।यात्रियों की सुविधा और भीड़ प्रबंधन के लिए रेलवे ने सुरक्षा और संचालन व्यवस्था को कड़ा किया है। शशि कान्त त्रिपाठी, मुख्य संवाददाता एवं मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज ने यह जानकारी दी है।

# कालेज के इर्द गिर्द मनचलों का बोलबाला

**स्कूल कालेज आने वाली छात्र– छात्राये अपने को कर रहे असहज महसूस स्कूल खुलने बन्द होने के समय मनचले भरते**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोराव, प्रयागराज। कोराव व खीरी थाना पुलिस क्षेत्र में पड़ने वाले जूनियर स्कूल, इंटर कालेज, डिग्री कालेज के आसपास मनचले एक मोटर साइकिल पर तीन, चार ,दो मनचले बैठकर इर्द गिर्द मंडराते रहते है जिस कारण स्कूली छात्राये अपने को सुरक्षित महसूस नही कर रही कुछ ऐसे अभिवावक है जो इन्ही कारण वस स्कूल न भेजकर घर मे पढ़ाना सुरक्षित महसूस करते है स्कूल खुलने व बन्द होने के समय मनचले विद्यालय के आसपास नजर गड़ाये बैठे रहते है जैसे ही छात्राये सड़क पर दिखी आगे पीछे हॉर्न बजाकर शोर शराबा करते है तथा अश्लील-अश्लील भाषा का प्रयोग करते है जिस कारण छात्राये लज्जा वस कुछ नही बोलती जिस कारण आयेदिन अप्रिय घटना घटित हो रही है खीरी थाना क्षेत्र के शिव जियावन इंटर कालेज लेडियारी, कृषक शांति निकेतन बड़ोखर, शबरी स्मारक महा विद्यालय बड़ोखर, लोकमणि इंटर कालेज भोगन, सरदार पटेल इंटर कालेज सिकरो कोराव , गोपाल विद्यालय इंटर कालेज कोराव आदि क्षेत्र में पड़ने वाले विद्यालय के इर्द गिर्द घूमते है कुछ लोगो ने बताया कि इस मामले में पुलिस से कहा भी गया लेकिन कोई खाश रुचि नही ली स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं के अभिवावक ने पुलिस आयुक्त प्रयागराज का ध्यान आकृष्ट कराते हुए शोहदागर्दो पर कठोर कार्रवाही की माँग की है

# तीन दिवसीय नाटक महोत्सव में मंचित नाटक कबीरा नें समाज में फैली विसंगतियों का किया चित्रण

**तीन दिवसीय नाट्य समारोह के प्रथम दिन चन्द्रभाष सिंह द्वारा लिखित नाटक ''कबीरा'' का मंचन किया गया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से संस्था भारतोदय द्वारा महावीर सभागार, श्री महावीर प्रसाद महिला महाविद्यालय राजाजीपुरम, में 15 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक आयोजित तीन दिवसीय नाट्य समारोह के प्रथम दिन आज 15 अक्टूबर को चन्द्रभाष सिंह द्वारा लिखित नाटक ''कबीरा'' का मंचन किया गया। नाटक का निर्देशन जूही कुमारी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के सचिव श्री गिरीश चंद मिश्र एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अवधेश प्रसाद सिंह द्वारा दीप प्रज्जवल करके किया गया।

नाटक ''कबीरा'' कबीरदास जी के द्वारा समाज को दी गयी शिक्षाओं एवं निर्गुण भक्ति पर आधारित है। कबीरदास न केवल संत थे, बल्कि एक विचारक सुधारक भी थे एवं समाज की बुराईयो को दूर करने का प्रयास किया। नाटक की शुरूआत कबीर साहेब के स्वर्गवास से होती है एवं अन्तिम संस्कार के लिए आपस में लड़ते झगड़ते है। नाटक में दिखाया गया कि कबीर अपनी काया में नहीं बल्कि अपने दोहो, रमनियों व साखियों के माध्यम से दी गयी शिक्षाओं में है।नाटक अंत में सभी दर्शको से कबीर बनने के लिए कहता है कि उनकी कोई एक बात अपने जीवन में उतार लेना है। ईश्वर हमारे अन्दर है। कबीर वाणी जीवन का अर्थ है, मर्म है, सौन्दर्य है, दर्शन भी है।मंच पर जूही कुमारी, दीना भारती, अनामिका रावत, उज्जवल सिंह, अभय प्रताप सिंह, कृष्ण कुमार पांडेय, अनूप जयसवाल, अतुल, समीम बागची, राहुल सिंह, मुकुल चौहान, आर्यन साहू, शिवम मिश्रा, अभिषेक कुमार, आशीष, विजय सिंह आदि कलाकरों ने किरदारो में अपनी अलग छाप छोड़ी। अन्त में संस्था सचिव एवं अध्यक्ष ने लोगो को धन्यवाद दिया और कलाकारो की हौसला अफजायी कर, कलाकारों को प्रशस्ती पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

# कई मांगो को लेकर दिव्यांगजनों का ब्लाक परिसर में धरना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। बुधवार को दिव्यांगजनों के अधिकार और समस्याओं को लेकर मोहनलालगंज ब्लाक में दिव्यांग विकास सोसाइटी के पदाधिकारियों ने दर्जनों दिव्यांगों के साथ धरना प्रदर्शन किया।

लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर किए जा रहे इस शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन की सूचना पर पहुंचे एसडीएम को ज्ञापन सौंपा इस दौरान एसडीएम ने अस्वाशन दिया और मोबाइल फोन पर सचिव, अन्य कर्मियों से फोन पर सामने बात की जिसके बाद गुरुवार को 10 बजे बैठक कर निस्तारण का अस्वाशन दिया।ब्लाक परिसर में अपनी कई मांगो को लेकर धरना दे रहें दिव्यांग विकास सोसाइटी के पदाधिकारी मनोज राजपूत ने बताया की वह लोग दिव्यांग भाइयों बहनों की समस्याओं को लेकर पूर्व में कई बार विकास खण्ड अधिकारियों को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया है लेकिन अभी तक किसी भी समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया। उनकी मांग है कि दिव्यांगों के लिए पेंशन में सुधार रोजगार एवं स्वरोजगार योजनाओं में प्राथमिकता स्थानीय सरकारी कार्यालयों में सुगम प्रवेश की व्यवस्था, पात्र दिव्यांग जनों का अंत्योदय राशन कार्ड बनाया जाए, पात्र दिव्यांग जनों को शौचालय दिया जाए पात्र दिव्यांग जनों को आवास दिया जाए लेकिन पात्रता की श्रेणी सभी के लिए एक ही होनी चाहिए क्योंकि दिव्यांग जनों के साथ दोहरा व्यवहार किया जाता है इस लिए की हमारी लिस्ट संगठन में माध्यम से जाती इस लिए जांच करता अधिकारी अपात्र कर देते है और फिर हमारी आशा पर पानी फिर जाता है।वहीं काफी देर तक चले धरना की सूचना पाकर एसडीएम पवन पटेल मौके पर पहुंचकर सभी को समझाते हुए अस्वाशन दिया और मोबाइल फोन पर एडीओ पंचायत सहित अन्य कर्मियों से फोन पर फटकार लगाते हुए गुरुवार को 10 बजे बैठक कर निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक दिव्यंगजनो व बीडीओ एडीओ समाज कल्याण सना फातिमा व एडीओ पंचायत अशोक कुमार के साथ तय की गई।

## निगोहां स्थित बाबू सुन्दर सिंह इंस्टीट्यूट में आज से होगा दो दिवसीय खेल महोत्सव

लखनऊ । निगोहां स्थित बाबू सुंदर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में आज से दो दिवसीय खेल महोत्सव छात्रों के जोश, जुनून और खेल प्रतिभा का जीवंत प्रदर्शन होगा। आयोजन में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (इखट्ठ) से संबद्ध लगभग 40 कॉलेजों की टीमें भाग लेंगी, जिनमें करीब 2200 छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे। इस महाकुंभ में बैडमिंटन, कबड्डी, चेस, एथलेटिक्स, खो-खो, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल जैसे विविध खेलों का आयोजन किया जाएगा।संस्था की अध्यक्ष रीना सिंह ने बताया कि डॉ. अब्दुल कलाम स्पोर्ट्स फ़ेस्ट 2025ऽ2026 का भव्य आयोजन गुरुवार से होने जा रहा है। यह दो दिवसीय खेल महोत्सव छात्रों के जोश, जुनून और खेल प्रतिभा का जीवंत प्रदर्शन होगा। इस प्रतिष्ठित आयोजन में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (AKTU) से संबद्ध लगभग 40 कॉलेजों की टीमें भाग लेंगी, जिनमें करीब 2200 छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष का गोसाईगंज ब्लॉक में हुआ स्वागत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष डॉ प्रदीप सिंह का गोसाईगंज ब्लॉक में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान एडीओ पंचायत संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल किशोर शुक्ल के साथ पंचायत सचिव ललित कुमार, प्रशांत सक्सेना, राकेश यादव, अजय पटेल, रजनी यादव, सीमा यादव, राम गोपाल यादव, संतोष गिरी, ऋचा तिवारी, सुचेता यादव, तारेश शेखर तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी ने डॉक्टर प्रदीप सिंह को बुके देकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। साथ ही संगठन को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसके बाद वह लखनऊ स्थित मुख्यालय पहुंचे और विभिन्न मुद्दों को लेकर उच्च अधिकारियों से मुलाकात की। सभी को उन्होंने दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं।

# अज्ञात चोरों ने घर में रखी चार बोरी सरसों समेत नगदी जेवरात किए पार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नगराम थाना क्षेत्र के देवती गांव में बीते 10 अक्टूबर की रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया पीड़ित विवेक त्रिवेदी ने नगराम थाने में तहरीर देकर बताया कि रात के समय उनके घर में चोरी हो गई। चोर घर में रखी चार बोरी सरसों, नगदी रकम तथा जेवरात उठा ले गए।पीड़ित विवेक त्रिवेदी ने बताया कि गांव में इससे पहले भी कई बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, जिसमें गांव के ही तुलसी पुत्र देवीदीन, भूटानी और कल्लू के शामिल होने की आशंका जताई गई थी। उन्होंने बताया कि इस बार की चोरी में भी इन्हीं लोगों का हाथ होने का संदेह है, क्योंकि उनके घर में लगे मैंगनेट इंटरलॉक की चाबी भी चोरी हो गई है।पीड़ित ने पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भय का माहौल है। विवेक त्रिवेदी ने थाना प्रभारी विवेक चौधरी से चोरी के खुलासे की गुहार लगाई है। कि मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। वही थाना प्रभारी का कहना है कि तहरीर पके आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।, मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर छात्र ने बनाया स्वनिर्मित टैंक डेस्ट्रॉयर मिसाइल लॉन्चर तकनीकी नवाचार देख हुए सभी प्रभावित

निगोहां , लखनऊ । पूर्व राष्ट्रपति और भारत के महान वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर बुधवार को निगोहां स्थित बाबू सुंदर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में विज्ञान, नवाचार और प्रेरणा से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के बी.टेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष के छात्र राहुल कुमार ने अपने द्वारा तैयार स्वनिर्मित टैंक डेस्ट्रॉयर मिसाइल लॉन्चर का प्रदर्शन कर सभी को चकित कर दिया।सीमित संसाधनों और अपने तकनीकी ज्ञान के बल पर राहुल द्वारा बनाया गया यह मॉडल न केवल उनके नवाचार की क्षमता को दर्शाता है, बल्कि ''मेक इन इंडिया'' और ''आत्मनिर्भर भारत'' के विचार को भी साकार करता है। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक गण, विद्यार्थी और अतिथि राहुल के इस अभिनव प्रयास से अत्यंत प्रभावित हुए।कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के डायरेक्टर जनरल प्रो. (डॉ.) के.के. सिंह ने की। इस अवसर पर इंजी. अनामिका मौर्य, इंजी. रमेश कुमार तथा आदर्श कुमार भी उपस्थित रहे। सभी ने छात्र राहुल कुमार की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे युवा देश के उज्जवल भविष्य के प्रतीक हैं।संस्थान की उपाध्यक्ष रीना सिंह ने कहा कि ह्लराहुल की यह उपलब्धि डॉ. कलाम के उस विज़न की सच्ची झलक है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत का भविष्य उसके युवाओं के हाथों में है। विज्ञान और तकनीक से सशक्त युवा ही राष्ट्र को प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ा सकते हैं।

## वरिष्ठ बसपा नेता अशोक भारतीय का निधन

रायबरेली। शान्ति नगर वार्ड निवासी बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अशोक स्टूडियो के प्रोपराइटर श्री अशोक भारतीय जी का बुधवार सुबह स्वर्गवास हो गया। उनके निधन की खबर से कस्बे सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्व. अशोक भारतीय जी का अंतिम संस्कार उनके पैतृक निवास सोथीगांव में किया जाएगा।श्री भारतीय जी मान्यवर कांशीराम जी और बहन मायावती जी के जीवन आदर्शों को आत्मसात करते हुए, सदैव समाज के अंतिम पायदान पर खड़े शोषित और वंचितों के अधिकारों की लड़ाई में सबसे आगे रहते थे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना कैंट जनपद अयोध्या में मुकदमा अपराध संख्या 367/23 धारा 406/506 आईपीसी वादी मुकदमा नदीम इरफान पुत्र इरफान उल्लाह निवासी परिक्रमा मार्ग थाना कैंट जनपद अयोध्या के द्वारा पंजीकृत कराया गया है उक्त अभियोग से संबंधित वाहन up 42 बीके 2340 की बरामद की किया जाना आवश्यक है अतः यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त वाहन के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त होती है तो थाना स्थानीय के मोबाइल नंबर 9454403298 या 6306474243 पर सूचित करने की कृपा करें।


**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मद की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 01 | 56255931 | TRACTION MOTOR COMPLETE WITH PINION (WITHOUT MSU, GEAR CASE, GEAR WHEEL) CONFORMING TO SPECN No. ICF/MD/SPEC-97D REV-02 CS-02 SUITABLE FOR EXISTING MOUNTING ARRANGEMENT OF 1400HP DEMU. MAKE-BHEL TYPE TM 4303 BY OR CGPISL TYPE C 1005 TM | 02 Nos | 07.11.2025 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

निविदा नोटिस सं.: ईपीएस/56/2025

ईमेल पता: dycmmcb15@gmail.com

3179/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भाजपा सरकार बोलती है सफ़ेद झूठ : अखिलेश यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ,। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार सफ़ेद टेबल पर बैठकर काला झूठ बोलती है। यह सरकार नदियां नहीं साफ कर रही, बजट साफ कर रही है। सरकार की नीयत नेक नहीं है। यह बातें समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कही। अखिलेश यादव बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हमने संकल्प लिया है कि उत्तर प्रदेश को खुशहाली के रास्ते पर लाने के लिए लगातार संघर्ष करेंगे। भाजपा पर तंज कसते हुए अखिलेश ने कहा कि ये लोग बातें अच्छी करते हैं, लेकिन काम अच्छा नहीं करते हैं। जब सरकार के जाने का वक्त नजदीक आया, तब इन्हें गोमती की सफाई याद आई है। ये सरकार नदी नहीं साफ कर रही है, बल्कि बजट साफ कर रही है। सपा अध्यक्ष ने कहा



**आज हमने संकल्प लिया है कि उत्तर प्रदेश को खुशहाली के रास्ते पर लाने के लिए लगातार संघर्ष करेंगे**

कि सरकार में आने पर हम गोरखपुर के साथ-साथ लखनऊ में गोमती रिवरफ्रंट पर स्वर्गीय केदनारनाथ सिंह सैथवार जी की प्रतिमा लगाकर उनको सम्मान दिलाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले हमें और आपको स्वदेशी का चूरन खिला रहे हैं। जिस तरह से अमेरिका ने टैरिफ लगाया, उससे सीखिए। आप चीन पर टैरिफ लगा दो। लेकिन, ये लोग (भाजपा) नहीं लगाएंगे। क्योंकि भाजपा वाले स्वदेशी होने का दिखावा कर रहे हैं जबकि अंदर मन से ये लोग विदेशी हैं। अखिलेश ने कहा कि यह सरकार तो केवल किसानों की जमीन और फसल की लूट कर रही है। किसानों के प्रति कभी यह सरकार ईमानदार नहीं रही है। किसानों को खुशहाल बनाने के लिए हम समाजवादी लोगों ने हमेशा फैसला लिया है। किसानों की मदद करते थे हम लोग, अब कोई मदद करने वाला नहीं। उन्होंने प्रदेश में जीरो टॉलरेंस नीति और एनकाउंटर में मारे जा रहे बदमाशों के सवाल पर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एनकाउंटर के यह जो आंकड़े दिए जा रहे हैं, तो क्या डराना चाहते हैं? न जाने कितने निर्दोष लोगों के साथ घटना घटी है। यह पुलिस मदद के लिए है कि हत्या करने के लिए? इतना करप्शन कभी नहीं हुआ था क्योंकि आप पुलिस से पॉलिटिकल काम करवा रहे हैं। अखिलेश ने कहा कि इनको पता नहीं कि इनका मौसम बहुत खराब है। इनकी अब घर वापसी होने वाली है। ये सरकार जाने वाली है। उत्तर प्रदेश को सांड से बचाओ, सांड सरकार हटाओ।

# रालोद ने डॉ. ए.पी.जे.अब्दुल कलाम की मनाई जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रदेश कार्यालय लखनऊ में भारत रत्न, मिसाइल मैन और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष रजनीकांत मिश्र ने की तथा संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने डॉ. कलाम के प्रेरणादायी जीवन, उनके वैज्ञानिक योगदान और युवाओं के लिए उनके सशक्त संदेशों को याद किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष रजनीकांत मिश्र ने इस अवसर पर कहा कि डॉ. कलाम केवल एक वैज्ञानिक या राष्ट्रपति नहीं थे, बल्कि वे एक सच्चे कर्मयोगी, सादगी और समर्पण के प्रतीक थे। उन्होंने अपनी जीवन यात्रा से यह साबित किया कि सीमित संसाधनों के



बावजूद बड़े सपने देखे जा सकते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर परिश्रम किया जा सकता है। रजनीकांत मिश्र ने कहा कि आज जब देश को दिशा की आवश्यकता है, तो हमें डॉ. कलाम के विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए और युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण में लगाना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी कहा कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का जीवन भारतीय युवाओं के लिए एक आदर्श उदाहरण है। उन्होंने अपने कार्यों से यह सिद्ध किया कि शिक्षा, विज्ञान और ईमानदारी से देश को आगे बढ़ाया जा सकता है। रालोद के कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वे उनके बताए मार्ग पर चलते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम हमेशा ळ्युवा भारतङ्क का सपना देखते थे, जहां हर व्यक्ति अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक हो और देशहित सर्वोपरि रखे।

प्रोफ़ेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल ने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन इस बात का प्रमाण है कि सच्ची लगन और निष्ठा से कोई भी व्यक्ति ऊंचाइयों को छू सकता है। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि युवा वर्ग डॉ. कलाम के विचारों को आत्मसात करे और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को गंभीरता से निभाए। उन्होंने कहा कि रालोद सदैव शिक्षा, युवा सशक्तिकरण और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने की दिशा में कार्य करता रहेगा।

# बसपा प्रमुख आज पार्टी पदाधिकारियों संग करेंगी बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने गुरुवार को एक बैठक बुलाई है। इसमें सभी राज्यों के अध्यक्ष और समन्वयक शामिल होंगे।

बसपा की ओर से बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया गया कि मायावती गुरुवार, 16 अक्टूबर को 12 मॉल एवेन्यू स्थित उत्तर प्रदेश पार्टी कार्यालय में 11 बजे एक बैठक करेंगी। इसमें उत्तर प्रदेश के सभी प्रदेश पदाधिकारी और समन्वयक मौजूद रहेंगे। मायावती, बसपा संस्थापक कांशीराम की 19वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने और शक्ति प्रदर्शन करने आए



लाखों लोगों से अभिभूत हैं और इस ऐतिहासिक रैली की सफलता के लिए आभार व्यक्त करेंगी। इस बैठक के दौरान, वह आगामी बिहार विधानसभा चुनाव की रणनीति भी तैयार करेंगी। बसपा ने बिहार चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा पहले ही कर दी है।

# ईमानदारी और मेहनत की मिसाल: ट्रैफिक पुलिस के जांबाज़ अफसर आसिफ अख्तर बने इंस्पेक्टर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सच्चाई और मेहनत की राह भले कठिन हो, लेकिन मंज़िल तय होती है। लखनऊ ट्रैफिक पुलिस के कर्मठ अफसर आसिफ अख्तर ने यह साबित किया है। अपनी ईमानदारी निष्ठा और बेहतरीन कार्यशैली के चलते उन्हें एडीसीपी ट्रैफिक लाइन राजेश कुमार ने पदोन्नत पर स्टार लगाकर इंस्पेक्टर पद का कार्य भार सौंपा।

2015 बैच के सब-इंस्पेक्टर रहे आसिफ अख्तर ने हमेशा जनता की सेवा को प्राथमिकता दी। त्योहारों और बड़े आयोजनों के दौरान ट्रैफिक जाम से निपटने में उनकी सूझबूझ और तत्परता ने राहत दी। उन्होंने नाले में गिरे बुजुर्ग की जान बचाई, भटकी महिलाओं और किशोरियों को सुरक्षित घर पहुंचाया और कई खोए मोबाइल व बच्चों को परिजनों से मिलवाया।

जनसेवा और ईमानदारी के लिए उन्हें



डीजीपी के द्वारा प्रशस्ति पत्र, मुंशी पुलिया व्यापार मंडल, अमीनाबाद प्रेस क्लब और मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन से सम्मानित किया गया है। विरोध और दबावों के बावजूद अख्तर ने हमेशा काम से जवाब दिया और भरोसा कायम रखा।

प्रमोशन के बाद आसिफ अख्तर ने कहा जो भी जिम्मेदारियां मिलेंगी उन्हें पूरी ईमानदारी और समर्पण से निभाऊंगा।

इसी बैच के अन्य सब-इंस्पेक्टरों को भी इस अवसर पर इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत किया गया। आसिफ अख्तर और उनके साथियों की यह उपलब्धि पुलिस विभाग में समर्पण और सच्चाई की प्रेरणादायक मिसाल बनी है।

# खाद्य विभाग ने अब तक 2993 क्विंटल मिलावटी खाद्य सामग्री जब्त की , 1155 क्विंटल किया नष्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने 08 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक दीपावली विशेष अभियान शुरू किया है। इसके तहत अब तक प्रदेश भर में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीमों ने 4621 निरीक्षण, 2085 छापे और 2853 नमूनों की जांच की। अब तक कुल 2993 क्विंटल मिलावटी और अस्वास्थ्यकर खाद्य सामग्री जब्त की गई, जिसका अनुमानित मूल्य 3.88 करोड़ रुपये है। मानव उपभोग के योग्य नहीं होने पर 1155 क्विंटल सामग्री नष्ट की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 1.75 करोड़ रुपये है। उन्नाव, मथुरा और लखनऊ में भारतीय न्याय संहिता 2023 के अंतर्गत तीन प्राथमिकी भी दर्ज की गई हैं। सचिव खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ. रोशन जैकब ने बुधवार को बताया कि त्योहारों को सुरक्षित, स्वच्छ



और आनंददायक बनाने के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित है। मिलावटखोरी और स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह खाद्य सामग्री के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। त्योहारों के अवसर पर आम नागरिकों के स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शीघ्र नष्ट होने वाली सामग्री मौके पर ही जब्त और विनष्ट की जाती है, जिससे उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि अभियान में प्रमुख कार्यवाहियों में उन्नाव में 215 किलो खोया जब्त कर नष्ट किया गया और नमूने संग्रहीत कर एक एफआईआर दर्ज की गई। मथुरा में 400 किलो मिलावटी पनीर नष्ट किया गया। लखनऊ में 802 किलो खोया नष्ट किया गया। झांसी में 1200 किलो खोया, हाथरस में 790 किलो मिलावटी आचार जब्त कर 3000 किलो खराब आचार नष्ट किया गया।

बुलंदशहर में 3000 किलो मिलावटी रसगुल्ला व गुलाबजामुन, मीरजापुर में 1478 किलो मिलावटी खोया, सहारनपुर में 1100 किलो खोया नष्ट किया गया। इसी प्रकार, हापुड़ में 6000 लीटर रिफाइंड सोयाबीन तेल जब्त किया गया। डा. जैकब ने बताया कि कानपुर देहात में 500 लीटर दूध, 400 किलो खोया, 2200 किलो बर्फी, 250 किलो पेड़ा और 358 किलो स्वीट केक नष्ट किए गए। गोरखपुर में 1400 किलो पनीर और खोया जब्त और 1000 लीटर खराब सरसों तेल नष्ट किया गया। मेरठ में 71 लीटर पामोलिन तेल, 20 किलो स्किम्ड मिल्क पाउडर जब्त और 35 किलो रसगुल्ला, 180 किलो पनीर, 2500 किलो खोया नष्ट किया गया। एटा में 340 लीटर सरसों तेल और 900 किलो घी नष्ट किए गए। खीरी में 871 किलो खाद्य सामग्री जब्त और 50 किलो नष्ट की गई। आगरा, अलीगढ़, गाज़ियाबाद, मुजफ्फरनगर में भी लाखों रुपये मूल्य की मिलावटी सामग्री नष्ट की गई।

इसके अलावा टोल प्लाजा और हाईवे पर भी अभियान की कार्रवाई में बड़ी जब्तियां शामिल हैं। साहिबाबाद टोल पर 750 किलो पनीर, हापुड़ टोल छिजारसी पर 1500 किलो पनीर, एनएच 34, जीटी रोड कानपुर से 4040 किलो खोया, बाराबंकी टोल से 910 कार्टन मिलावटी मिठाई, और कानपुर पनकी रोड से 2450 किलो खोया नष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने जनता से अपील की है कि यदि कहीं भी खाद्य पदार्थों में मिलावट, नकली उत्पादों का निर्माण या विक्रय अथवा संगठित रूप से मिलावट का कारोबार संचालित होने की जानकारी मिले, तो उसकी गोपनीय सूचना तुरंत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को दें। इसके लिए विभाग ने विशेष हेल्पलाइन और व्हाट्सएप नंबर जारी किए गए हैं।

# मेधावी छात्रा को साईकिल देकर पूर्व प्रधान ने किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोसाईगंज। सुशान्त गोल्फ सिटी के हसनपुर खेवली गांव के पूर्व प्रधान संतोष कुमारी पाल पत्नी दिनेश पाल द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय में प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा हर्षिका को साईकिल देकर सम्मानित किया। साईकिल पाकर छात्रा काफी खुश हुई। हसनपुर खेवली गांव में रहने वाले गया प्रसाद मजदूरी करते है व माता ग्रहणी है। बेटी हर्षिका पढ़ाई के दौरान कक्षा 8 में विद्यालय में टॉप करने पर खुशी का ठिकाना नही रहा। छात्रा की माता सावित्री देवी ने बताया कि बेटी को आगे की पढ़ाई के लिए कैसरबाग स्थित नारी शिक्षा निकेतन जाना पड़ता है जिससे काफी किराया व असुविधा का सामना करना पड़ता है। साईकिल मिलने से अब पैदल व किराया खर्च कर नही जाना पड़ेगा। सम्मान समारोह में पूर्व मास्टर बीड़ी सिंह , विनोद




बीडीसी,सतीश यादव , राकेश कुमार प्रधान,बद्री प्रसाद,मेवालाल आदि लोग उपस्थित रहे। इंचार्ज अध्यापिका कुंभी कनौजिया ने बताया कि विद्यालय में बीते 15 सालों से ग्राम प्रधान द्वारा विद्यालय में टॉप करने वाले छात्र छात्राओं को साईकिल देकर सम्मानित किया जाता रहा है। छात्रा ने बताया कि वह पढ़कर एसडीएम बनना चाहती है ।

# दीपावली पर जगमगाएंगे दिव्यांगजन के हुनर के दीये

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**दीपावली पर जगमगाएंगे दिव्यांगजन के हुनर के दीये**

**योगी सरकार लगाएगी सभी मंडलों में प्रदर्शनी, दिव्यांगजन के हुनर को मिलेगा मंच**

**दीपोत्सव पर दिखेगा हुनर और स्वदेशी का संगम, दिव्यांगजन के हाथों से बने उत्पादों को मिलेगा बाजार और सम्मान**

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के घर-घर में इस दीपावली न केवल मिट्टी के दीये जलेंगे, बल्कि दिव्यांगजन के हुनर और आत्मनिर्भरता की चमक भी समाज को रोशन करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के सभी मंडलों में 16-17 अक्टूबर को 'दिव्य दीपावली मेला-2025' का आयोजन होगा। इसमें दिव्यांगजन द्वारा निर्मित उत्पादों की भव्य प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी।

योगी सरकार की यह पहल न केवल 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' के मंत्र को साकार करने से साथ-साथ दिव्यांगजन को आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक सम्मान का नया मंच भी प्रदान करेगी। मिट्टी के दीपकों से लेकर कृत्रिम आभूषण और खाद्य सामग्री तक, इन प्रदर्शनियों में दिव्यांगजन का कौशल दीपोत्सव की रौनक को दोगुना करेगा। योगी सरकार दिव्यांगजनों के न केवल आर्थिक विकास पर ध्यान दे रही है, बल्कि सामाजिक समावेशिता को भी प्राथमिकता देती है। इस दीपावली, जब घर-घर दीये जलेंगे, तो दिव्यांगजन के हुनर की रोशनी पूरे प्रदेश को नई दिशा देगी।

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से आयोजित इस मेले में हस्तनिर्मित मिट्टी के दीपक, आकर्षक मोमबत्तियां, कृत्रिम आभूषण, हथकरघा उत्पाद, घरेलू



सजावटी सामान, पूजा सामग्री, आचार, मुरब्बा, मसाले और अन्य खाद्य सामग्री प्रदर्शित होंगी। ये उत्पाद विभिन्न दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्रों, स्वयं सहायता समूहों और एनजीओ के सहयोग से तैयार किए गए हैं।

प्रदेश सरकार ने सभी मंडल मुख्यालयों में प्रदर्शनियों के लिए उचित स्थान चिह्नित करने और व्यापक प्रचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही, दिव्यांगजन के उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से जोड़ा जाएगा, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच सकें। यह पहल 'वोकल फॉर लोकल' के साथ दीपोत्सव को स्वदेशी रंग देने का प्रयास है। गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, मेरठ जैसे मंडलों में मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बस्ती, अलीगढ़, वाराणसी, झांसी, प्रयागराज, बरेली आदि में भी मेले का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि अधिक से अधिक लोग इन प्रदर्शनियों में शामिल हों और स्वदेशी उत्पादों को अपनाएं। यह आयोजन दीपावली की रौनक को बढ़ाने के साथ-साथ समाज में संवेदनशीलता का संदेश देगा।

पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांगजन सशक्तीकरण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि योगी सरकार ने दिव्यांगजन को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। 'दिव्य दीपावली मेला-2025' न केवल उनके हुनर को मंच देगा, बल्कि समाज को यह संदेश देगा कि हर व्यक्ति अपनी प्रतिभा से समाज को रोशन कर सकता है।

## लखनऊ: कूड़े के ढेर में हाथ पैर बंधा युवक का शव बोरे में मिला

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र में बुधवार को एक युवक का शव बोरे में हाथ पैर बंधा हुआ मिला है। मृतक की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने अज्ञात में पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम भिजवाकर पहचान करने में जुट गई। शव की दशा को देखकर पुलिस हत्या से जोड़कर देख रही है। पारा थाना प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि विक्रम नगर पुल के नीचे कूड़े के ढेर में एक व्यक्ति का शव बोरे में पड़े होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने बोरे से शव को निकलवा कर और घटनास्थल की फॉरेंसिक जांच की। मृतक की उम्र 30 से 35 वर्ष लग रही है। रस्सी से उसके गले में हाथ पैर को बंधा गया है। शव की दशा को देखकर लग रहा है कि हत्या के बाद युवक के शव को बोरे में भरकर कूड़े के ढेर में फेंका गया है। हत्या कही और की गई है। एडीसीपी पश्चिम धनंजय कुशवाहा ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कूड़े के ढेर में एक युवक की लाश बोरे में मिली है। प्रथम दृष्टया हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है।

# सडिला में सप्तदिवसीय श्रीराम कथा का भव्य समापन

## श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर लिया आशीर्वाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । विकास खंड मछरेहटा के ग्राम पंचायत सडिला में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा का समापन आज बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। कथा के अंतिम दिवस पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।नैमिषधाम से पधारी सुप्रसिद्ध कथा व्यास कु. शिवानी शास्त्री जी ने सातों दिनों तक भक्तों को श्रीराम कथा का रसपान कराया। उन्होंने श्रीराम-जानकी विवाह प्रसंग पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि ङ्केवल भाँवरें डालना ही विवाह नहीं होता, बल्कि विचारों का मिलन ही सच्चा बंधन होता है।ङ्क कथा के दौरान उन्होंने संगीतमय भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।समापन अवसर पर अयोध्या में श्रीराम के राज्याभिषेक की झांकी निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु 'जय श्रीराम' के उद्घोष से गूंज उठे।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर भूतपूर्व बीडीसी राम प्रकाश मौर्य, सत्रोंहन मौर्य, कैलाश मौर्य, हीरालाल मौर्य, गुरुदत्त मौर्य, श्रीकांत दीक्षित, संदीप सिंह, प्रभात सिंह शेखावत, ओम प्रकाश शुक्ल, बीरू शुक्ल, मुकेश शुक्ला, देवेंद्र सिंह, राजन दीक्षित, गोलू दीक्षित, बबलू अवस्थी, सौरभ तिवारी, छत्रपाल यादव, लाला राम यादव, डेगपाल मौर्य, सुरेश मौर्य, रजनीकंात, बिनोद कनौजिया, बिनोद कश्यप, दीपक गौतम , सूरज अवस्थी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।कथा के सफल आयोजन और समापन पर क्षेत्रवासियों ने आयोजन समिति की सराहना की तथा भविष्य में भी ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा जताई।

## दीपावली के अवसर पर पत्रकार सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

लहरपुर, सीतापुर (कैनविज टाइम्सस संवाददाता)। लहरपुर में दीपावली के अवसर पर पत्रकार सम्मान समारोह का भव्य आयोजन आपको बताते चलें आज लहरपुर के एच एम एच डिग्री कॉलेज में एक भव्य पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया यह आयोजन दीपावली के पावन पर्व पर संवाद की भावना को मजबूत करने के सिद्धांत से किया गया लहरपुर तहसील क्षेत्र के आए हुए सभी पत्रकारों का सम्मान समारोह किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोजपुरी अभिनेता संग्राम सिंह पटेल की उपस्थिति में यह सफल कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया भोजपुरी अभिनेता संग्राम सिंह पटेल ने सभी पत्रकारों का अभिनंदन करते हुए कहा कि समाज में पत्रकारिता का योगदान अमूल्य है ।उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं। उनकी निष्पक्षता व निष्ठा लोकतंत्र की मजबूती की आधारशिला है इस अवसर पर लहरपुर तहसील के समस्त पत्रकार बंधु व दूर दराज से आए हुए पत्रकारों का विशेष तरीके से सम्मान समारोह किया गया पत्रकारों को अंग वस्त्र व डायरी देकर सम्मानित किया गया ।

# परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई, ओवरलोडिंग करने वाले 62 चालकों के लाइसेंस निलंबित

## सीतापुर के 33 लाइसेंस धारकों व अन्य जनपदों के 29 लाइसेंसो सहित कुल 62 लाइसेंस निलम्बित करने की कार्यवाही की गयी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । परिवहन विभाग, सीतापुर ने सड़क पर लापरवाही बरतने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही का शिकंजा कसा है। जनपद के प्रतर्वन अधिकारियों द्वारा छापामार पद्धति के अनुसार चेकिंग के दौरान मार्ग पर नियम विरूद्ध वाहनों का संचालन करने वाले लाईसेंस धारकों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी।

एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी कार्यवाही की जानकारी दते हुए बताया कि जनपद सीतापुर के 33 लाइसेंस धारकों व अन्य जनपदों के 29 लाइसेंसो सहित कुल 62 लाइसेंस निलम्बित करने की कार्यवाही की गयी है । निलम्बन अविध के उक्त वाहन चालक 90 दिनों तक वाहन का संचालन नही कर सकेगें। उन्होने बताया कि इन वाहन चालकों द्वारा निर्धारित क्षमता से अधिक (ओवरलोड) माल ढ़ोने एवं प्रत्येक अधिक टन के लिए 2000 रूपये प्रति टन की दर से संचालन करने के अभियोग में मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा-19 के अन्तर्गत पारित किये गये नियमों का उल्लघंन मानते हुए उनके ड्राइविंग लाइसेंस 03 माह के लिये निलम्बित कर दिये गये है। उन्होने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा गया कि वाहनों को ओवरलोड संचालन करने से वाहन का इंजन, ब्रेकिंग, सस्पेंशन अधिक लोड होने के कारण जल्दी खराब हो जाते है तथा ओवरलोड वाहनों से सड़कों और पुलों को भी नुक्सान होता है साथ ही पर्यावरण भी दूषित होता है। वाहन ओवरलोडिंग से वाहन पर नियन्त्रण कम हो जाता है, जिससे वाहन दुर्घटना ग्रस्त होने की सम्भवना अधिक हो जाती है। उन्होने बताया कि वाहन का संचालन ओवरलोड करने पर बीस हजार रूपये का जुर्माना और छः महीने तक की जेल हो सकती है साथ ही चालक का ड्राइविंग लाइसेंस 3 साल के लिये भी निलम्बित किया जा सकता है।

# कसमंडा में संरक्षित गौवंशों के नेवाले में चल रहा महाघोटाला, जिम्मेदार मौन

## सचिव द्वारा निजी फर्म पर गौशाला में संरक्षित गोवंशों के चारे भूसे का भुगतान किया जा रहा है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। विकासखंड कसमंडा की इकलौती ग्राम पंचायत बहिरी मऊ में सचिव अभय प्रताप दीपक द्वारा अपने बलबूते निजी फर्म पर गौशाला में संरक्षित गोवंशों के चारे भूसे का भुगतान किया जा रहा है ।

लगभग 350 से अधिक गोवंशों की संख्या बताई जाती है। परंतु भूसा भंडारण हेतु अभी तक कोई भी व्यवस्था नहीं की गई है । खुले आसमान में पन्नी के नीचे भूसे का भंडारण किया जाता है। हरे चारे के नाम पर दिखावे के लिए अंश मात्र सूखी चरी पड़ी रहती है। इतना ही नहीं कई खुले में महीनों पुराने पशु आहार के बंडल पड़े दिखाई पड़ रहे हैं। जो पूर्ण रूप से खराब हो चुके हैं। खोलने पर काफी दुर्गंध और कीड़े भी दिखाई पड़ते हैं। जिसको खाने के लिए पशु मजबूर होते हैं। सड़ा चारा खाकर पशु बीमार होकर अपनी जान गवा देते हैं। ऐसी बदहाल व्यवस्था पर जिम्मेदारों का मौन रहना भ्रष्टाचार साबित होता दिखाई पड़ रहा है । जबकि टेंडर प्रक्रिया के तहत विकासखंड कसमंडा की गौशालाओं मे भूसे चारे की व्यवस्था हेतु एक ही व्यक्ति का टेंडर हुआ है। जिसके द्वारा अन्य एक दर्जन गौशालाओं को निरंतर सप्लाई दी जा रही है। उक्त सचिव द्वारा पूरी अनियमितता के साथ पंचायत निधि का पैसा अपनी चहेती फर्मों पर लगाकर सरकारी धन का बंदर बांट किया जा रहा है। फिर भी जिम्मेदार जांच करने में लाचार दिखाई पड़ते हैं।

## एल्पिस ग्लोबल स्कूल में चतुर्दिवसीय कार्यक्रम का तृतीय दिवस उल्लासपूर्वक सम्पन्न



सीतापुर। बिसवां के एल्पिस ग्लोबल स्कूल में विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास हेतु दिनांक 13से 16 अक्टूबर 2025 तक चतुर्दिवसीय कार्यक्रम का तृतीय दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस शो में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के रोचक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये,छात्रों ने अपने अभिनय कौशल द्वारा सभ्य समाज को एक नई दिशा देने का संदेश दिया। इस भव्य कार्यक्रम का डायरेक्टर उमंग राजवंशी नें दीपप्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया, कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया वेलकम गीत ,निर्तयनाटिका, शिवतांडव, एवं विभिन्न विषयों पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देखकर प्रमुदित मन से शुभाशीष देते हुए उत्कृष्ट सफल प्रदर्शन हेतु विद्यार्थियों समेत समस्त शिक्षकों को बधाई दी।

# फ़िल्मफ़ेयर सम्मान के बाद सांसद रवि किशन शुक्ला का गोरखपुर में हुआ ऐतिहासिक स्वागत

## फ़िल्मफ़ेयर अवॉर्ड विजेता सांसद रवि किशन का गोरखपुर में हुआ भव्य स्वागत

## गुरु गोरखनाथ के चरणों में रवि किशन ने समर्पित किया फ़िल्मफ़ेयर सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। फ़िल्म 'लापता लेडीज़' में सर्वश्रेष्ठ सह अभिनेता के रूप में प्रतिष्ठित फ़िल्मफ़ेयर अवॉर्ड 2025 से सम्मानित होने के बाद गोरखपुर के लोकप्रिय सांसद रवि किशन शुक्ला का आज उनके गृह जनपद गोरखपुर आगमन पर भव्य और ऐतिहासिक स्वागत हुआ। एयरपोर्ट पर 100 से अधिक वाहनों के काफिले के साथ कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। एयरपोर्ट से लेकर गोरखनाथ मंदिर तक स्वागत का उत्सव पूरे मार्ग पर देखने को मिला।स्वागत स्थलः कूड़ाघाट चौराहा , मोहद्दीपुर चौराहा , पेट्रोल पंप , छात्रसंघ चौराहा ? गोलघर रोड , यातायात चौराहा , धर्मशाला , गोरखनाथ मंदिर सांसद रवि किशन शुक्ला ने गोरखपुर पहुंचने के बाद सर्वप्रथम महायोगी गुरु गोरखनाथ भगवान जी का दर्शन-पूजन किया और अपना पुरस्कार उनके चरणों में समर्पित किया।इस अवसर पर उन्होंने भावुक होते हुए कहा फ़िल्म.फ़ेयर पुरस्कार से सम्मानित होने के बाद गोरखपुर में प्रथम आगमन पर देवतुल्य कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा किए गए ऐतिहासिक स्वागत ने मेरा हृदय भावविभोर कर दिया। यह उपलब्धि केवल मेरी नहीं, बल्कि गोरखपुर की पावन धरती, आप सभी के विश्वास और वर्षों के सहयोग की जीत है। गुरु गोरक्षनाथ जी के चरणों में यह सम्मान समर्पित करते हुए मैं संकल्प लेता हूँ कि समर्पण और निष्ठा के साथ गोरखपुर और देश का गौरव बढ़ाता रहूँगा।ङ्कअंत में सांसद रवि किशन शुक्ला ने कहा आप सभी के स्नेह, समर्थन और आत्मीय स्वागत के लिए मैं हृदय से आभारी हूँ।

# लखीमपुर खीरी की 5.38 लाख महिलाओं को दिवाली का तोहफा, सीएम ने भेजी सब्सिडी

## उज्ज्वला योजना से रोशन हुई दिवाली, डीएम ने बांटे प्रतीकात्मक चेक

## मुख्यमंत्री के संबोधन की लाइव स्ट्रीमिंग, लाभार्थियों के चेहरों पर छलकी खुशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। महिलाओं की दिवाली रोशन करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत ?1,500 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी की सौगात दी। कलेक्ट्रेट में आयोजित भव्य समारोह में लखनऊ कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग हुई, जिसमें सीएम योगी आदित्यनाथ के उद्बोधन को देखा व सुना गया। कार्यक्रम का सफल संयोजन, संचालन डीएसओ अंजनी कुमार सिंह ने किया।जनपदीय कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह संग दीप प्रज्वलित कर किया। डीएम ने उज्जवला लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक का वितरण किया।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सभी लाभार्थियों को दीपावली के पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत जिले के पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी की धनराशि का तोहफा देकर महिलाओं की दिवाली रोशन करने का काम किया।*सिलेंडर को कराए रिफिल, खाते में पाए सब्सिडी : डीएसओ*डीएसओ अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि खीरी में 05 लाख 38 हजार 961 गरीब महिलाए उज्ज्वला योजना की लाभार्थी है। आधार प्रमाणित लाभार्थियों को निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डर रिफिल का वितरण किया गया। योजना के तहत सर्वप्रथम लाभार्थी अपने स्तर से प्रचलित उपभोक्ता दर के अनुसार भुगतान कर 14.2 किलो का सिलेंडर रिफिल प्राप्त करेगा, जिसके बाद सब्सिडी उसके आधार प्रमाणित खाते में ऑयल कम्पनियों द्वारा अंतरित की जाएगी। इस अवसर पर सेल्स ऑफिसर इंडियन ऑयल के साथ में लखीमपुर के वितरक रानी सती इंडियन गैस सर्विस, निशांत इंडियन गैस सर्विस, खीरी राइस मिल एचपी गैस, भगवान भारत गैस के प्रोपराइटर मौजूद रहे।

# डीएम ने अपनी देखरेख में कराई क्रॉप कटिंग किसानों से सीधा संवाद कर जानी समस्याएं

## रंगीलानगर के किसान राममूर्ति के खेत में डीएम की निगरानी में हुई धान की वैज्ञानिक कटाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें सरकार की योजनाओं का पूर्ण लाभ दिलाने की दिशा में लखीमपुर खीरी प्रशासन लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे के साथ तहसील व विकासखंड लखीमपुर की ग्राम पंचायत रंगीलानगर का दौरा किया और पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत एक खेत में स्वयं की देखरेख में क्रॉप कटिंग कराई। यह निरीक्षण न केवल किसानों को योजना का वास्तविक लाभ देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था, बल्कि इससे प्रशासन की पारदर्शिता और तकनीकी सटीकता को भी बल मिला।इस अवसर पर डीएम ने किसान राममूर्ति पुत्र छेदीलाल के खेत में पहुंचकर न केवल वैज्ञानिक पद्धति से धान की फसल कटवाई, बल्कि कृषक से सीधी बातचीत कर खेतीबाड़ी से जुड़ी जमीनी समस्याओं को भी समझा। धान की उत्पादकता का आंकलन करने के उद्देश्य से डीएम ने खेत में 43.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का 10-10-10 मीटर का समबाहु त्रिभुज प्लॉट चिन्हित कराया। इसके पश्चात सीसीई एग्री एप के माध्यम से क्रॉप कटिंग की प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। कटाई के उपरांत उपज का वजन कर, आवश्यक आंकड़े संकलित किए गए, ताकि किसानों को वास्तविक उपज के अनुसार मुआवजा दिलाया जा सके। इसमें 11.770 किलोग्राम फसल प्राप्त हुई।किसानों से बातचीत के दौरान डीएम ने पराली जलाने के दुष्परिणाम भी समझाए और अपील की कि किसान पराली न जलाएं, बल्कि उसे खेतों में मिट्टी सुधार के लिए उपयोग करें। इस दौरान अपर सांख्यिकी अधिकारी लखनऊ मंडल हर्षित मिश्रा, प्रभारी तहसीलदार सुनील कुमार, बीमा कंपनी के जिला समन्वयक आशीष अवस्थी ने पूरे क्रॉप कटिंग अभ्यास की बारीकी से निगरानी की और जरूरी तकनीकी सहयोग प्रदान किया।

## महराजगंज ब्लॉक में आरएसएम के ब्लॉक अध्यक्ष बने मधुकर सिंह राकेश गौतम बने महामंत्री

रायबरेली। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की महाराजगंज ब्लॉक ईकाई का निर्वाचन मंगलवार की देरशाम को संपन्न हुआ। ब्लॉक सभागार में संपन्न हुए चुनाव में ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर मधुकर सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए। वहीं, ब्लॉक संरक्षक सुनीता चौधरी व महिला ब्लॉक अध्यक्ष पद पर विमला यादव को मनोनीत किया गया। ब्लॉक कार्यकारिणी का चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पर्यवेक्षक के रूप में जिला उपाध्यक्ष जय विजय शंकर, जिला मंत्री शशि देवी, प्रतिमा सिंह मौजूद रहीं। महराजगंज ब्लॉक की कार्यकारिणी में मुख्य संवर्ग में ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर मधुकर सिंह को निर्विरोध घोषित किया गया है। महामंत्री राकेश गौतम, कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सिंह, संगठन मंत्री आलोक द्विवेदी, कोषाध्यक्ष देशबंधु चौरसिया, संयुक्त महामंत्री फूलचंद्र यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज सिंह, मीडिया प्रभारी विनोद कनौजिया, ऑडीटर पुनीत सिंह को सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष सरोज कुमार, मिथलेश कुमार, राम लखन, मोहित कुमार, श्रीकांत यादव, राम प्रताप सिंह,, सह संगठन मंत्री स्वयंबर सिंह, सह मीडिया प्रभारी बजरंग नारायण, अजय कुमार पटेल, संयुक्त मंत्री पीरू लाल, शैलेंद्र प्रताप सिंह, नंद कुमार, शायकुल निशां, राम प्रकाश, ब्लॉक मंत्री विवेक कुमार सिंह, सुशील मिश्रा, शिव प्रताप सिंह, छोटेलाल गौतम, मनीष मौर्य, शिल्पी गुप्ता, प्रचार मंत्री सुभाष सिंह, मीनाक्षी पाण्डेय, राम लखन, डॉ0 संदीप सोनकर, अनुराग सिंह , अरविन्द यादव को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ महिला संवर्ग ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर विमला यादव का मनोनयन किया गया है। इसके अलावा महामंत्री नीलिमा श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष कविता गौतम, संयुक्त महामंत्री शिल्पी गुप्ता, प्रचार मंत्री मीनाक्षी पाण्डेय, गीता श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री शायकुल निशाँ, राधारानी का मनोनयन किया गया है। जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कहा कि महिला संवर्ग की बड़ी जिम्मेदारी बनती है कि आप लोग अपनी और महिलाओं को आरएसएम के साथ जोड़कर यहां की शाखा मजबूत करें।

## दीपावली के त्यौहार पर प्रधानमंत्री उज्जवला 2,76, 898 पात्रों को प्रदान की सब्सिडी



रायबरेली । दीपावली के त्यौहार के अवसर पर प्रदेशवासियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत उप्र के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण माननीय मुख्यमंत्री, उप्र योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लोक भवन सभागार लखनऊ से किया गया। जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी सहित संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों व उज्ज्वला योजना के पात्र लाभार्थियों द्वारा देखा गया। तत्पश्चात जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता द्वारा 10 पात्र परिवारों को निःशुल्क एल0पी0जी0 गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी 559.58 रु0 का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया गया। जनपद में कुल 2,76,898 पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत सब्सिडी प्रदान की गई। उपरोक्त सब्सिडी से महिलाओं को धुएं से आजादी, स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव तथा पर्यावरण सुधार जैसे सार्थक लाभ प्राप्त हुये। योजनान्तर्गत दीपावली व होली पर निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सुविधा पात्र लाभार्थियों को प्रदान की गयी, जिसमें प्रथम चरण (अक्टूबर से दिसम्बर 2025) दीपावली पर आधार प्रमाणित पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी अंतरित की गयी तथा द्वितीय चरण (जनवरी से मार्च 2026) होली पर आधार प्रमाणित पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी अंतरित किया जा रहा है। पात्र परिवारों को प्रति रिफिल केन्द्र सरकार द्वारा 335.40 रु0 तथा राज्य सरकार द्वारा 559.58 रू0 की सब्सिडी प्रधानमंत्री उज्जवला योजनान्तर्गत अनुमन्य है। योजना की पारदर्शिता बनाए रखने हेतु सिलेंडर रिफिल पर मिलने वाली सब्सिडी का आधार प्रमाणित बैंक खाते मे वितरण किया गया है।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उप शाखा सिंचाई विभाग जनपद गोरखपुर का हुआ गठन

## रूपेश अध्यक्ष ओंकारनाथ राय ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर कुमार श्रीवास्तव , मंत्री आलोक कुमार सिंह ,उपाध्यक्ष शंभू एवं उपाध्यक्ष इकरार मुल्ला निर्विरोध निर्वाचित हुए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के उपशाखा सिंचाई विभाग जनपद गोरखपुर का नलकूप प्रांगण सिंचाई विभाग में गठन हुआ द्य सभी पदाधिकारी निर्विरोध रूप से चुने गए जिसकी अध्यक्षता राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने किया तथा संचालन मंत्री मदन मुरारी शुक्ला ने किया अध्यक्ष- ओमकार नाथ राय , वरिष्ठ उपाध्यक्ष -सुधीर कुमार श्रीवास्तव ,मंत्री -आलोक कुमार सिंह ,उपाध्यक्ष- शंभू नाथ एवंउपाध्यक्ष -इकरार मुल्ला निर्विरोध चुने गए।अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने निर्विरोध नवनिर्वाचित पदाधिकारीयो का शपथ ग्रहण कराया द्य सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि कर्मचारी हितों के लिए परिषद की आवाज बुलंद करने में हम सभी के लिए जो भी निर्देश होगा उसका तन मन धन से पालन करते हुए हर लड़ाई को मजबूत किया जाएगा।

अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव मदन मुरारी शुक्ला पंडित श्याम नारायण शुक्ल , अनूप कुमार श्रीवास्तव सौरभ श्रीवास्तव और इजहार अली ने संयुक्त रूप से कहा कि उत्तर प्रदेश के तेजस्वी मुख्यमंत्री जी से एक स्वर में मांग किया कि वेतन विसंगति , निलंबित भत्ते , 3% डीए को पूरा करें तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय कर्मचारी कैशलेश योजना के अंतर्गत अस्पतालों को दिशा निर्देश जारी करें कि कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था की जाए और माननीय प्रधानमंत्री जी भारत सरकार से अनुरोध किया कि पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करायें क्योंकि जब भारत गुलाम था तो पुरानी पेंशन की व्यवस्था रही जब भारत आजाद हुआ तो पुरानी पेंशन व्यवस्था समाप्त कर दी गई कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार न करें क्योंकि पुरानी पेंशन से ही बुढ़ापा कटेगा।

# सीने में गोली लगने के बाद 15 किमी दूर नौरंगाबाद कैसे पहुंचा अन्नू?

## घायल पर हैं तीन हत्या और एक हत्या के प्रयास के मुकदमे

## अंदेशा...सतर्क न होता तो मारा जा सकता था हर्षित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

धौरहरा, लखीमपुर। रविवार की देर शाम धौरहरा के करौहां गांव में गोली कांड से घायल को अस्पताल भेजने के बाद पुलिस ने एक आरोपित हर्षित तिवारी को सोमवार को जेल भेज दिया। घायल युवक अन्नू तिवारी की मां उमादेवी की तहरीर पर पुलिस ने करौहां के ही हर्षित तिवारी और राजेश तिवारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। अन्नू तिवारी के विरुद्ध पहले से तीन हत्या और एक हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज है। वह करीब एक महीना पहले ही जेल से पैरोल पर छूट कर आया था। अब उसका लखनऊ मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक फरवरी 2022 में अन्नू तिवारी ने राजेश तिवारी के पिता त्रिभुवन दत्त तिवारी की लाठियों से पीट कर हत्या की थी। उसी समय से राजेश आदि और अन्नू की रंजिश चली आ रही है। इस मामले में जेल जाने के बाद अन्नू दो बार जेल से भागा था और भागने के बाद उसने ग्राम पंडितपुरवा मजरा मिर्ज़ापुरवा निवासी रफीक और आनंद मोहन की मामूली विवाद में हत्या कर दी थी। इसी दौरान उसने एक और हत्या की कोशिश की थी जिसका भी मुकदमा दर्ज है।

### रविवार को छीना छपटी में हुआ था फायर

ग्रामीण सूत्रों के अनुसार करौहां गांव में रविवार की शाम अपने खेत पर मौजूद हर्षित तिवारी पर अन्नू ने पीछे से फायर करने का प्रयास किया था। ठीक समय पर आहट पाकर हर्षित पलट गया और अन्नू से तमंचा छीनने की कोशिश की। इसमें दोनों गुत्थमगुत्था हो गए और इसी छीना छपटी में फायर हो गया। गोली अन्नू के सीने को चीरती हुई निकल गई और इसके बाद दोनों मौके से भाग खड़े हुए। हिम्मत और सेहत से बेहद मजबूत अन्नू किसी तरह रामलोक के गांव नौरंगाबाद पहुंचा जहां पुलिस के पहुंचने पर उसने राजेश तिवारी और उसके भतीजे हर्षित तिवारी पर गोली मारने का आरोप मढ़ा। दूसरी तरफ देर रात हर्षित ने खुद को कोतवाली में सरेंडर कर दिया।

### घटनाक्रम के तार जोड़ने में उलझी पुलिस

सीओ शमशेर बहादुर सिंह बताते हैं कि गोली लगने से घायल युवक बेहद मजबूत और शातिर है। उसके बयान भी विरोधाभासी मिले हैं। गोली लगने के बाद घटना स्थल से 15 किलोमीटर नौरंगाबाद तक वह कैसे और क्यों पहुंचा यह जांच का विषय है। गांव, परिवार या पुलिस के पास जाने की बजाय उसका इतनी दूर रिश्तेदार के घर जाना संशय पैदा कर रहा है। सीओ ने कहा कि घटना की हर पहलू से छानबीन की जा रही है।

# डीएम, एसएसपी ने देखी शहर की सुरक्षा व्यवस्था, दिए दिशा–निर्देश

**डीएएम और एसपी ने शहर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के दिये निर्देश**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। जिलाधिकारी बदायूँ अवनीश राय तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,बदायूँ डॉ. बृजेश कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रुप से आगामी त्यौहार दीपावली/धनतेरस के दृष्टिगत शहर क्षेत्र के मुख्य बाजारों/सर्राफा बाजार एवं भीड़-भाड़ वाले व्यस्तम स्थानों पर पैदल गश्त की गयी व व्यापारीगण, स्थानीय लोगों से सुरक्षा के दृष्टिगत संवाद कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

आपको बता दें कि जिलाधिकारी बदायूँ अवनीश राय तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बदायूँ डॉ. बृजेश कुमार सिंह द्वारा एडीएम अरुण कुमार तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर विजयेन्द्र द्विवेदी व एसडीएम सदर मोहित कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर रजनीश कुमार उपाध्याय एवं प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन्स मनोज कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली प्रवीण कुमार तथा प्रभारी निरीक्षक महिला थाना ज्योति सिंह मय पुलिस बल के साथ आगामी त्यौहार दीपावली/धनतेरस के दृष्टिगत शहर क्षेत्रान्तर्गत अपराध नियंत्रण,कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से नगर के व्यस्तम भीड़-भाड़ वाले प्रमुख स्थानो एवं मुख्य चौराहों लावैला चौक, छः सड़का,सर्राफा बाजार, मुख्य बाजार , हलवाई चौक ,आदि मुख्य जगहों पर पैदल गस्त की गयी तथा व्यापारीगण/स्थानीय लोगों से सुरक्षा के दृष्टिगत संवाद कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। दीपावली/धनतेरस के दृष्टिगत सभी पुलिस अधिकारियो को संयुक्त रुप से लगातार शहर में प्रत्येक दिन फुट पेट्रोलिग करने एवं पुलिस की सक्रियता बनाये रखने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया । शहर में त्यौहारो के दौरान कहीं भी जाम की स्थिति न होने पाये इसके लिए प्रत्येक चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस बल की ड्यूटी के साथ ही थाना पुलिस को भी तैनात रखने हेतु निर्देश दिये गये । त्यौहारो के मद्देनजर आमजनता की रात्रि में भी आवाजाही रहती है जिस कारण कोई घटना घटित न हो इसके लिए रात्रि डयूटियो एवं पुलिस मोबाइलो द्वारा विशेष सतर्कतापूर्वक लगातार भ्रमणशील रहते हुए गस्त करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो एवं कर्मचारियो को निर्देशित किया गया । जिससे आगामी त्यौहारों को सकुशल, हर्षोल्लास और निर्बाध रूप से मनाया जा सके।

### डीएम,एसएसपी ने किया पटाखा विक्रय स्थल व गोदामों का स्थलीय निरीक्षण

बदायूं। दीपावली पर्व नजदीक आने के मद्देनज़र जनपद में आतिशबाज़ी व पटाखों की बिक्री से संबंधित सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अवनीश राय, एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बुधवार को अधिकारियों के साथ दातागंज रोड स्थित एचपी ग्राउंड पहुंचकर पटाखा विक्रय हेतु प्रस्तावित स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा मानकों, अग्निशमन की व्यवस्थाओं तथा दुकानों की निर्धारित दूरी आदि का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने पटाखों के गोदामों का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पटाखा बाजार में सुरक्षा के सभी मानक अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किए जाएं। प्रत्येक अस्थायी दुकान के बीच उचित दूरी रखी जाए ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि सभी विक्रेताओं को वैध अस्थाई अनुमति के साथ बिक्री करनी होगी। बिना अनुमति के पटाखे बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि पटाखा बाजार के दौरान निगरानी व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ फायर ब्रिगेड की उपलब्धता हर समय बनी रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एचपी ग्राउंड में दुकानों की संभावित पंक्तियों का चिन्हांकन करने, निकास मार्ग खुला रखने तथा अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दीपावली उत्सव जनमानस की खुशियों का पर्व है, अतः सुरक्षा के प्रति लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सनातन का प्रचार करेंगी रामचरितमानस समिति

**अनूपशहर।** श्री रामचरित मानस प्रचार समिति द्वारा गंगा मैया का पूजन, दुग्धार्पणम कर सनातन धर्म का प्रचार प्रसार का आयोजन किया जाएगा।श्री रामचरित मानस प्रचार समिति के पदाधिकारियों ने मासिक बैठक केदार शाह स्थित श्री हनुमान मंदिर में आयोजित की। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश के वन एवं सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक गौरव वार्ष्णेय ने श्री रामचरित मानस प्रचार समिति द्वारा चलाई जा रही साप्ताहिक रामायण, विविध आध्यात्मिक एवं सामाजिक प्रकल्प जैसे पुनीत कार्यों से प्रभावित होकर भूरि भूरि प्रशंसा की। समिति के अध्यक्ष सौरभ गोड ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 26 अक्टूबर को समिति द्वारा दुग्धार्पणम यात्रा श्री हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार होते हुए परशुराम घाट पर पहुंचकर गंगा मैया को दुग्ध अर्पण कर खीर के प्रसाद का वितरण कर सनातन धर्म का प्रचार प्रसार किया जाएगा। बैठक में राजेंद्र गौड़, सतीश चंद शर्मा, डा. मुकेश गुप्ता, श्रीकृष्ण अग्रवाल, हेमंत शर्मा आदि मौजूद रहे।

## जेपी विद्या मंदिर में संपन्न हुई साइकिल मैराथन दौड़

**अनूपशहर।** जेपी विद्या मंदिर में इंटर हाउस मिनी मैराथन साइकिल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सतलुज हाउस ओवरऑल विजेता बना।जेपी विद्या मंदिर में इंटर हाउस मिनी मैराथन साइकिल प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस प्रतियोगिता को तीन श्रेणियों में विभाजित किया। कक्षा 3–5, कक्षा 6–8, कक्षा 9–12 वर्ग में वितरित कर प्रत्येक श्रेणी में विद्यालय के सभी हाउस सतलुज, यमुना, गंगा और कावेरी से दो–दो छात्रों ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या नीना चतुर्वेदी द्वारा की गई। जिन्होंने हरी झंडी दिखाकर साइकिल मैराथन की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने छात्रों को प्रतियोगिता में पूरे जोश और खेल भावना से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।प्रतियोगिता के अंत में सतलुज हाउस ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर ओवरऑल विजेता का खिताब अपने नाम किया। यमुना हाउस को द्वितीय स्थान मिला, जबकि गंगा हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।प्रतिभागी छात्रों को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, आत्मविश्वास और शारीरिक स्फूर्ति को बढ़ावा देती हैं।विद्यालय प्रबंधन ने इस सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकगण, खेल विभाग और छात्र–छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

## बैंक में रोजगार पाने के दिए टिप्स

**अनूपशहर।** डीपीबीएस कालेज मे बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार के अवसर विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।बुधवार को डीपीबीएस के वाणिज्य विभाग और भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी मे मुख्य अतिथि पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक आकाश गोयल ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में क्लर्क, प्रोबेशनरी ऑफिसर और स्पेशलिस्ट ऑफिसर जैसे पारंपरिक पदों के साथ–साथ, डिजिटल और फिनटेक के विकास के कारण उत्पाद प्रबंधक, डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञ और एआई, एम एल विश्लेषक जैसे नए अवसरों के लिए भी रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। विद्यार्थी मेहनत और लगन से बैंक मे नौकरी पा सकता है। विशिष्ट अतिथि एचडीएफसी प्रबंधक मोहित शर्मा ने कहा कि अधिकांश पदों के लिए कम से कम स्नातक की डिग्री और बुनियादी कंप्यूटर ज्ञान आवश्यक है। प्राचार्य प्रो. जी के सिंह विद्यार्थियों से बैंकिंग सेवाओं में करियर बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रो. प्रदीप त्यागी, प्रो. चंद्रावती, तरुण श्रीवास्तव, डा. भुवनेश कुमार, डा.राजीव गोयल, डा. विशाल शर्मा, किश्वर कुमारी आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया पूर्व राष्ट्रपति का जन्मदिन

**अनूपशहर।** डीपीबीएस कालेज में पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया। प्राचार्य प्रो. जी के सिंह ने कहा कि एपीजे अब्दुल कलाम एक महान वैज्ञानिक के साथ राजनीतिज्ञ थे। जिन्होंने देश की सुरक्षा के लिए मिसाइल और परमाणु जैसे घातक हथियार विकसित किए। जिससे उन्हें ''मिसाइल मैन'' के नाम से जाना जाता है। डा. तरुण श्रीवास्तव ने कहा कि डा.कलाम कहते रहे कि सपने वो नहीं जो हम सोते हुए देखते हैं, बल्कि वो हैं जो हमें सोने नहीं देते। डा. विशाल शर्मा ने कहा कि एक अच्छी किताब 100 अच्छे दोस्तों के बराबर है, लेकिन एक अच्छा दोस्त एक पुस्तकालय के बराबर है। इस मौके पर डा मोहिनी गुप्ता व स्काउट गाइड मौजूद रहे उपस्थित रहे।

## पेट्रोल पंप के पास झाड़ियों में मिला नवजात

**बदायूं।** बिसौली नगर में दबतोरी रोड पर पेट्रोल पंप के पास मंगलवार को झाड़ियों से नवजात के रोने की आवाज पर लोगों की भीड़ लग गई। यह नवजात लड़का है। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर कोतवाल हरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने नवजात को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही बाल कल्याण समिति को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद समिति के सदस्य बिसौली पहुंच गए। नवजात को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। गोद लेने वालों की भीड़ लगी हुई है।

## बीएएमएस डॉक्टरों ने सदर विधायक को दिया ज्ञापन

**बदायूं।** धन्वंतरी डॉक्टर्स एसोसिएशन की बैठक एक मॉल में आयोजित की गई। बैठक में डॉक्टरों की समस्याओं पर चर्चा की गई और कई अहम मुद्दों को उठाया गया। साथ ही एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि सदर विधायक और एसोसिएशन के संरक्षक महेश चंद गुप्ता को ज्ञापन सौंपा।धन्वंतरी डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. संजीव गुप्ता ने कहा कि बीएएमएस डॉक्टरों का रजिस्ट्रेशन फिलहाल जनपद स्तर पर केवल एक वर्ष के लिए किया जाता है, जबकि शासनादेश के अनुसार इसे पांच वर्ष का होना चाहिए। इस पर विधायक ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। साथ ही विधायक से अनुरोध किया गया कि एसोसिएशन को नगर क्षेत्र में 100 गज भूमि निशुल्क आवंटित की जाए, ताकि स्थायी गतिविधियां संचालित हो सकें। बैठक का संचालन नगर अध्यक्ष डा. नरेंद्र कश्यप ने किया। अंत में डा. गोपाल वैश्य और डा. वैभव गुप्ता ने बैठक समाप्ति की घोषणा की और सभी उपस्थित डॉक्टरों का धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. अरविंद सक्सेना, डॉ. प्रमोद गुप्ता, डॉ. कौशल गुप्ता, डॉ. डीके सिंह, डॉ. आशीष शर्मा, डॉ. अंकुर गुप्ता, डॉ. विकास पाल, डॉ. अक्षय सक्सेना सहित कई गणमान्य चिकित्सक मौजूद रहे।

## कफ़ सीरप के नमूने लेकर जांच हेतु भेजे लैब

**बदायूँ।** जनपद–आगरा में पायी गयी नकली दवाओं एवं कफ सीरप जिससे बच्चों की मृत्यु हुई, के प्रकरण में औषधि निरीक्षक लवकुश प्रसाद द्वारा मंगलवार को जिले के मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की कार्यवाही की गई। साथ ही उपरोक्त मेडिकल स्टोरों के क्रय–विक्रय बीजकों की गहन जांच की गयी। उक्त नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्ति उपरान्त विधिक कार्यवाही की जायेगी।औषधि निरीक्षक लवकुश प्रसाद ने बताया कि मंगलवार को मेसर्स राजीव कुमार रजत कुमार, सीएचसी के सामने, स्टेशन रोड मोहल्ला श्री नारायनगंज उझानी, थाना कोतवाली जनपद–बदायूँ उ0प्र0 से 02 नमूनें (01 कफ–सीरप) एवं मेसर्स पूजा मेडिकल स्टोर, रेलवे रोड, उझानी, थाना–कोतवाली उझानी, जनपद–बदायूँ से 03 नमूना (02 कफ–सीरप) संदेह के आधार पर गहन निरीक्षण उपरान्त संग्रहीत कर राजकीय प्रयोगशाला को भेजा गया।

## हज–2026 में हज यात्रियों की सुविधा के लिये सऊदी अरब में राज्य हज इंस्पेक्टर के लिये होगें आनलाइन आवेदन

**15 अक्टूबर, 2025 से 03 नवम्बर, 2025 तक किये जायेंगे आनलाइन आवेदन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। उ0प्र0 राज्य हज समिति द्वारा हज कमेटी ऑफ इण्डिया के सकुर्लर-13 दिनांक 13 अक्टूबर, 2025 जारी किया है, जोकि हज यात्रियों की सुविधा हेतु सऊदी अरब में राज्य हज इंस्पेक्टर के ऑनलाइन आवेदन के सम्बन्ध में आवश्यक अर्हताऐं/निर्देश जारी करते हुए अवगत कराया गया है कि ऑनलाइन आवेदन हज कमेटी आफ इण्डिया की वेबसाइट द्धण्ण्ध्पः// द्धथद्भद्रदधद्वद्बद्धण्द्गद्ग.द्दधफ.द्बद्ध पर किया जायेगा व निर्धारित प्रपत्र अपलोड किये जाएंगे कोई भी ऑफलाइन आवेदन मान्य नहीं होगा। ऑनलाइन आवेदन 15 अक्टूबर 2025 से आरम्भ होकर अन्तिम तिथि 03 नवम्बर, 2025 है। ऐसे मुस्लिम पुरुष/महिलाऐं जोकि स्थायी सरकारी कर्मचारी हो तथा जिनकी आयु आवेदन आरम्भ होने की तिथि 15.10.2025 को 50 वर्ष से कम हो हज इंस्पेक्टर के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक 150 हज यात्रियों पर 01 राज्य हज इंस्पेक्टर का चयन किया जायेगा। हज इंस्पेक्टर के आवेदन हेतु मशीन पठित पासपोर्ट की वैद्यता 31 दिसम्बर, 2026 तक होना आवश्यक है। खादिमुल हुज्जाज/स्टेट हज इंस्पेक्टर के रुप में तीन बार से अधिक सेवा प्रदान न की हो। आवेदक के पास किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक डिग्री होना आवश्यक है। आवेदक केन्द्र/राज्य सरकार, सरकार के स्थायी कार्मिक/पैरा मिलिट्री फोर्से/पब्लिक सेक्टर अण्डटरेकिंग/ संवैधानिक संस्था का होना आवश्यक है। केन्द्र व राज्य सरकार में क्लास-ए या समकक्ष अधिकारी आवदेन नहीं कर सकेंगे। आवदेकों को अग्रेंजी, उर्दू, हिन्दी व स्थानीय भाषा से भिज्ञ होने के साथ-साथ अरबी भाषा के जानकार को वरीयता दी जायेगी। कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा दिनांक 16 नवम्बर, 2025 एवं साक्षात्कार नवम्बर माह के चैथे सप्ताह में होगा तथा दो दिवसीय प्रशिक्षण दिसम्बर 2025 के द्वितीय सप्ताह के मुम्बई में होगा। राज्य हज इंस्पेक्टर की प्रतिनियुक्ति अवधि दिनांक 13.04.2026 से दिनांक 05.07.2026 के बीच लगभग 02 माह की होगी। इसे ड्यूटी माना जायेगा और मूल विभागों के सेवा अभिलेखों में आवश्यक प्रविष्ट्यिॉ की जायेंगी। इस अवधि के दौरान राज्य हज इंस्पेक्टर अपने मूल विभागों से वेतन और भत्ते प्राप्त करते रहेंगे। आवेदक को हज के अराकान का समुचित ज्ञान होना आवश्यक है तथा बड़ी सभाओं को प्रभावी ढंग से सम्बोधित करने और मार्ग-दर्शन करने की क्षमता होनी चाहिए। ऐसे आवदेक जिनके प्रति गत वर्षों में कॉसल जनरल ऑफ इण्डिया से प्रतिकूल रिपोर्ट प्राप्त हुई होगी उनके चयन पर रोक रहेगी। 25 प्रतिशत सीट उन आवेदकों के लिए आरक्षित रहेंगी।

## मातृ शक्ति का सम्मान, उज्ज्वला से प्रकाशमान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई। दीपावली के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत 1500 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लोकभवन लखनऊ से किया गया जिसका सजीव प्रसारण कलक्ट्रेट सभागार में मुख्य अतिथि मा. माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी एवं जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं विशिष्ट अतिथि मा. जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव एवं पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू तथा नगर पालिका बहजोई के अध्यक्ष राजेश शंकर राजू एवं जिला पंचायत सदस्य अवधेश प्रताप सिंह खाद्य विभाग के अधिकारी गण तथा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों के द्वारा देखा एवं सुना गया। कलक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों के किये गये गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी वितरण कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को एक पुष्प एवं एक पुस्तक तथा तुलसी का पौधा देकर स्वागत एवं सम्मान किया। मुख्य अतिथि मा. माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी जी ने अपने संबोधन में कहा कि आज बड़े ही प्रसन्नता का विषय है कि आज मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा 1.86 करोड़ परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी की सौगात दी गयी है। महिलाओं को इससे राहत मिलेगी। मा. मंत्री जी ने कहा कि शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय, पेंशन, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड एवं अन्य योजनाओं की व्यवस्था दी जा रही है तथा सभी को समान समझकर कार्य किया जा रहा है। कलक्ट्रेट सभागार में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रतीकात्मक रूप से 10 लाभार्थियों को सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक वितरित किया।

## ब्लूमिंगडेल स्कूल में ब्लूम्स शो–2025' का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। ब्लूमिंगडेल स्कूल की शाखा 'ब्लूम्स' में प्री-प्राइमरी तक के छोटे-छोटे बच्चों हेतु 'ब्लूम्स शो-2025' का आयोजन किया गया, जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भागीदारी की। इस शो (कार्यक्रम) का शुभारम्भ मुख्यातिथि राहुल आर्या के कर-कमलों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया, तत्पश्चात बच्चों ने अत्यंत ही मनमोहक ढंग से कार्यक्रम का प्रस्तुतिकरण किया। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'बुराई पर अच्छाई जीत' रहा जिसमें बच्चों ने नृत्य, लघुनाटिका, फैन्सी डेझस आदि के माध्यम से अपने भाव अभिव्यक्त किए। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्तमान समय के अनके ज्वलंत समस्याओं जैसे 'मोबाइल के आदि होते बच्चें' , 'स्वच्छता की कमी', 'दिव्यांग बच्चों की असमर्थता', 'गरीब व भूखे बच्चों का भोजन के लिए संघर्ष', 'फास्ट फूड के प्रति बढ़ता रूझान' आदि प्रमुख रहे। बच्चों के कार्यक्रम प्रस्तुतिकरण ने सभी को सम्मोहित कर दिया। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूँजता रहा। इस मौके पर स्कूल अध्यक्षा पम्मी मेंहदीरत्ता ने सभी छोटे-छोटे प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें अपने आशीर्वचन दिए एवं उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से बच्चों की रुचि व प्रतिभा का बालपन से ही पता चलता है एवं उन्हें भी सबके सम्मुख अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका मिलता है। ऐसे कार्यक्रम ही बच्चों में सामाजिकता, एकता, सद्भाव व सामूहिक भाव का विकास करने में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होनें यह भी बताया कि दिन प्रतिदिन अपने स्वास्थ्य व पढ़ाई से विमुख होते बच्चों को आज सबसे अधिक उनके आसपास के वातावरण एवं अच्छी आदतों के विकास की अत्यंत आवश्यकता है।

## नवजात शिशु की मृत्यु के लिए डॉक्टर दोषी, लगाया 5 लाख का जुर्माना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**आयोग के आदेश पर इंश्योरेंस कंपनी को भी तलब किया गया आयोग ने सभी पक्षों को सुना और सुनकर अपना निर्णय आयुष कुमार वार्ष्णेय के पक्ष दिया**

संभल। बहजोई निवासी आयुष वार्ष्णेय की पत्नी प्रथम बार मां बनने वाली थी जिसके लिए उन्होंने चंदौसी स्थित डॉक्टर स्मिता बंसल को दिखाकर मंथली चेकअप कराए आठवे माह में उनके प्रवस पीड़ा हुई तो उनका अल्ट्रासाउंड किया गया तो बच्चे की स्थिति नॉर्मल थी डॉक्टर द्वारा उनका ऑपरेशन किया गया जिन्होंने एक पुत्री को जन्म दिया और कुछ समय बाद उसकी मृत्यु हो गई।

इस संबंध में आयुष कुमार वार्ष्णेय ने अपनी शिकायत डॉक्टर स्मिता बंसल से दर्ज की और कहां की मंथली चेकअप किए जाने के बावजूद तथा आपके द्वारा कराए गए अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में भी बच्चे की धड़कन नॉर्मल थी तो बच्चे की मृत्यु कैसे हो गई जिस पर डाक्टर द्वारा उनकी कोई बात नहीं सुनी तो उन्होंने इसकी शिकायत मुख्य चिकित्सकारी जनपद संभल से की जहां उन्होंने जांच की और जांच में डॉक्टर के द्वारा किए गए ऑपरेशन पर अपना संदेह व्यक्त किया तथा यह भी कहा कि बच्चे की मृत्यु का प्रमाण पत्र जारी न करना भी अस्पताल ब डॉक्टर की कमी है उक्त बातों को लेकर आयुष्मान मदर चाइल्ड केयर हॉस्पिटल चंदौसी के डॉक्टर स्मिता बंसल से बात की तो उन्होंने उसकी किसी भी बात सुनने से इनकार कर दिया इसी बात को लेकर वो उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय से संपर्क किया और आप बीती बताइ उनकी ओर से लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग संभल में परिवाद प्रस्तुत किया गया जहां आयोग ने दोनों पक्षों को तलब कर अपना-अपना पक्ष रखने की बात कही तो वहां डॉक्टर की ओर से बताया गया कि उन्होंने प्रैक्टिशनर पॉलिसी ले रखी है जिस कारण इंश्योरेंस कंपनी को भी पार्टी बनाया जाए आयोग के आदेश पर इंश्योरेंस कंपनी को भी तलब किया गया आयोग ने सभी पक्षों को सुना और सुनकर अपना निर्णय आयुष कुमार वार्ष्णेय के पक्ष में देते हुए कहा की मदर चाइल्ड और हेल्थ केयर सेंटर व उसके डॉक्टर स्मिता बंसल को आवेशित किया जाता है कि आयुष कुमार की पत्नी दीप्ति वार्ष्णेय के आपरेशन व नवजात शिशु पुत्री के इलाज में किए गए व्यावसायिक कदाचार हेतु मुबलिग 5 लाख रुपए वह उसे पर परिवाद संस्थान की तिथि से 7% वार्षिक ब्याज सहित अंदर 2 माह में अदा करें इसके अलावा विपक्षीगण परिवादी को पचास हजार रुपए 50000 मानसिक कष्ट और आर्थिक हानि की मद में तथा 5000 पांच हजार रुपए वाद व्यय के मद में भी अदा करेंगे नियत अवधि में धनराशि अदा न किए जाने पर ब्याज की दर 9 प्रतिशत वार्षिक दे होगी।

## ट्रक पलटने से नौ पशुओं की मौत, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा ने बताया कि पशुपालन विभाग गोवंशों के सड़क पर न होने का दावा करता आ रहा है। शासन को भी यही रिपोर्ट भेजी जा रही है। लेकिन मंगलवार रात को हुए हादसे ने विभाग की पोल खोल दी**

बदायूं। उसावां थाना क्षेत्र में हाईवे पर ट्रक पलटने से नौ गोवंशों की मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर दिया। इस दौरान पुलिस से नोकझोंक हुई। सीओ ने सख्ती दिखाई तो कार्यकर्ता शांत हुए। सड़क किनारे बैठे छुट्टा गोवंशों पर गेहूं लदा ट्रक पलट गया। हादसे में नौ पशु मर गए। पुलिस ने मृत गोवंशों को दफन करा दिया। जानकारी होने पर गोरक्षा व बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुंच गए और हंगामा कर दिया। इस दौरान पुलिस व कार्यकताओं में नोकझोंक हो गई। सीओ दातागंज केके तिवारी ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को फटकार लगाई। कहा कि नेता मत बनो। पुलिस को काम करने दो। इसके बाद कार्यकर्ता शांत हुए। उसावां थाना क्षेत्र में हाईवे पर गांव बुधुआ नगला के पास मंगलवार रात आठ बजे गेहूं से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। उसके नीचे कई गोवंशीय पशु दब गए थे। इसमें दबकर नौ पशुओं की मौत हो गई। सूचना पर पशु प्रेमी व बजरंग दल के तमाम कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा ने बताया कि पशुपालन विभाग गोवंशों के सड़क पर न होने का दावा करता आ रहा है। शासन को भी यही रिपोर्ट भेजी जा रही है। लेकिन मंगलवार रात को हुए हादसे ने विभाग की पोल खोल दी। कार्यकताओं ने बिना डॉक्टरी परीक्षण के ही पशुओं को दफनाने का आरोप लगाकर हंगामा किया। सूचना पर इंस्पेक्टर वीरपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद सीओ केके तिवारी भी पहुंच गए। कार्यकर्ताओं ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस में नोंकझोक हो गई। सीओ ने हंगामा करने वालों पर मुकदमा दर्ज करने की बात कही, जिससे कार्यकर्ताओं में रोष फैल गया। काफी देर तक हाईवे पर हंगामा होता रहा। सीओ की सख्ती के बाद कार्यकर्ता वहां से चले गए। सीओ केके तिवारी ने कहा कि डॉक्टर बुलाकर गोवंशों को रात में ही परीक्षण कराने के बाद दफन करा दिया गया। कुछ शरारती तत्व मामले को तूल देने के लिए मौके पर पहुंचे। हंगामा करने की कोशिश की। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई कराई जाएगी। ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया था, जिसके नीचे दबकर गोवंशों की मौत हो गई थी।

## एचपी फील्ड पर लगेगा पटाखों का बाजार

बदायूं। दीपावली के त्योहार पर इस बार शहर में पटाखों का बाजार एचपी फील्ड की जमीन पर लगेगा। यह बाजार 19 से 21 अक्तूबर तक चलेगा। प्रशासन का अनुमान है कि इस बार करीब 80 से 90 अस्थायी दुकानें लगेंगी। पटाखा कारोबारियों को अनुमति देने के लिए फार्म की बिक्री शुरू कर दी गई है दीपावली इस बार 20 अक्तूबर को है। प्रशासन का मानना है कि यह जगह खुली और सुरक्षित है। यहां पर लोग आसानी से आ जा सकेंगे। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि पटाखा बाजार के लिए एचपी फील्ड के मैदान का चयन कर लिया गया है। संबंधित अधिकारियों को इसके बारे में जानकारी दे दी गई है। पटाखा की दुकान लगाने वाले आवेदन कर सकते हैं। पटाखा विक्रेताओं को दुकान लगाने के लिए लाइसेंस और निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा। दुकानें केवल निर्धारित स्थान पर ही लगेंगी। किसी भी तरह का अतिक्रमण नहीं होने दी जाएगी। बाजार स्थल पर अग्निशमन यंत्र, सुरक्षा बैरिकेडिंग और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती भी की जाएगी, ताकि किसी तरह की दुर्घटना न हो।

## 1200 कि0ग्रा0 सरसों तेल किया सीज, जांच के लिये लैब भेजे 4 नमूने

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थो की उपलब्धता हेतु जनपद-बदायूँ में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान अन्तर्गत मंगलवार को जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से विभिन्न खाद्य परिसरों से कुल 04 खाद्य पदार्थो के नमूनों को वास्ते जाँच हेतु संग्रहित किए गए। आमजनमानस को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा सीएल यादव ने बताया कि मंगलवार को जिन प्रतिष्ठानों से सैम्पल लिए गए व कार्यवाही की गई उनमें घास मण्डी उसहैत दातागंज स्थित अजय पाल के प्रतिष्ठान से एक सरसों तेल का नमूना तथा शेष लगभग 1200 कि0ग्रा0 सरसों तेल (अनुमानित मूल्य 2,00,000 को नियमानुसार सीज किया गया। जालन्धरी सराय स्थित जय अम्बे ट्रेडर्स के प्रतिष्ठान से एक घी का नमूना। कछला चौराहा स्थित बाँके बिहारी मिष्ठान भण्डार से एक सोन पापड़ी का नमूना। कछला चौराहा स्थित सोनू मिष्ठान भण्डार से एक बर्फी का नमूना संग्रहित कर साफ-सफाई के सम्बन्ध में सुधार नोटिस देने की संस्तुति दी गयी।उन्होंने बताया कि संग्रहित किए गए कुल 04 नमूनों को वास्ते जाँच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य पदार्थो को ढककर रखने, दुकानों में साफ-सफाई रखने, शुद्ध एवं गुणवत्ता पूर्वक खाद्य पदार्थो को बेंचने, बिना लाइसेंस के खाद्य कारोबार नही संचालित करने के कड़े निर्देश दिए गए। मौके पर उपस्थित आम जनमानस को अपमिश्रण से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया। टीम में सहायक आयुक्त (खाद्य) सी0एल0 यादव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर0पी0 सिंह एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण भगवत सिंह, खुशीराम, राजेन्द्र नाथ मिश्रा, माता शंकर बिन्द, करन सिंह, प्रमोद कुमार, श्रीमती सीमा यादव एवं प्रिया त्रिपाठी मौजूद रहे।

## टैंट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बने जितेंद्र साहू

बदायूँ। जिला टैंट डेकोरेशन ओनर्स वेलफ़ेयर एसोसिएशन, बदायूं का जिला सम्मेलन भोलाधाम, बदायूं में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश वाइस चेयरमैन गोपेश अग्रवाल एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष ओम मेहरा उपस्थित रहे। सम्मेलन में चुनाव अधिकारी की भूमिका भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ब्रज क्षेत्र अशोक भारतीय व बिल्सी से आए, जय प्रकाश लड्डा ने निभाई।सर्वसम्मति से टैंट व्यापारियों द्वारा निम्न पदाधिकारियों का चयन किया गया।

# उज्ज्वला योजना: गोंडा में मुफ्त गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का शुभारंभ

**दीपावली की तरह होली के त्योहार पर भी उज्जवला लाभार्थियों को मुफ्त सिलेंडर रिफिल का तोहफा मिलेगा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की लाभा र्थियों को योगी सरकार ने दीपावली पर निश्शु ल्क सिलेंडर रिफिल का उपहार दिया है।राज्य की 1.86 करोड़ लाभार्थियों को इसका लाभ मिलने जा रहा है।

बुधवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निशुल्क सिलेंडर रिफिल वितरण की शुरु आत की है। वहीं दीपावली की तरह होली के त्योहार पर भी उज्जवला लाभार्थियों को मुफ्त सिलेंडर रिफिल का तोहफा मिलेगा। वही गोण्डा मेंउज्ज्वला योजना के तहत 115 पात्र लाभार्थि यों को निःशुल्क रसोई गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी वितरित की गई।यह वितरण कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में जनप्र तिनिधियों के द्वारा किया गया।स्थानीय कार्य मेंजनप्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र,गोण्डा सांसद केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री केप्रतिनिधि रमाशंकर मिश्र और अपर जिलाधि कारी, जिला पूर्ति अधिकारी ने जनपद के उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को चेक के माध्यम से धनराशि प्रदान की।यह धनराशि उन 115 लाभार्थियों को दी गई है जिनका ई-केवा ईसी पूर्ण हो चुका है।शेष लाभार्थियों को ई-केवाईसी पूरा होने के बाद लाभान्वित किया जाएगा।इस अवसर पर केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के प्रतिनिधि ने कहा कि देश और प्रदेश सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने उज्ज्वला योजना की लाभार्थी महिलाओं को होली और दिवाली पर मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर देने की घोषणा की थी,जिसके तहत आज दिवाली पर्व के अवसर पर यह धनराशि हस्तांतरित की गई है।इससे निश्चित रूप से महिलाओं को लाभ मि लेगा और उन्हें भोजन तैयार करने में आसानी होगी।वही जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने संबो धन में कहा कि सरकार के नेतृत्व में महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं।उन्होंने दीपावली के पावन अवसर प र उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस रि फिल प्राप्त करने वाली सभी लाभार्थी महिला ओं को बधाई और शुभकामनाएं दीं। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार को दिया जा रहा है, जिससे उन्हें जीवन यापन में कोई दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि लकड़ी के ईंधन पर खाना पकाने से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था,लेकिन अब गैस पर भोजन पकाने में आसानी होगी, जिससे उनके त्योहारों में और रौनक आ सके गी।इसी उद्देश्य से सरकार द्वारा लाभार्थियों को निःशुल्क गैस रिफिल उपलब्ध कराई गई है।वही मंगलम गैस एजेंसी के डिस्ट्रीब्यूटर से फ्री सब्सिडी के बारे में जानकारी ली गई तो तो उन्होंने बताया कि हमारे दर्जनों की संख्या में कंज्यूमर कलेक्ट्रेट सभागार में आए हुए हैं जि न्हें फ्री सब्सिडी का लाभ मिला है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा, परसपुर। मिशन शक्ति अभियान के पांच वें चरण के क्रम में पुलिस कर्मियों की टीम ने मंगलवार को ग्राम डेहरास के मजरे बगाही, करैहिया, कम्पोजिट विद्यालय राम भरोसे व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में व बुधवार को चौपाल लगाकर ब्लाक स्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व आशा बहुओं को अपराधों के रोकथाम के लिए पम्पलेट वितरण कर उन्हें शासन द्वारा चलाए जा रहे योजनाएं और उनकी सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई।थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी ने बताया कि टीम में उपनिरीक्षक रवि प्रकाश के नेतृत्व में महिला आरक्षी नीतू गौतम,किरन राना व हेड कांस्टेबल अमित मिश्रा ने हाट स्पाट समेत गावों, विद्याल यों में किशोरियों, महिलाओं व बालिकाओं को छेड़छाड़, शोषण, दहेज उत्पीड़न, बाल अपराध, एसिड अटैक जैसे अपराधों से सतर्कता बरतने और उसके रोक थाम के गुर बताए। अभिभाव कों से संवाद कर बच्चों को परिषदीय विद्याल यों में नामांकन कराने और उनके साक्षरता पर जोर दिया। महिला आरक्षियों ने बताया कि आपातकालीन स्थिति में महिलाएं व बालिकाएं यूपी की 112, 1090, 181,1098,1076, 102, 108 व 1930 के नम्बरों पर काल कर अपराधों के रोकथाम व स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के लिए सेवा लें सकती है। इस दौरान जिले पर बनाए गए वन स्टॉप सेंटर के बारे में विस्तार से बताया गया।

# किसानों की समस्याओं का अधिकारी प्राथमिकता पर करें निस्तारण : जिलाधिकारी

**बैठक में सीडीओ सहित गन्ना विभाग, कृषि विभाग, विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा। विकास भवन सभागार में किसान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठ क में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों ने भाग लिया तथा अपनी समस्याओं और सुझा वों को सीधे जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कि या।जिलाधिकारी ने प्रत्येक समस्याओं को गंभी रता से सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्य क दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन सहित गन्ना विभाग, कृषि विभाग, विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य किसानों की समस्याओं का गुणवत्ता पूर्वक एवं समयबद्ध समाधान सु निश्चित करना था।बैठक में किसानों द्वारा विद्यु त आपूर्ति, नहरों की सफाई,फसल बीमा, खाद-बीज की उपलब्धता, बिचौलियों की भूमिका तथा मंडी व्यवस्था जैसी समस्याएं प्रमुख रूप से उठाई गईं। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की प्रत्येक समस्या का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए और किसानों को हर संभव सहायता प्रदान की जाए।जिलाधिकारी ने कृषि विभाग को निर्देशित किया कि किसानों को फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना,किसान सम्मान निधि तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव पहुंचाई जाए।साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि इन योजनाओं का लाभ वास्त विक किसानों को ही मिले।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के किसानों को निःशु ल्क सरसों तथा मशूर के बीच का किट वितरण किया।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि किसा नों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी किसान को किसी भी स्तर पर अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे शासन की योजनाओं का अधिक से अ धिक लाभ लें और कृषि उत्पादन में वृद्धि कर जिले की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में योगदान दें।बैठक में उपनिदेशक कृषि प्रेम कुमार ठाकुर,जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी एआर कोऑपरेटिव, जिला उद्यान अधिकारी,पशुपालन विभाग, सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागों के अधि कारीगण उपस्थित रहे।

# महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कलेक्ट्रेट में की जनसुनवाई

**महिला बैरक का किया निरीक्षण बच्चों को वितरित किये उपहार, वन स्टाप सेन्टर की व्यवस्थाओं को परखा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर प्राप्त), उ.प्र. राज्य महिला आयोग श्रीमती अपर्णा यादव ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में एक दर्जन से अधिक पीड़ित महिलाओं की समस्याओं की सुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान मौजूद पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि सभी थानों पर महिलाओं की समस्याओं की सुनवाई प्राथमिकता पर की जाय ताकि उन्हें त्वरित न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर महिलाओं के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए और महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित कोई भी प्रकरण संज्ञान में आने पर तत्काल कार्यवाही की जाय।महिला जनसुनवाई के दौरान उपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने थाना पयागपुर अन्तर्गत ग्राम गौंदौरा अरकापुर नि. शबाना पुत्री मो. हासिम, थाना हरदी के ग्राम भिरवा नि. श्रीमती बानो पत्नी साबिर, थाना रूपईडीहा के ग्राम रायपुर दा. कल्यानपुर नि. श्रीमती जैतून पत्नी रज्जब अली व खैरहनिया नि. श्रीमती रेनू देवी पत्नी स्व. अनिल कुमार, थाना रिसिया के ग्राम बभनी सैदा नि. श्रीमती आरती देवी पत्नी दीपू पुत्री देवारी, लक्ष्मी नरायन, थाना मुर्तिहा के ग्राम अहिरनकुटी नि. सुबी पुत्री अली अहमद, कोतवाली नगर के मो. किला नि. श्रीमती नाजमा पत्नी मो. युसुफ, थाना मोतीपुर अन्तर्गत श्रीमती रामपति पत्नी मालिक, थाना बौण्डी के ग्राम नन्दवल नि. सुमन पत्नी तिलक राम, ग्राम बेटौरा सरसठ नि. फूलमती पत्नी त्रिवेनी, खुटेहना चौकी अन्तर्गत खुशबू पत्नी विकास साहनी, थाना विशेश्वरगंज के रनियापुर गोबरही नि. ऊषा देवी पत्नी प्रेमनाथ, थाना मटेरा के लुखारी नि. नन्दिनी वर्मा पत्नी सुनील कुमार व थाना मटेरा के बुलबुल नेवाज़ नि. शहनाज़ पत्नी इरफान के प्रकरणों की सुनवाई करते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, एसडीएम सदर पूजा चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा श्रीमती हर्षिता तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, पीडीडीआरडीए मनीष कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा, महिला थाना अध्यक्ष मंजू यादव सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने केक काटकर मनाया कन्या जन्मोत्सव

बहराइच । उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फ़ेज-5.0 के अन्तर्गत महाराज सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के महिला चिकित्सालय में मा. उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर प्राप्त), उ.प्र. राज्य महिला आयोग श्रीमती अपर्णा यादव द्वारा मेडिकल कालेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. संजय खत्री, पुलिस क्षेत्राधिकारी मोतीपुर श्रीमती हर्षिता तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय व अन्य के साथ केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कन्याओं हेतु उनकी माताओं को बच्चियों की ड्रेस, जानसन बेबी किट, नाश्ता, केक व अन्य उपहार का वितरण भी अतिथियों द्वारा किया गया। इसके उपरान्त श्रीमती यादव ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की तथा बच्चों को अन्नप्रासन कराया एवं हॉट कुक्ड योजनान्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बर्तन का वितरण किया।कन्या जन्मोत्सव के अवसर पर श्रीमती यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं समाज में नारी का स्थान सदैव ही उच्च प्रतिष्ठित रहा है। शक्ति के विभिन्न स्वरूपों में हम नारी की ही पूजा सभ्यता व संस्कृति के उदय से करते आए हैं। नारी सृजन का भी प्रतीक है। परिवार का विकास नारी के गर्भ में पल रहे शिशु के जन्म के साथ ही अपना भावी स्वरूप ग्रहण करता है।

# लूट और चोरी की घटना में फरार चल रहा 50 हजार का इनामिया गैंगस्टर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में परसपुर पुलिस और यूपी एसटी एफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक साल से फ रार चल रहे 50 हजार के इनामी गैंगस्टर रामसे वक को गिरफ्तार किया है।आरोपी पर लूट औ र चोरी की कई घटनाओं में वांछित था।रामसेव क पर एक साल पहले परसपुर थाना क्षेत्र के न ए पुरवा गांव में एक महिला के गले से लॉकेट लूटने का आरोप है।

उसने दुरौनी गांव में घर से चोरी की घटना को भी अंजाम दिया था और पसका बाजार से एक मोटरसाइकिल चुराकर फरार हो गया था।पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही थी।जब वह पकड़ में नहीं आया, तो आईजी देवी पाटन रेंज अमि त पाठक ने उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रु पए का इनाम घोषित किया था। इनाम घोषित होने के बाद यूपी एसटीएफ को भी इस मामले में लगाया गया। यूपी एसटीएफ और परसपुर थाने की पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान च लाकर देर रात राम सेवक को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ गोंडा के परसपुर थाने में पांच और जिले के अन्य थानों में भी कई मुकद मे दर्ज हैं।परसपुर थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी लगातार फरार चल रहा था, उसकी गिरफ्तारी से परसपुर थाने में दर्ज तीन मुकदमों का खुलासा हुआ है। इसी वर्ष उसके खिलाफ परसपुर थाने में गैंगस्टर एक्ट भी लगा या गया था।

# स्वदेशी मेला : फ्री स्टॉल में दिखा देसी टैलेंट गोंडा में लगा कला और संस्कृति का संगम

**मेला जिला उद्योग केंद्र द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसमें हाथ से बने हुए अलग-अलग आइटमों की स्टॉल लगाई गई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले में स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा है,जिसमें विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्पी आइटमों की स्टॉल लगाया गया है, यह मेला जिला उद्योग केंद्र द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसमें हाथ से बने हुए अलग-अलग आइटमों की स्टॉल लगाई गई है और इन्हें देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट रही है, इसके अलावा इस मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ कई अन्य मनोरंजन के कार्यक्रम भी किए जा रहे हैं

### मूर्ति-अचार समेत कई आइटमों की लगी स्टॉल

गोण्डा जिला उद्योग उपायुक्त बाबूराम यादवने कैनविज टाइम्स से बातचीत करते हुए बता या कि सरकार के आदेश पर जिले के गांधी पार्क टाउन के बगल में एक दस दिवसीय स्व देशी मेले का आयोजन किया जा रहा है, यह मेला स्वदेशी है, जिसमें हैंडी क्राफ्ट आइटम कारीगरों द्वारा तैयार किए गए हैं उन्हीं आइटमों की स्टॉल लगाई गई है।गोण्डा में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा अचार,रेडीमेड गा रमेंट्स,कांच की चूड़ियां,आयुर्वेद औषधि,मिट्टी के दिए और अन्य वस्तुओं से सुंदर-सुंदर आइ टम बनाने वाले कारीगरों की स्टॉल लगाई गई है।उन्होंने बताया कि जीएसटी बचत के रूप में इस उत्सव को मनाया जा रहा है।इस मेले को देखने के लिए लोगों की अच्छी-खासी भीड़ आ रही है,यदि आप भी अपनी स्टॉल लगाना चाह ते हैं तो जिला उद्योग केंद्र पर या मेले में आकर संपर्क कर सकते हैं,यहां एकदम फ्री स्टॉल लगा ई जा रहा है।

### इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर लगा ये स्वदेशी मेला

जिला उद्योग उपायुक्त ने बताया कि गोंड़ा जिले में यह मेला इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर ल गाया गया है,वहीं इस मेले में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं यहां लोगों के लिए खुला मंच भी तैयार किया गया है,जहां जो कलाकार अपनी प्रस्तुति देना चाहते हैं,वे इस मेले में आकर भाग ले सक ते हैं यह मेला पूरी तरह से मुफ्त है और यही के लोगों के लिए इसका आयोजन किया गया है।

# अग्नि अपादा की रोकथाम और बचाव के लिए महत्वपूर्ण सुरक्षा की दी गई जानकारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा। आयुक्त उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ द्वारा प्रायोजित अग्नि आपदा प्रबंधन विषय तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण जिला ग्रामीण विका स संस्थान गोंडा में आयोजित किया गया है, प्र शिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अग्निशमन अधिका री गोंडा के द्वारा अग्नि आपदा के बारे में विस्ता र पूर्वक चर्चा किया गया।बुधवार को एसडी आरएफ टीम लखनऊ के द्वारा प्रतिभागियों को सीपीआर एवं अग्नि आपदा से बचाव के तरीके के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया अंत में जिला प्रशिक्षण अधिकारी अभिषेक मणि त्रिपाठी द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वित रित कर सत्र का समापन किया गया इस प्रशि क्षण कार्यक्रम में राहुल यादव मास्टर ट्रेनर श्री सर्वेश कुमार मनोज कुमार मिश्रा,रहीम उल्लाह एवं सरोजनी सिंह का विशेष योगदान रहा।

# पीएम उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दीपावली पर मिलेगी नि:शुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल की सौगात

**जनपद के 4,36,726 परिवार होंगे लाभान्वित, मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पी.एम. उज्ज्वला लाभार्थियों को दीपावली महापर्व के अवसर पर निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल की सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का वर्चुअल शुभारम्भ करते हुए लाभार्थियों के खातों में धनराशि का हस्तान्तरण किया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में मा. मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया तत्पश्चात एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी व विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने सांसद कैसरगंज करन भूषण सिंह के प्रतिनिधि सुनील सिंह, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह के प्रतिनिधि दिवाकर पाण्डेय, विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के नोडल सौरभ आनन्द के साथ 20 लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल की सब्सिडी वितरण हेतु प्रतीकात्मक चेक का वितरण किया गया।कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की लाभार्थी श्रीमती अंजनी, प्रीति देवी, संजू सैनी, शबाना, निदा फातिमा, दिव्यांशी श्रीवास्तव, सोनी देवी, किरन जायसवाल, तरमीन, असरतुन्नियां, चांद बीबी, अलीमन, नाज़िमा, अनम, मोबीना, हिना, चुन्नी बेगम, जिलाई, रेशमा व बेगम जहां को अतिथियों द्वारा निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल की सब्सिडी वितरण हेतु प्रतीकात्मक चेक का वितरण किया गया।जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 02 निःशुल्क एल.पी.जी. सिलेण्डर रिफिल प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम चरण में माह अक्टूबर से दिसम्बर, 2025 तथा द्वितीय चरण में माह जनवरी, 2026 से मार्च, 2026 तक लाभार्थियों को 01-01 पूर्णतया निःशुल्क उज्ज्वला रिफिल गैस सिलेण्डर का वितरण कराया जाएगा। प्रदेश में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत 1.85 करोड़ परिवारों को इस योजना के तहत आच्छादित किया जाएगा। सर्वप्रथम जिनके आधार प्रमाणित हैं ऐसे 1.23 करोड़ लाभार्थियों को निःशुल्क एल.पी.जी. रिफिल सिलेण्डर का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के नोडल सौरभ आनन्द, पूर्ति निरीक्षक, योजना के लाभार्थी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला सम्मान समारोह सम्पन्न

गोरखपुर। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत बुधवार को चम्पा देवी पार्क में ''महिला सम्मान समारोह'' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं को सशक्त बनाने व समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं, पुलिस कर्मियों तथा बहादुरी का परिचय देने वाली बेटियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।विधायक ग्रामीण विपिन सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान उत्तर प्रदेश सरकार की एक ऐतिहासिक पहल है, जिसके माध्यम से महिलाओं को न केवल सुरक्षा व सम्मान की भावना दी जा रही है, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में भी उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और सरकार उन्हें हर स्तर पर समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# गोरखपुर महोत्सव 2026 की तैयारियां शुरू, मंडलायुक्त ने सौंपी जिम्मेदारियां

**बैठक में निर्णय लिया गया कि गोरखपुर महोत्सव 2026 का आयोजन 10, 11 और 12 जनवरी को चम्पा देवी पार्क में किया जाएगा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । आगामी वर्ष गोरखपुर महोत्सव-2026 की तैयारियों को लेकर बुधवार को मंडलायुक्त सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि महोत्सव की सभी तैयारियां समयबद्ध और सुनियोजित ढंग से पूरी की जाएं, ताकि यह आयोजन अगले वर्ष और भी भव्य रूप में सामने आए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि गोरखपुर महोत्सव 2026 का आयोजन 10, 11 और 12 जनवरी को चम्पा देवी पार्क में किया जाएगा। महोत्सव में इस बार हॉलीवुड और बॉलीवुड कलाकारों के साथ-साथ स्थानीय कलाकार भी अपनी नृत्य, संगीत और लोककलाओं की प्रस्तुति देकर गोरखपुरवासियों का मनोरंजन करेंगे।मंडलायुक्त ने बताया कि महोत्सव के नोडल अधिकारी जीडीए उपाध्यक्ष होंगे। उन्होंने आयोजन से संबंधित सभी विभागों को स्पष्ट जिम्मेदारियां सौंपीं और कहा कि सभी अधिकारी अपनी तैयारियां पहले से सुनिश्चित करें ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। महोत्सव का उद्घाटन राज्य की संस्कृति मंत्री द्वारा किया जाएगा, जबकि समापन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर-कमलों से किया जाएगा।बैठक में जिलाधिकारी दीपक मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर, नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल, मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी, जीडीए सचिव पुष्प राज सिंह, एसपी ट्रैफिक राजकुमार पांडेय, पर्यटन अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।मंडलायुक्त ने सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, मंच सज्जा, विद्युत आपूर्ति, जल व्यवस्था, पार्किंग और अतिथि सत्कार की जिम्मेदारियां संबंधित विभागों को सौंपीं। उन्होंने कहा कि गोरखपुर महोत्सव अब क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। इसलिए अगले वर्ष 2026 में होने वाला यह आयोजन पिछले आयोजन से अधिक आकर्षक और यादगार बनाने का लक्ष्य रखा गया है। महोत्सव में विद्यालयों, महाविद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी ताकि यह आयोजन जनसहभागिता का प्रतीक बन सके।

# मियागंज बाजार में जोरदार धमाके से मकान ढहा, 12 घायल

## आसपास के मकानों को भी पहुंची क्षति, घायलों में 4 की हालत गंभीर, रेफर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



फोटो न0-01, 02

जयसिंहपुर/सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले के जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के मियागंज बाजार में बुधवार भोर करीब 4 बजे जोरदार धमाका हो गया। विस्फोट इतना तेज था कि नजीर अहमद का पक्का मकान पूरी तरह ढह गया, जबकि आसपास के तीन मकानों को भी नुकसान पहुंचा है. हादसे में एक ही परिवार के समेत कुल 12 लोग घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को सीएचसी जयसिंहपुर पहुंचाया गया, जहां से चार की गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया गया। फिलहाल पटाखा विस्फोट की आशंका जताई जा रही है. फोरेंसिक टीम अभी जांच कर रही है। प्रत्यक्षदर्शी उदयराज के मुताबिक, सुबह करीब साढ़े चार बजे जब वह टहलने निकले थे, तभी मो. यासीन के मकान में अचानक तेज धमाका हुआ। आग की लपटें उठने लगीं। पूरा मकान मलबे में तब्दील हो चुका था और अंदर से चीख-पुकार की आवाजें आ रही थीं। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस और फायर विभाग को सूचना दी। कुछ ही देर में राहत कार्य शुरू हुआ और मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। घायलों में नजीर अहमद, पत्नी जमातुल निशा, बेटे मो. अनीस, नूर मोहम्मद, शाहिल, सोहेल, पुत्रियां सानिया, खुशी, बहू सहाना और पड़ोसी अब्दुल हमीद के बेटे कैफ, ऐफ, फैजान शामिल हैं। कैफ, साहिल और जमातुल निशा सहित चार को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। विस्फोट की तीव्रता इतनी थी कि बगल के अब्दुल हमीद, गुड्डू वर्मा और लक्ष्मी प्रसाद के मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए। लक्ष्मी प्रसाद ने बताया कि लगातार कई धमाके हुए, जिससे दीवारें और छतें हिल गईं, घर का सामान बर्बाद हो गया। घटनास्थल पर बारूद की गंध महसूस की गई और सुतली गोले भी मिले हैं, जिससे पुलिस ने पटाखा विस्फोट की आशंका जताई है। बताया जा रहा है कि नजीर अहमद का बड़ा बेटा यासिर पटाखों का कारोबार करता है, हालांकि, वह परिवार से अलग मकान में रहता है। फोरेंसिक टीम घटनास्थल की जांच कर रही है। इसके बाद ही विस्फोट के सही कारणों का पता लगेगा। घटना की सूचना पर एडीएम, एएसपी, सीओ जयसिंहपुर रामकृष्ण चतुर्वेदी, तहसीलदार मयंक मिश्रा तथा मोतिगरपुर, गोसाईगंज व जयसिंहपुर थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। अधिकारी विस्फोट के कारणों की जांच में जुटे हुए हैं. प्रशासन ने क्षेत्र की घेराबंदी कर ली है। घटनास्थल पर पहुंचे आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि मो. यासीन के नाम पर पटाखा भंडारण का लाइसेंस है। विस्फोट कैसे हुआ, इसकी जांच की जाएगी। यह भी देखा जाएगा कि निर्धारित से ज्यादा भंडारण तो नहीं था। घायलों का इलाज कराया जा रहा है। लाइसेंसधारी यासीन के नाम पर था पटाखा भंडारण का लाइसेंस पुलिस सूत्रों के अनुसार यासीन पुत्र अब्दुल रहमान के नाम पर वर्ष 2029 तक वैध पटाखा भंडारण लाइसेंस जारी था। लेकिन धमाका यासीन के करीबी नजीर के मकान पर हुआ, जहां बड़ी मात्रा में पटाखे रखे गए थे। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि भंडारण मकान सुरक्षा मानकों के विपरीत बनाया गया था। फिलहाल पुलिस ने लाइसेंसधारी यासीन को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

आईजी अयोध्या मंडल ने दिए सख्त निर्देश मामले पर आईजी अयोध्या जोन ने कहा कि पटाखा भंडारण में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है, दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश भर में पुलिस द्वारा सर्च अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें भारी मात्रा में अवैध पटाखे जब्त किए गए हैं। धमाके ने खोली प्रशासनिक लापरवाही की पोल- घटना ने जिला प्रशासन और विस्फोटक विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नियमों के अनुसार, पटाखा भंडारण गोदाम आबादी से सुरक्षित दूरी पर होना चाहिए, लेकिन मियागंज का गोदाम घनी बस्ती के बीच बना था। पटाखा भंडारण के मानक के अनुसार गोदाम आबादी से सुरक्षित दूरी पर होना चाहिए। पक्की दीवारें, बिना टीन/फूस/लकड़ी के एटीन और फूस का प्रयोग, वेंटिलेशन हवा आने-जाने की उचित व्यवस्था बिजली व्यवस्थ स्पार्क-प्रूफ फिटिंग, ढीले तार नहीं होने चाहिये, अग्निशमन उपकरण कम से कम 2-4 सिलेंडर अनिवार्य है पर मौके पर कोई व्यवस्था नहीं मिली। स्थानीय लोगों की मांग- ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि घटना की उच्चस्तरीय जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए, जिन्होंने लापरवाही बरती। संक्षेप में यह धमाका न केवल सुरक्षा नियमों की अनदेखी का परिणाम है बल्कि प्रशासनिक अमले की जवाबदेही पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। यदि समय रहते निरीक्षण किया गया होता तो यह दिन सामने नही आता।

# संग्रामपुर पुलिस ने बारह घण्टे में हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी । थाना संग्रामपुर पुलिस ने बारह घण्टे में हत्या के अभियोग में वांछित दो लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर आलाकत्ल दाना भुनने वाला धारदार नुकीला हसिया व फावड़े का बेट बरामद कर लिया है। थाना गौरीगंज क्षेत्र के गांव पूरे घुइसर मजरे पड़री निवासी पवन यादव ने थाना संग्रामपुर पर लिखित तहरीर दी कि उनका पुत्र राहुल अपने मित्र चंदन के साथ खुर्दिहा भौसिंह चंदन के मामा के घर घूमने गया था जहां भौसिंह अग्रेजी शराब ठेका के पास ठेलिया पर दाना भुजाने की बात को लेकर विवाद व मारपीट हो गयी जिसमें चंदन घायल हो गया और उनके पुत्र राहुल की मृत्यु हो गयी। पुलिस ने आनन फानन में मुकदमा दर्जकर आरोपियों की तलाश में जुट गई। थाना संग्रामपुर के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश सिंह मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर अशोक पुत्र वासुदेव निवासी ग्राम व थाना संग्रामपुर एवं जियालाल पुत्र स्वर्गीय पंचू निवासी खुर्दिहा मजरे भौसिंहपुर थाना संग्रामपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार अशोक ने बताया कि वह अमेठी संग्रामपुर मेन रोड पर अंग्रेजी शराब की दुकान के सामने जियालाल के खेत के पास दाना भुनने का ठेला लगाता है। मंगलवार को रात्रि समय करीब साढ़े आठ बजे वह और जियालाल ठेले के पास बैठकर शराब पी रहे थे तभी ग्राम खुर्दिहा भौसिंहपुर रिश्तेदारी में आया चंदन व मृतक राहुल जल्दी भूजा बनाने को कहने लगे जल्दी भूजा न बनाने पर वह दोनों लोग विवाद और हाथापाई करने लगे तभी जियालाल ने ठेले पर रखे फावड़े का बेट से चन्दन के सर पर मार दिया और उसने दाना भुनने वाले हसिया से चंदन पर वार कर दिया जिससे चंदन वहां से भाग गया राहुल (मृतक) अकेला रह गया जिसको जियालाल फावड़ा के बेट से मारने लगा और वह दाना भुनने वाले धारदार नुकीले हसिया से राहुल के सीने पर कई वार कर दिया जिससे वह गिर गया जिससे चन्दन शोर मचाने लगा तो वह और जियालाल वहां से भाग गये।

# डीएपी की किल्लत से किसान परेशान रबी की फसल पर संकट के बादल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बल्दीराय/सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र में डीएपी खाद की भारी कमी से किसान परेशान हैं। क्षेत्र की साधन सहकारी समितियों पर डीएपी उर्वरक न मिलने से किसानों की रबी फसलों की बुवाई पर संकट मंडराने लगा है। धान की कटाई के तुरंत बाद आलू, दलहन, तिलहन जैसी फसलों की बुवाई का समय शुरू हो चुका है, लेकिन डीएपी की अनुपलब्धता किसानों के उत्साह पर पानी फ़ेर रही है। बल्दीराय के रैंचा, कंापा, हलियापुर, नेवादा, इसौली ,दौलतपुर, धनपतगंज ब्लॉक के देहलीबाजार, मायंग, समरौना, पडरे, कुटटा, सोहागपुर सहित कई समितियों पर डीएपी खाद का स्टॉक पूरी तरह खत्म हो चुका है। वहीं जिन समितियों पर थोड़ी बहुत खाद पहुंची है, वहां किसानों की लंबी कतारें औरआपाधापी का माहौल बना हुआ है। किसान समितियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। सहकारी समितियों पर डीएपी खाद न मिलने से बढ़ी किसानों की मुश्किलें- किसानों का कहना है कि समय पर खाद न मिलने से बुवाई कार्य प्रभावित हो रहा है, जिससे उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है। क्षेत्र के किसान शिवसरन यादव, अशोक सिंह, ओमप्रकाश सिंह, अवधेश सिंह, हर्षनारायन शुक्ल, काली सहाय सिंह बिसांवा, कालीदीन भारती और जयदीप सरोज ने जिलाधिकारी से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि शासन द्वारा खाद की उपलब्धता का दावा सिर्फ कागजों पर है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही है।उन्होंने जिलाधिकारी से ,समितियों पर अतिशीघ्र डीएपी खाद उपलब्ध करवाने की मांग की है। किसानों का आरोप है कि सहकारी समितियों के भ्रष्ट तंत्र ने उनकी कमर तोड़ दी है। समय रहते डीएपी की आपूर्ति नहीं हुई तो रबी फसल की बुवाई पर गंभीर असर पड़ेगा और किसानों की मेहनत पर पानी फिर जाएगा।

किसानों को मजबूर होकर प्राइवेट खाद विक्रेताओं के यहां से खाद खरीदना पड़ता है जहां असली नकली की कोई पहचान नहीं होने से ,फसल का पैदावार प्रभावित होना स्वभावित है।

# अभिभावक और गुरु के दण्ड में कृपा छिपी रहती है : आचार्य शान्तनु जी महाराज

## ब्लाक प्रमुख तिलोई के आवास पर चल रही श्रीमद भागवत में उमड़ी श्रोताओं की भीड़

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



तिलोई अमेठी । क्षेत्र के गांव पूरे दान सिंह वैस शंकरगंज में ब्लाक प्रमुख के आवास पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के पंचम दिवस पर कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि पूरे नंद भवन में आनंद ही आनंद बरस रहा था तभी पूतना भगवान को मारने के लिये आ गई और भगवान को गोद में लेकर खेलाने के बहाने लेकर भागी और विष लगा हुआ स्तन भगवान के मुह में दे दिया और भगवान विष सहित इसका पूरा प्राण पी गये और भगवान नें पूतना को मुक्त कर दिया और पूतना के दूध को पीकर उसे भी मां जैसी सदगति दे दी। उन्होंने कहा कि यशोदा मां सदैव उत्सव मनाने के लिये बहाने खोजती थी और पहली बार जब भगवान सोते हुये करवट बदले तब उसकी खुशी में सभी गोपियों को बुला लिया और भगवान के पालनें को बैलगाड़ी में लटकाकर सभी नाचने गाने लगें उसी बैलगाड़ी में शकटासुर नामक छिपा था प्रभु नें एक ही लात मारकर उसे भी मुक्त कर दिया।इसके बाद भगवान को मारने के लियें कंस द्वारा भेजा गया तृणावर्त नामक राक्षस आया भगवान नें उसे भी मुक्त कर दिया।नंद बाबा ने गर्गाचार्य जी को बुलाकर भगवान का नामकरण कराया है गर्गाचार्य जीनें भगवान का नाम कृष्ण और बलराम जी का नाम संकर्षण रखा है।इसके बाद महाराज जी नें भगवान के माखन चोरी की लीला का वर्णन करते हुयें कहा कि इसके माध्यम से भगवान नें ब्रज की सभी गोपियों के मन की इच्छा को पूरा किया है।उन्होंने कहा कि जब ब्रज में आये दिन राक्षसों का आतंक बढ गया तब भगवान सबको लेकर वृन्दावन आ गये क्यों कि वृन्दावन सभी काल में सुखकारी रहता है और वृन्दावन में भी भगवान नें वत्सासुर, बकासुर, अघासुर, धेनुकासुर, आदि राक्षसों का वध किया है।इसके बाद कालीया नाग की कथा सुनाई है जो यमुना जीके जल को दूषित कर रहा था भगवान नें यमुना जी में कूदकर उसे भी मुक्त किया। कथा के पांचवें दिन समाज सेवी मनीष सिंह, रक्षा सिंह, दिग्विजय सिंह, ज्योति सिंह ने सपरिवार आरती पूजन किया। यजमान अर्चना सिंह मुन्ना सिंह ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। संचालन धर्मेश मिश्रा ने किया।इस मौके पर राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह,पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य विजय विक्रम सिंह, जिला पंचायत श्रावस्ती के पूर्व अध्यक्ष रमन सिंह,जिला पंचायत सुल्तानपुर के अध्यक्ष शिव कुमार सिंह, अभयदाता मंदिर रायबरेली के पुजारी ओम प्रकाश मिश्र, कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, उत्कर्ष शरण सिंह, सीओ अतुल सिंह, तहसीलदार अभिषेक यादव, अमीषा यादव, उमेश प्रताप सिंह,मनीष सिंह, कर्ण कुमार बाजपेई, दिग्विजय सिंह, डॉ बीरेंद्र प्रताप सिंह, डॉ नीरज सिन्हा, अखण्ड प्रताप सिंह, अनूप सिंह, हरनाम सिंह, रिंकू तिवारी, पवन सिंह, प्रदीप त्रिपाठी, कौशल किशोर श्रीवास्तव, भास्कर सिंह, प्रशांत पाण्डेय, हिमांशु सिंह, धीरु सिंह, रघुराज सिंह,हिन्देश सिंह, रवीन्द्र सिंह, मानस शुक्ला,राहुल सिंह, घिसियावन यादव, रघुराज प्रताप सिंह, अखिलेश कुमार, शुभम तिवारी, ज्ञानेन्द्र सिंह उर्फ राम जी,भावना सिंह, अक्षत सिंह,अर्चना शुक्ला, अक्षिता सिंह सहित हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

## पुलिस ने पच्चीस ग्राम स्मैक के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी,थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी करने वाले लोगों के खिलाफ शिकंजा कसते हुये पच्चीस ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर बुधवार को थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान गप्पू पुत्र रामदुलारे निवासी अहरिन का पुरवा मजरे दादरा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से पच्चीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है।इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## मोहनगंज पुलिस ने अवैध पटाखा और विस्फोटक सामग्री के साथ कारोबारी को भेजा जेल

अमेठी,थाना मोहनगंज पुलिस ने दीपावली के त्यौहार पर अवैध तरीके से पटाखा का निर्माण और भण्डारण एवं बिक्री करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध पटाखा और पटाखा निर्माण में प्रयुक्त अन्य सामग्री बरामद किया है जिसकी अनुमानित कीमत एक लाख रुपया बताई जाती है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर आगामी त्यौहार दीपावली के दृष्टिगत अवैध पटाखों के निर्माण, भण्डारण, बिक्री एवं परिवहन के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र व संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग हेतु क्षेत्र में मौजूद थे तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मालिन का पुरवा मजरे शाहमऊ में एक व्यक्ति अपने मकान के बगल में खाली जमीन में पटाखों का भण्डारण किये हुये हैं तथा निर्माण करके बेचता भी है।उक्त सूचना पर तत्काल मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर अवैध रूप से पटाखा निर्माण कर रहे व भण्डारण किये हुये मोहम्मद असलम पुत्र मोहम्मद आलम निवासी मालिन का पुरवा मजरे शाहमऊ थाना मोहनगंज को तीन हजार खाली अनार, डेढ़ हजार सुतली बम अर्धनिर्मित, एक हजार सोलह अनार बम, पांच सौ किलमात, दस किलो बारूद,एक बंडल सुतली, पन्द्रह किलो कोयला बुरादा, पांच किलो गंधक, एक सौ बमबाती, पांच किलो लकड़ी का बुरादा, ढाई किलो एल्युमिनियम चूर्ण/बुरादा, दो किलो नमक,पचास पैकेट गोंद, रद्दी पेपर व पटाखा निर्माण में प्रयुक्त अन्य सामग्री के साथ गिरफ्तार किया गया। पटाखा निर्माण व बिक्री करने का लाइसेंस मांगने पर दिखा नही सके। इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## सरस्वती विद्या मंदिर में नवग्रह वाटिका का शुभारंभ

पीलीभीत।चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज परिसर में नवग्रह वाटिका का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन के साथ वंदना से हुई।मुख्य अतिथि डॉ. रवि हनुमंत गोखले ने फीता काटकर नवग्रह वाटिका का उद्घाटन किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने जीव विज्ञान प्रवक्ता जगदीप कुमार के निर्देशन में नौ ग्रहों से संबंधित विशेष पौधों का रोपण किया। पौधों का चयन इस प्रकार किया गया: सूर्य के लिए आक (श्रेताक), चंद्रमा के लिए पलाश, मंगल के लिए खैर, बुध के लिए अपामार्ग, गुरुवार के लिए पीपल, शुक्र के लिए गूलर, शनि के लिए शमी, राहु के लिए चंदन और केतु के लिए कुश।विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष कुमार ने विद्यार्थियों को इन पौधों की देखभाल, उपयोगिता तथा संबंधित ग्रहों के वैज्ञानिक, पौराणिक और ज्योतिषीय महत्व के बारे में जानकारी दी।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अरविंद गुप्त, कार्यकारिणी सदस्य बृजेंद्र कुमार अग्रवाल, जिला प्रचारक दुष्यंत, नगर प्रचारक कुलदीप, मुकेश सैनी, उपप्रधानाचार्य विनोद श्रीवास्तव, शिक्षक कृष्ण कुमार शर्मा, अरविंद शर्मा और चाँदगीराम वर्मा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## मीडिया पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी वीडियो अपलोड करने के मामले मे एक पर मुकदमा दर्ज

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के मुझा खुर्द गांव का रहने वाला युवक मोहम्मद खान पुत्र जाकिर नूर खान पर कोतवाली पूरनपुर मे बीएनएस की धारा 296,67 बी के तहत मुकदमा दर्ज हुआ है। मामला पोर्न वीडियो से जुड़ा है इंस्टाग्राम पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी वीडियो अपलोड करने वाले आरोपित के विरुद्ध लखनऊ साइबर क्राइम की रिपोर्ट के बाद ही कोतवाली पुलिस की ओर से प्राथमिकी दर्ज की गई है सोशल मीडिया पर सक्रियता के दुरुपयोग का एक गंभीर मामला सामने आया है ।

# पूरनपुर पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों के जाल से कैसे बचें,पुलिस ने आमजन को दी सुरक्षा की जानकारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में जिले में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ''साइबर जागरूकता अभियान'' का आयोजन किया गया इस अभियान के तहत पूरनपुर पुलिस प्रभारी निरीक्षक और के साइबर हेल्प डेस्क की टीम ने अपने थाना क्षेत्र के स्टेशन चौराहा पर नगरवासियों को ऑनलाइन ठगी, धोखाधड़ी और अन्य साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने की महत्वपूर्ण जानकारी दी साइबर हेल्प डेस्क द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को बताया कि किस प्रकार साइबर अपराधी लोगों को फ़ेसबुक, व्हाट्सएप, मैसेज और कॉल के जरिए वित्तीय या व्यक्तिगत जानकारी चुराने का प्रयास करते हैं इसके साथ ही लोगों को सुरक्षित ऑनलाइन लेन-देन करने, संदिग्ध लिंक या फर्जी कॉल से बचने, और पासवर्ड सुरक्षा के बारे में विस्तार से समझाया गया ग्रामीणों को वास्तविक घटनाओं के उदाहरण भी दिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार यह अभियान विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित किया जा रहा है जहां लोग साइबर अपराधों के प्रति कम जागरूक हैं पूरनपुर प्रभारी निरीक्षक पवन पाण्डे ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को साइबर अपराध के खतरे से अवगत कराना और उन्हें सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना है उन्होंने यह भी बताया कि लोग किसी भी साइबर समस्या या संदेहास्पद गतिविधि की सूचना तत्काल थाने या साइबर हेल्प डेस्क को दे सकते हैं। अधिकारियों ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने स्मार्टफोन, बैंक खातों और सोशल मीडिया अकाउंट की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें उन्होंने बताया कि किसी भी अनजाने लिंक पर क्लिक न करें, अपने पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें और किसी भी वित्तीय लेन-देन में सावधानी बरतें इस अभियान के माध्यम से पुलिस विभाग यह सुनिश्चित करना चाहता है कि जिले के नागरिक सुरक्षित तरीके से डिजिटल दुनिया का उपयोग कर सकें और साइबर क्राइम की जालसाजी से बच सकें पवन पाण्डेय ने बताया इस प्रकार के जागरूकता सत्र आयोजित करते रहेंगे जिससे हर नागरिक साइबर सुरक्षा के प्रति सजग और सतर्क हो सके और होने वाले साइबर क्राइम से बच सकें।

# निशाद समर्थकों ने निलंबन वापसी को लेकर किया जोरदार प्रर्दशन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सुल्तानपुर। सनातन धर्म के विरोध में विवादित टिप्पणी करने के मामले में फंसे शिक्षक नेता श्यामलाल निषाद अब प्रशासन पर दबाव बनाने में जुट गए हैं। दर्ज मुकदमा और विभागीय निलंबन को वापस लेने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम कार्यालय के सामने समर्थकों ने जोरदार प्रर्दशन किया। आरोप है कि श्यामलाल निषाद के इशारे पर उनके समर्थकों ने जिला प्रशासन के खिलाफ ल्लमुर्दाबादङ्क और ल्लअन्याय बंद करोङ्क जैसे नारे लगाए। मौके पर माहौल तनावपूर्ण हो गया, जिसके बाद पुलिस बल ने स्थिति संभाली। सूत्रों के अनुसार, शिक्षक नेता प्रशासनिक अधिकारियों से मुकदमा और निलंबन आदेश वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी और अफसरों पर दबाव बनाने की इस रणनीति को लेकर जिले में चर्चा तेज है। प्रशासनिक पक्ष इस संबंध में उपजिलाधिकारी (सदर) ने कहा कि कानून सबके लिए समान है। दर्ज मुकदमे की जांच नियमानुसार चल रही है, किसी भी तरह का दबाव स्वीकार नहीं किया जाएगा। वहीं, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रदर्शन के दौरान स्थिति पर पूरी नजर रखी गई, और आवश्यकता पड़ने पर वीडियो फुटेज के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। शिक्षक संघ के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, शिक्षक का धर्म समाज को जोड़ना है, न कि समाज में वैमनस्य फैलाना। यदि किसी ने मर्यादा लांघी है, तो जांच निष्पक्ष होनी चाहिए। गौरतलब है कि श्यामलाल निषाद पर कुछ दिन पूर्व सनातन धर्म के विरोध में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगा था। मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद उन्हें विभागीय जांच के तहत निलंबित कर दिया गया था। अब उन्हीं कार्रवाइयों को रद्द कराने के लिए वे सड़क पर उतर आए हैं।

# सपा नेताओं ने मिसाइल मैंन की मनाई जयंती

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार नकटादाना स्थित केजीएन 2 कॉलोनी लोकसभा चुनाव कार्यालय पीलीभीत में भारत के महान वैज्ञानिक भारत रत्न मिसाइल मैन डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साहब की जयंती मनाई गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा कहा डॉ.ए.पी.जे अब्दुल कलाम साहब इनका पूरा नाम अब्दुल पाकिर जैनुल आबदीन अब्दुल कलाम था,वे भारत के महान वैज्ञानिक,इंजीनियर और देश 11 वें राष्ट्रपति थे, उन्हें मिसाइल मैन ऑफ इंडिया और जनता के राष्ट्रपति के रूप में भी जाना जाता है,उन्होंने भारत के मिसाइल विकास कार्यक्रम में प्रमुख भूमिका निभाई, कलाम साहब ने अग्नि पृथ्वी जैसी मिसाइलों के विकास में नेतृत्व किया,पोखरण परमाणु परीक्षण (1998) में अहम भूमिका निभाई, उन्होंने इसरो और क्टक में लंबे समय तक सेवा की हैं।सपा जिला महासचिव ने अपने संबोधन में कहा डा. ए.पी.जे.अब्दुल कलाम साहब एक महान वैज्ञानिक, शिक्षक और भारत के 11 वें राष्ट्रपति थे, उनका जन्म 15 अक्टूबर 1931 को रामेश्वरम, तमिलनाडु में एक मुस्लिम परिवार मध्यमवर्गीय मुस्लिम परिवार में जन्मे थे,उनका जीवन संघर्ष सादगी और देशभक्ति का प्रतीक था।डॉ. ए.पी.जी.अब्दुल कलाम साहब ने कहा था।सपने वो नहीं जो हम नींद में देखते हैं,सपने वो हैं जो हमें नींद नहीं आने देते सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर जी एवं सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सिंह ने कहा

डॉ. ए पी जे अब्दुल कलाम, जिनका पूरा नाम डॉ. अवुल पकिर जैनुलआब्दीन अब्दुल कलाम था, एक प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक, इंजीनियर, और भारत के 11वें राष्ट्रपति (2002-2007) थे। उनका जन्म 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम में हुआ था।डॉ. ए पी जे कलाम को ''मिसाइल मैन ऑफ इंडिया'' के रूप में जाना जाता है, क्योंकि उन्होंने भारत के मिसाइल कार्यक्रम, विशेष रूप से अग्नि और पृथ्वी मिसाइलों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।वे इसरो और डीआरडीओ के साथ जुड़े रहे, जहां उन्होंने (सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल) और अन्य रक्षा परियोजनाओं में योगदान दिया।

कार्यक्रम का संचालन 127 शहर विधानसभा पीलीभीत अध्यक्ष हाजी इम्तियाज अल्वी ने किया हैं।इस दौरान मुख्य रूप से सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर,सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर,127 शहर विधानसभा पीलीभीत अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी,अमित पाठक एडवोकेट,सपा युवजन सभा जिलाध्यक्ष हरगोविंद गंगवार,सतेन्द्र मौर्य,मो.फारुक अंसारी,बरखेड़ा महासचिव नरेश कुमार सागर,महेश कश्यप,मोहनलाल गंगवार,फुरकान अली,नि. नगराध्यक्ष पीलीभीत संदीप सक्सेना,मुनेंद्र पाल,कोहिनूर आलम अंसारी, जहीर,अशोक कुमार वर्मा,हेमंत सिंह आदि तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे हैं।

# पीलीभीत में दिशा की बैठक में शामिल हुए जितिन प्रसाद : लापरवाह अधिकारियों को लगाई फटकार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।भाजपा सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में दिशा की बैठक हुई जहां विभागों की समीक्षा करते हुए जितिन प्रसाद ने लापरवाह अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई इस दौरान पीडब्ल्यूडी विभाग के जिम्मेदार और सिंचाई विभाग की जिम्मेदार उनकी रडार पर रहे बुधवार को दिशा की बैठक हुई जिसमें जिले के कई जनप्रतिनिधि और केंद्रीय राज्यमंत्री शामिल हुए। बैठक शुरू होते ही जितिन प्रसाद ने पीडब्ल्यूडी विभाग समेत अन्य तमाम विभागों की भी समीक्षा की समीक्षा के दौरान जिन-जिन विभागों में लापरवाही सामने आई उन विभागों के जिम्मेदारों को जितिन प्रसाद ने बैठक में ही आड़े हाथों लिया स्पष्ट किया कि जनपद के विकास से किसी भी स्तर पर खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा बैठक में सांसद निधि से कराए गए कार्यों की समीक्षा के दौरान कई परियोजनाओं में देरी और शिथिलता सामने आई इस पर जितिन प्रसाद ने अधिशासी अभियंता से जवाबदेही तय करने की बात कही उन्होंने डीआरडीए के प्रोजेक्ट डायरेक्टर की कार्यशैली पर भी असंतोष जताया, यह कहते हुए कि ग्रामीण विकास परियोजनाओं में ढिलाई जिले के प्रगति सूचकांकों को सीधे प्रभावित करती है जिले की खराब सड़कों की स्थिति पर चर्चा करते हुए मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राजेश चौधरी से भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सड़कों की मरम्मत में लापरवाही की शिकायतें लगातार मिल रही हैं, और जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने चाहिए जितिन प्रसाद ने जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह को निर्देश दिए कि ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता और डीआरडीए के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को कार्यों में लापरवाही के लिए नोटिस जारी किए जाएं। साथ ही, आगामी समीक्षा बैठक में इन कार्यों की सुधार रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के प्रतिनिधि चमकौर सिंह सहित कई विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे ।

## सम्पादकीय

# जोखिम भरी शांति

अब भले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दंभी तेवरों की तर्ज पर लाख दावे करते रहें कि गाजा युद्ध समाप्त हो गया है। मगर हकीकत है कि एक छोटी सी चिंगारी भी युद्ध को भड़का सकती है। एक हकीकत है कि दो साल से जारी युद्ध में जहां एक ओर भले ही गाजा पूरा तबाह हो गया हो, लेकिन इसके बावजूद हमास के लड़ाके पीछे हटने को तैयार नहीं दिखे। उनके पास ट्रंप के भारी दबाव व परिस्थितियों के चलते शांति समझौते को स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प बचा ही नहीं था। वहीं दो साल तक युद्ध लड़ते-लड़ते इस्राइली सेना में भी थकान देखी गई थी, साथ ही आतंरिक दबाव युद्ध रोकने के लिये प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर भी बराबर बना हुआ था। ट्रंप के बड़बोले दावों को पश्चिमी एशिया और शेष दुनिया बेशक गंभीरता से न लेती रही हो, लेकिन अब एक हकीकत सामने है कि उनके हस्तक्षेप ने गाजा में फिलहाल तोपों को शांत किया है। डोनाल्ड ट्रंप का सोमवार को इस्राइल में एक नायक जैसा स्वागत किया गया। अमेरिकी मध्यस्थता वाले युद्धविराम समझौते के बाद हमास ने आखिरकार शेष जीवित बचे बीस इस्राइली बंधकों को रिहा कर दिया। जिसके बाद इस्राइल में किसी बड़े उत्सव जैसा जश्न दिखा। बहरहाल, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अभी भी इस्राइल-हमास युद्धविराम समझौता नाजुक बना हुआ है। इसकी वास्तविक परीक्षा आने वाले दिनों में, बहुत संभव है कुछ हफ्तों में हो। इस संघर्षरत क्षेत्र में स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिये जरूरी है कि प्रमुख हितधारकों की ओर से गंभीर प्रयास लगातार होते रहें। वर्तमान समय में सबसे बड़ी चुनौती भूतहा खण्डहर में तब्दील हो चुके गाजा के पुनर्निर्माण की होगी। दो साल से लगातार जारी युद्ध के चलते यह इलाका मलबे के ढेर में तब्दील हो चुका है। कहना मुश्किल है कि आने वाले वक्त में इस्राइल की निरंकुशता पर किसी हद तक अंकुश लग पाता है, ताकि गाजा के लोग फिर से सामान्य जीवन की कोशिश में किसी हद तक सफल हो सकें। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि इस्राइल और हमास के संघर्ष ने करीब बाइस लाख से अधिक लोगों को बेघर करके भुखमरी के कगार पर पहुंचा दिया है। ऐसे में दोनों पक्षों के लिये समझौते के पहले चरण को पूरी तरह से लागू करना बेहद जरूरी होगा। जिसमें बंधकों व कैदियों की रिहाई, गाजा में मानवीय सहायता को अनवरत जारी रखना और इस्राइली सेनाओं की गाजा के मुख्य शहरों से आंशिक वापसी सुनिश्चित करना भी शामिल है। यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो इसके बाद ही दूसरे चरण की बातचीत की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। यह बेहद मुश्किल चुनौतियों वाला चरण होगा। इस दौरान कई संवेदनशील मुद्दे सामने होंगे। सवाल यह भी रहेगा कि लड़ाई खत्म होना एक स्थायी प्रक्रिया बन सकेगी। युद्ध समाप्ति के बाद घनी आबादी वाले इलाके में शासन कैसे चलेगा? क्या समझौते के अनुरूप हमास की भूमिका प्रशासन में खत्म हो जाएगी? क्या वास्तव में हमास हथियार डाल देगा? हालांकि, तालियों की गड़गड़ाहट के बीच इस्राइली संसद में ट्रंप ने दावा किया है कि हमास उनकी निशस्त्रीकरण योजना के प्रावधानों का पालन करेगा। लेकिन इस चरमपंथी समूह ने फलस्तीन को राज्य का दर्जा मिलने से पहले इस संभावना से इनकार किया है। बताया जा रहा है कि ट्रंप एक अंतर्राष्ट्रीय निकाय का नेतृत्व करने वाले हैं, जो गाजा के शासन के लिये एक अस्थायी गैर-राजनीतिक समिति के कामकाज की देखरेख करेगा। निस्संदेह, इस भावनात्मक मुद्दे को राजनीतिक रूप से कुशलता पूर्वक संभालने की जरूरत है। निर्विवाद रूप से इस विवाद के पटाक्षेप के लिये दो-राज्य समाधान के लिये स्पष्ट समय-सीमा का अभाव एक कसक के रूप में महसूस किया जाता रहेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति अपनी पीठ थपथपा सकते हैं, लेकिन देर-सवेर उन्हें अहसास हो सकता है कि उन्होंने इस बेहद जटिल मुद्दे के समाधान की कोशिशों में अपनी क्षमता से अधिक काम ले लिया है। दशकों से इस्राइल और फलस्तीनियों के संघर्ष की जड़ें गहरी हैं। जिसका स्थायी समाधान एक कल्पित प्रश्न जैसा ही है।

# इस्राइल-हमास युद्धविराम: आशा की किरण या अस्थायी विराम?

**गाज़ा की वर्तमान स्थिति किसी एक राष्ट्र या एक नीति की देन नहीं है; यह दशकों से चली आ रही अविश्वास, असमानता और राजनीतिक स्वार्थों की परिणति है। इस बार के संघर्ष ने जिस तरह से निर्दोष नागरिकों, बच्चों और महिलाओं को अपना शिकार बनाया, उसने यह स्पष्ट कर दिया कि युद्ध चाहे किसी भी नाम पर लड़ा जाए, उसका परिणाम हमेशा मानवीय त्रासदी ही होता है। अस्पताल, विद्यालय, धार्मिक स्थल-कोई भी स्थान सुरक्षित नहीं रहा। अमेरिकी मध्यस्थता वाले युद्धविराम समझौते के बाद हमास ने आखिरकार शेष जीवित बचे बीस इस्राइली बंधकों को रिहा कर दिया। जिसके बाद इस्राइल में किसी बड़े उत्सव जैसा जश्न दिखा। बहरहाल, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अभी भी इस्राइल-हमास जोखिमभरा युद्धविराम समझौता नाजुक बना हुआ है। इसकी वास्तविक परीक्षा आने वाले दिनों में होगी। इस संघर्षरत क्षेत्र में स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिये जरूरी है कि प्रमुख हितधारकों की ओर से गंभीर एवं ईमानदार प्रयास लगातार होते रहें। वर्तमान समय में सबसे बड़ी चुनौती भूतहा खण्डहर एवं तबाही में तब्दील हो चुके गाजा के पुनर्निर्माण की होगी। दो साल से लगातार जारी युद्ध के चलते यह इलाका मलबे के ढेर में तब्दील हो चुका है। एक नाजुक समय में जब युद्धविराम की घोषणा हुई, तो यह केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं है, बल्कि मानवीय विवेक का पुनर्जागरण भी है। यह समझना आवश्यक है कि शांति कोई समझौता नहीं, बल्कि एक अनिवार्य आवश्यकता है। यही कारण है कि यह युद्धविराम पूरी मानवता के लिए एक 'आशा की किरण' बनकर उभरा है। यह उस संभावना का प्रतीक है कि जब दुनिया के शक्तिशाली देश, विशेषकर अमेरिका, यूरोप, और अरब राष्ट्र अपनी राजनीतिक प्राथमिकताओं से ऊपर उठकर मानवीय सरोकारों को महत्व देते हैं, तो समाधान की दिशा में रास्ता बनता है। फिर भी इस शांति की वास्तविकता पर प्रश्नचिह्न बने हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भले ही इस युद्धविराम को अपने कूटनीतिक प्रयासों की उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया हो, पर सच यह है कि युद्ध तब रुका जब उसकी भयावहता अपनी चरम सीमा पर पहुँच चुकी थी। यह विराम किसी की कूटनीति की जीत से अधिक, मानवीय विवशता की उपज है।**

गाजा की धरती लम्बे दौर से संघर्ष, हिंसा, विनाश और तबाही की त्रासदी की गवाह रही है, आज फिर एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहाँ शांति की एक हल्की किरण दिखाई तो देती है, परंतु उसके चारों ओर धुएँ और राख का अंधकार अब भी विद्यमान है। हाल ही में हुए युद्ध-विराम ने न केवल मध्यपूर्व बल्कि समूचे विश्व को राहत की एक साँस दी है। गाजा में अमन-चैन की ओर जो सुखद कदम बढ़े हैं, उनका स्वागत होना चाहिए। परंतु यह सवाल भी उतना ही प्रासंगिक है कि क्या यह शांति स्थायी होगी, या यह केवल अगली लड़ाई से पहले का ठहराव भर है? समूची दुनिया चाहती है कि यह युद्ध विराम स्थायी हो क्योंकि इस्राइल और हमास के संघर्ष ने करीब बाइस लाख से अधिक लोगों को बेघर करके भुखमरी के कगार पर पहुंचा दिया है। ऐसे में दोनों पक्षों के लिये समझौते के पहले चरण को पूरी तरह से लागू करना बेहद जरूरी होगा। जिसमें बंधकों व कैदियों की रिहाई, गाजा में मानवीय सहायता को अनवरत जारी रखना और इस्राइली सेनाओं की गाजा के मुख्य शहरों से आंशिक वापसी सुनिश्चित करना भी शामिल है। यह सब दूसरे चरण की बातचीत पर निर्भर हैं। यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो इसके बाद ही दूसरे चरण की बातचीत की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। यह बेहद मुश्किल चुनौतियों वाला चरण होगा। इस दौरान कई संवेदनशील मुद्दे सामने होंगे। सबकी निगाह इस पर होगी कि शांति समझौते के अगले चरण कब पूरे होते हैं और वे सही तरह पूरे होते भी हैं या नहीं? इस पर संशय इसलिए है, क्योंकि यह स्पष्ट नहीं कि इजरायली सेना गाजा में कितना पीछे हटेगी और वहां के प्रशासन को संचालित करने का कैसा तंत्र तैयार होगा और क्या उस पर हमास सहमत होगा? इसके अतिरिक्त जहां हमास को हथियार छोड़ने हैं, वहीं इजरायल को स्वतंत्र फिलस्तीन देश की राह आसान करनी है। हमास का कहना है कि हथियार तब छोड़े जाएंगे, जब स्वतंत्र फिलस्तीन का रास्ता साफ होगा। इस पर इजरायल तैयार नहीं दिख रहा है। यह ठीक है कि स्वयं की ओर से प्रस्तावित गाजा शांति समझौते पर अमल शुरू होने के अवसर पर मिस्र जाने के पहले इजरायल पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनी पहल को पश्चिम एशिया में शांति की स्थापना का पथ करार दिया और इजरायली प्रधानमंत्री से ईरान से समझौता करने को कहा। ऐसे किसी समझौते की सूरत तब बनेगी, जब ईरान इजरायल को मिटाने की अपनी जिद छोड़ेगा। गाज़ा की वर्तमान स्थिति किसी एक राष्ट्र या एक नीति की देन नहीं है; यह दशकों से चली आ रही अविश्वास, असमानता और राजनीतिक स्वार्थों की परिणति है। इस बार के संघर्ष ने जिस तरह से निर्दोष नागरिकों, बच्चों और महिलाओं को अपना शिकार बनाया, उसने यह स्पष्ट कर दिया कि युद्ध चाहे किसी भी नाम पर लड़ा जाए, उसका परिणाम हमेशा मानवीय त्रासदी ही होता है। अस्पताल, विद्यालय, धार्मिक स्थल-कोई भी स्थान सुरक्षित नहीं रहा। अमेरिकी मध्यस्थता वाले युद्धविराम समझौते के बाद हमास ने आखिरकार शेष जीवित बचे बीस इस्राइली बंधकों को रिहा कर दिया। जिसके बाद इस्राइल में किसी बड़े उत्सव जैसा जश्न दिखा। बहरहाल, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अभी भी इस्राइल-हमास जोखिमभरा युद्धविराम समझौता नाजुक बना हुआ है। इसकी वास्तविक परीक्षा आने वाले दिनों में होगी। इस संघर्षरत क्षेत्र में स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिये जरूरी है कि प्रमुख हितधारकों की ओर से गंभीर एवं ईमानदार प्रयास लगातार होते रहें। वर्तमान समय में सबसे बड़ी चुनौती भूतहा खण्डहर एवं तबाही में तब्दील हो चुके गाजा के पुनर्निर्माण की होगी। दो साल से लगातार जारी युद्ध के चलते यह इलाका मलबे के ढेर में तब्दील हो चुका है। एक नाजुक समय में जब युद्धविराम की घोषणा हुई, तो यह केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं है, बल्कि मानवीय विवेक का पुनर्जागरण भी है। यह समझना आवश्यक है कि शांति कोई समझौता नहीं, बल्कि एक अनिवार्य आवश्यकता है। यही कारण है कि यह युद्धविराम पूरी मानवता के लिए एक 'आशा की किरण' बनकर उभरा है। यह उस संभावना का प्रतीक है कि जब दुनिया के शक्तिशाली देश, विशेषकर अमेरिका, यूरोप, और अरब राष्ट्र अपनी राजनीतिक प्राथमिकताओं से ऊपर उठकर मानवीय सरोकारों को महत्व देते हैं, तो समाधान की दिशा में रास्ता बनता है। फिर भी इस शांति की वास्तविकता पर प्रश्नचिह्न बने हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भले ही इस युद्धविराम को अपने कूटनीतिक प्रयासों की उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया हो, पर सच यह है कि युद्ध तब रुका जब उसकी भयावहता अपनी चरम सीमा पर पहुँच चुकी थी। यह विराम किसी की कूटनीति की जीत से अधिक, मानवीय विवशता की उपज है। अंतरराष्ट्रीय दबाव, मानवीय संगठनों की सक्रियता और आम नागरिकों की पुकार ने मिलकर इस विराम को संभव बनाया। अब सबसे बड़ी चुनौती यह है कि यह शांति टिके, युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला फैले। क्योंकि जब तक गाज़ा के लोगों को जीवन की मूलभूत सुविधाएँ-पानी, भोजन, दवा, शिक्षा और सम्मानजनक जीवन नहीं मिलते, तब तक शांति केवल कागज़ों पर दर्ज रहेगी। वास्तविक शांति केवल तब संभव है जब अन्याय, दमन और असमानता के ढाँचे टूटें। शांति का अर्थ केवल हथियारों का मौन नहीं, बल्कि हृदयों का परिवर्तन है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इजरायली संसद को संबोधित करते हुए गाजा शांति समझौते को पश्चिम एशिया की ऐतिहासिक सुबह की संज्ञा दी। वे कुछ भी दावा करें, फिलहाल यह कहना कठिन है कि प्रमुख मुस्लिम देश इजरायल को मान्यता देने के लिए तैयार होंगे। भले ही ट्रंप यह कह रहे हों कि गाजा शांति समझौते को सभी मुस्लिम देशों का समर्थन मिला, लेकिन वस्तुस्थिति इससे अलग है। जब यह समझौता सामने आया था, तब उसे समर्थन देने और ट्रंप की प्रशंसा करने वालों में पाकिस्तान भी था, पर अब वह इस समझौते को समर्थन देने से केवल पीछे ही नहीं हट गया, बल्कि उसने अपने यहां ऐसा माहौल बनाया कि उसके विरोध में कट्टरपंथी तत्व सड़क पर उतर आए। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि पाकिस्तान ने गाजा शांति समझौते को नकारने के लिए ही कट्टरपंथी तत्वों को सड़कों पर उतरने के लिए उकसाया और फिर उन पर गोलियां भी चलवाईं, ताकि दुनिया और विशेष रूप से अमेरिका को यह संदेश जाए कि उसके लिए गाजा शांति समझौते को स्वीकार करना संभव नहीं। यहां अमेरिका को पाक के दोहरे चरित्र को समझ लेना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय संघ, अरब लीग और विश्व की सभी बड़ी शक्तियों की जिम्मेदारी है कि वे इस युद्धविराम को केवल घोषणा भर न रहने दें। उसे स्थायी बनाने के लिए एक ठोस मानवीय पुनर्निर्माण योजना तैयार की जाए, जिसमें राजनीतिक समाधान, मानवीय सहायता और संवाद-तीनों को समान महत्व मिले। गाज़ा के बच्चे जब फिर से स्कूलों में लौटेंगे, जब शरणार्थी अपने घरों में बस सकेंगे, जब भय की जगह भरोसा जन्म लेगा, तभी यह कहा जा सकेगा कि गाज़ा में शांति आई है। इजरायल को यहां ज्यादा उदारता का परिचय देना होगा, क्योंकि इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह बहुत ताकतवर है। हमास को भी हिंसा से बचना चाहिए। द्वि-राष्ट्रीय व्यवस्था को जमीन पर ठीक से साकार करना हमास का लक्ष्य होना चाहिए । हमास को अपनी छवि सुधारने की चिंता करनी चाहिए, अगर उस पर यकीन किया गया है, तो उसे खरा उतरना होगा। गाजा में किसी भी सूरत में हिंसा की वापसी नहीं होनी चाहिए। आज यह युद्धविराम भले ही 'एक आशा की किरण' बना हो, परंतु उसे स्थायी प्रकाश में बदलना विश्व समुदाय के विवेक, संवेदनशीलता और सतत प्रयास पर निर्भर करता है। - ललित गर्ग

# नये युग में भारत और अफगानिस्तान संबंध

**मृत्युंजय दीक्षित**

अंतरराष्ट्रीय सम्बन्धों में कोई स्थाई मित्र या शत्रु नहीं होता, सभी राष्ट्र समय और परिस्थितियों के अनुसार पारस्परिक व्यवहार करते हैं। इस समय भारत के लिए सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अफगानिस्तान में तालिबान का शासन है। तालिबान की पहचान आतंकी संगठन की है किन्तु अफगानिस्तान की तालिबान सरकार अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करने के लिए वैश्विक जगत से संवाद स्थापित कर रही है। अभी तक तालिबान सरकार को केवल रूस ने ही मान्यता दी है।इस बीच अफगानिस्तान के तालिबान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी सात दिन की भारत यात्रा पर आए हैं यद्यपि भारत ने अभी तक तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है और वह काफी फूंक - फूंक कर कदम रख रहा है। भारत में मुत्ताकी के अनेक कार्यक्रम हो रहे हैं।वह उप्र में मुसलमानों की संस्था दारुल उलूम देवबंद गए हैं, उनकी दो पत्रकार वार्ताएं भी हो चुकी हैं जिसमें पहली पत्रकार वार्ता में महिला पत्रकारो को प्रवेश ण मिलने के कारण विवादों आ गई जिससे अफगानी विदेश मंत्री को दूसरी पत्रकार बुलानी पड़ी जिसमें महिला पत्रकार भी आमंत्रित थीं।अफगान विदेश मंत्री की इस यात्रा से भारत ने दक्षिण एशिया में पाकिस्तान के विरुद्ध अपना एक नया समर्थक बनाया है। मुत्ताकी की भारत यात्रा से भारत ने एक कूटनीतिक बढ़त यह प्राप्त कर ली है संयुक्त बयान में अफगानिस्तान ने अप्रैल में जम्मू -कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए भारत की जनता व सरकार के प्रति संवेदना व एकजुटता व्यक्त की है । भारत और अफगानिस्तान के बयान के अनुसार दोनो पक्षों ने क्षेत्रीय देशों से उत्पन्न सभी आतंकवादी कृत्यो की स्पष्ट रूप से निंदा की और क्षेत्र में शांति स्थिरता एवं आपसी विश्वास को बढ़ावा देने के महत्व पर बल दिया गया है। अफगान विदेश मंत्री ने जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बताया जिससे पाकिस्तान को इतनी चोट पहुंची कि उसने अफगानिस्तान पर हमला कर दिया फिर अफगानिस्तान ने करते हुए पाकिस्तान के 58 सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया और उनकी कई चौकियों पर कब्जा कर लिया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अफगान विदेश मंत्री मुत्ताकी की मुलाकात के बाद बयान जारी किया गया कि भारत और अफगानिस्तान के रिश्ते सदियों पुराने हैं तथा इन संबंधों को और मजबूत किया जाएगाभारत ने काबुल स्थित दूतावास फिर से खोलने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह वही तालिबान सरकार है जिस पर कभी कोई भरोसा नहीं कर रहा था। जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अफगानिस्तान से अपनी सेनाओं को वापस बुलाने और अफगानिस्तान की सत्ता तालिबान को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया था उस समय दक्षिण एशिया में भय, आतंक, चिंता व निराशा का वातावरण उत्पन्न हो गया था कि अब क्या होगा ? अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी पर चीन और पाकिस्तान बहुत खुश थे। इन दोनों देशों को लगा कि अब अफगान सरकार उनके कहने पर चलेगी। पाकिस्तान ने सोचा कि वह तालिबान की मदद से जम्मू -कश्मीर को हथियाकर वहां शरिया कानून लागू करा देंगे किंतु समय बदलने के साथ ही पाकिस्तान का यह प्लान पूरी तरह से धराशायी गया है।आज भारत के तालिबान से सम्बन्ध बेहतर हो गए हैं क्योंकि भारत केवल राष्ट्र प्रथम को ध्यान में रख कर चल रहा। सामारिक, आर्थिक, राजनैतिक व मानवीय दृष्टिकोण से भारत का अफगानिस्तान के साथ रिश्ते सुधारना राष्ट्रहित में है। वहां से हिंदू व सिख समाज के लोग अपना कारोबार संपत्ति जायदाद आदि छोड़ के आए हैं। अफगानी विदेश मंत्री मुत्ताकी से भारत ने यह कहलवा लिया है कि अब कोई भी ताकत अफगान की धरती का उपयोग भारत के खिलाफ नही कर सकेगी। इसका स्पष्ट इंगित पाक परस्त खुफिया एजेंसी आईएसआई की ओर था। तालिबान विदेश मंत्री मुत्ताकी की भारत यात्रा के लिए काफी समय से होमवर्क किया जा रहा था। जनवरी में ही तालिबान शासन और भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कई दौर की वार्ता हो चुकी थी जिसके बाद मुत्ताकी ने भारत को एक अहम क्षेत्रीय और आर्थिक शक्ति बताया था। यह सर्वविदित तथ्य है कि भारत और अफगानिस्तान के रिश्ते अत्यंत लंबे समय से प्रगाढ़ रहे हैं और अफगानिस्तान के कठिन समय में भारत ने सदा उसकी सहायता की है। तालिबान शासन आने के बाद भी जब वहां पर विनाशकारी भूकंप आया तब भारत अफगान नागरिकों के साथ खड़ा रहा। अफगान विदेश मंत्री और भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की मुलाकात के बाद अफगानिस्तान को 20 एम्बुलेंस देने के साथ ही वहां की आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के लिए भारत ने सहायता की घोषणा की है।

## सेहत मंत्र

# डायबिटीक हैं तो डाइट में जरूर शामिल करें प्याज, मिलेंगे फायदे

प्याज एक ऐसी सब्जी है, जिसे लोग कई तरह से खाना पसंद करते हैं। कभी सब्जी मे तड़के के रूप में तो कभी कच्चा ही सलाद के रूप में। यूं तो यह आपके खाने के टेस्ट को कई गुना बढ़ा देता है, लेकिन इसके हेल्थ बेनिफिट भी कम नहीं है। खासतौर से, मधुमेह ग्रस्त व्यक्ति को तो प्याज का सेवन जरूर करना चाहिए। मधुमेह एक ऐसी समस्या है, जिससे आज के समय में अधिकतर भारतीय पीड़ित है। यूं तो लोग अपनी समस्या के समाधान के लिए दवाइयों का सेवन करते हैं, लेकिन इसके अतिरिक्त आपको अपने आहार पर भी ध्यान देना चाहिए। आपको शायद पता न हो लेकिन अगर आप प्याज का सेवन करते हैं तो इससे आप ब्लड शुगर को आसानी से नियंत्रित रख सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको डायबिटीक पेशेंट के प्याज के सेवन से होने वाले कुछ बेहतरीन फायदों के बारे में बता रहे हैं? **फाइबर की अधिकता**–प्याज खासतौर से रेड प्याज में फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। फाइबर को टूटने और पचने में समय लगता है, जिसके कारण रक्तप्रवाह में शुगर कम मात्रा में रिलीज़ होती है। इतना ही नहीं, फाइबर आपको कब्ज की समस्या से भी राहत दिलाता है। मधुमेह के रोगियों में कब्ज की समस्या बेहद आम होती है। इस तरह आपको प्याज का सेवन तो जरूर करना चाहिए। **लो कार्ब्स**– मधुमेह रोगियों के लिए प्याज के सेवन का एक दूसरा लाभ यह है कि इसमें कार्ब्स काफी कम मात्रा में होते हैं। दरअसल, मधुमेह रोगियों के लिए अधिक कार्ब्स वाले फूड का सेवन बिल्कुल भी अच्छा नहीं माना जाता। कार्ब्स बहुत जल्दी मेटाबोलाइज हो जाते हैं, जिसके कारण वह ब्लड में शुगर को तेजी से रिलीज करते हैं। ऐसे में अगर आप अधिक कार्ब्स लेते हैं तो इससे उनके ब्लड में शुगर की मात्रा बढ़ जाती है। इसलिए यह सलाह दी जाती है कि मधुमेह रोगी हमेशा लो कार्ब्स वाले आहार का सेवन करें। प्याज मधुमेह रोगियों के लिए कई मायनों में लाभकारी है। आप कच्चा प्याज सलाद के रूप में खाने के साथ–साथ सब्जी में तड़के, सूप या सैंडविच में भी इसे आसानी से खा सकते हैं। जर्नल एनवार्यनमेंटल हेल्थ इनसाइट्स में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, ताजा प्याज का सेवन करने से टाइप–1 और टाइप–2 डायबिटीज के रोगियों के रक्त शर्करा के स्तर में कमी आती है।

## धर्म मंत्र

# श्रीकृष्ण से सीखें जीवन की कला अलौकिक व्यक्तित्व के धनी थे कान्हा

श्रीकृष्ण ने मनुष्य जाति को नया जीवन-दर्शन दिया। जीने की शैली सिखलाई। उनकी जीवन-कथा चमत्कारों से भरी है, लेकिन वे हमें जितने करीब लगते हैं, उतना और कोई नहीं। वे ईश्वर हैं पर उससे भी पहले सफल, गुणवान और दिव्य मनुष्य है। भगवान श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व भारतीय इतिहास के लिये ही नहीं, विश्व इतिहास के लिये भी अलौकिक एवं अद्भुत व्यक्तित्व है और सदा रहेगा। वे हमारी संस्कृति के एक विलक्षण महानायक हैं। एक ऐसा व्यक्तित्व जिसकी तुलना न किसी अवतार से की जा सकती है और न संसार के किसी महापुरुष से। उनके जीवन की प्रत्येक लीला में, प्रत्येक घटना में एक ऐसा विरोधाभास दीखता है जो साधारणतः समझ में नहीं आता है। यही उनके जीवन चरित की विलक्षणता है और यही उनका विलक्षण जीवन दर्शन भी है। अपनी सरस एवं मोहक लीलाओं तथा परम पावन उपदेशों से अन्तः एवं बाह्य दृष्टि द्वारा जो अमूल्य शिक्षण उन्होंने दिया था वह किसी वाणी अथवा लेखनी की वर्णनीय शक्ति एवं मन की कल्पना की सीमा में नहीं आ सकता, यही उनकी विलक्षणता है। ज्ञानी-ध्यानी जिन्हें खोजते हुए हार जाते हैं, जो न ब्रह्म में मिलते हैं, न पुराणों में और न वेद की ऋचाओं में, वे मिलते हैं ब्रजभूमि की किसी कुंज-निकुंज में राधारानी के पैरों को दबाते हुए- यह श्रीकृष्ण के चरित्र की विलक्षणता ही तो है कि वे अजन्मा होकर भी पृथ्वी पर जन्म लेते हैं। मृत्युंजय होने पर भी मृत्यु का वरण करते हैं।

## पर्यटन



# मध्यप्रदेश के पंचमढ़ी में सुकून से घूमें और पाएं जन्नत का एहसास

गर्मी में अकसर लोगों को घूमने के लिए पहाड़ों पर जाने में ही आनंद आता हैं। इस लिए गर्मियों में अधिकतर लोगों की पसंद हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड होते हैं, लेकिन हम आपको बता रहे हैं ऐसी जगह के बारे में जहां आप गर्मी की तपिश से दूर अपने परिवार व दोस्तों के साथ घूमने जा सकते हैं। मध्यप्रदेश पहाड़ी प्रदेश तो नहीं लेकिन काफी खूबसूरत जगह हैं। यह प्रदेश भारत की धरोहर को संजोए हुए है। मध्यप्रदेश में एक मात्र हिल स्टेशन भी हैं, जिसका नाम हैं सतपुड़ा की रानी पंचमढ़ी। पंचमढ़ी बहुत ही खूबसूरत जगह है जहां से वापस आने का आपको मन नहीं होगा। **क्यों हैं पंचमढ़ी खास**– मध्यपदेश की इकलौता हिल स्टेशन हैं सतपुड़ा। पंचमढ़ी सतपुरा की रानी हैं। जहां के नजारे आपको अपना बना लेंगे। रफ्तार से भरी जिंदगी से कुछ पल आप यहां सुकून से बिता सकते हैं। यहां ज्यादा भीड़ नहीं हैं। काफी शांत जगह है। यहां काफी पुरानी गुफाएं भी हैं। मध्यप्रदेश के इस जगह में भी आपको शैलचित्र देखने को मिलेंगे। **जंगली जानवरों के अदभूत नजारे**– पंचमढ़ी में आप खूबसूरती के साथ–साथ जंगली जानवरों को देखने का भी लुफ्त उठा सकते हैं। क्योंकि पंचमढ़ी में घने जंगल और गुफाएं भी हैं जिसके कारण यहां जंगली जानवर भी जंगलों में रहते हैं। इस जंगली जगह को देखने के लिए आप जीप या स्कूटर लेकर घूमने जा सकते हो यहां आपको गौर, तेंदुआ, भालू, भैंसा और कई जंगली जानवर सहज ही देखने को मिलेंगे। **पंचमढ़ी में उठाएं पवित्र गुफाएं देखने का आनंद**– जटाशंकर एक बेहद पवित्र गुफा है। यह पंचमढ़ी से बस एक किलोमीटर की दूरी पर हैं। यहां जाने के लिए थोड़ा पैदल चलना पड़ता है। इस पवित्र जगह पर प्राकृतिक शिवलिंग हैं। यहां की चट्टान पर बड़ी सी हनुमान जी की मूर्ति बनी हैं। इसके अलावा यहां आप पांडव गुफा को देखने के लिए जा सकते हैं। इस गुफा का इतिहास महाभारत काल से जुड़ा हुआ हैं। इस गुफा में 'द्रौपदी कोठरी' और 'भीम कोठरी' अपना खास महत्व रखते हैं।

# चोरों के चक्रव्यूह को तोड़ेंगे अभिमन्यु, मास्टर प्लान तैयार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पुलिस टीम के साथ चौकीदार , एवं ग्राम सुरक्षा समिति भी होगी सक्रिय , हर स्थित पर नजर रखेगा खाकी का गोपनीय तंत्र**




हैदरगढ़, बाराबंकी । नवरात्र और दुर्गापूजा के दौरान कस्बा एवं ग्रामीण अंचलों में हुई चोरी की घटनाओं ने लोगों में भय और असुरक्षा की भावना पैदा कर दी थी। कई स्थानों पर रतजगा, शंकाओं और अफवाहों के चलते तनाव की स्थिति बनी रही। हालांकि इसी दौरान पुलिस की निरंतर गश्त, क्षेत्र भ्रमण और सीधी संवाद शैली ने जनता में विश्वास की स्थिति को मजबूत किया। पुलिस की धरातल पर सक्रिय उपस्थिति ने यह संदेश स्पष्ट किया कि खाकी वर्दी अभी भी अपने पूरे इक़बाल के साथ क्षेत्र की सुरक्षा में तैनात है।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल ने चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी हेतु एक समग्र रणनीति तैयार की है, जिसे स्थानीय स्तर पर ल्लअभिमन्यु प्लानङ्क की संज्ञा दी जा रही है। यह योजना पारंपरिक कार्रवाई तक सीमित न होकर तकनीकी साधनों, जनसहभागिता और निरंतर निगरानी पर आधारित है। ग्राम सुरक्षा समितियों को पुनः सक्रिय किया जाएगा और हर गांव एवं वार्ड से सीधे पुलिस थाने तक सूचना चैनल तैयार किया जा रहा है। व्हाट्सऐप आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से विशेष ग्रुप बनाकर संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस टीम तक पहुंचाई जाएगी। उपनिरीक्षक से लेकर बीट कांस्टेबल तक प्रत्येक स्तर पर स्पष्ट जिम्मेदारी तय की गई है। जेल से छूटे अपराधियों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा उनकी रोजाना गोपनीय रिपोर्ट थाना स्तर पर संकलित की जाएगी। इसके साथ ही मोबाइल लोकेशन निगरानी, तकनीकी सर्विलांस और डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम को भी अभियान से जोड़ा जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल ने स्पष्ट कहा है कि पुलिस का उद्देश्य सिर्फ कार्रवाई करना नहीं, बल्कि अपराध होने से पूर्व ही उसे रोकना है। उनके अनुसार पुलिस की सबसे बड़ी ताकत बंदूक नहीं, बल्कि जनता का विश्वास होता है और इसी विश्वास को मजबूत करने के लिए पुलिस-जन संवाद मॉडल लागू किया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक चरण के बाद योजना में स्मार्ट सर्विलांस, ड्रोन गश्त और रियल टाइम मॉनिटरिंग यूनिट को भी जोड़ा जाएगा। इस रणनीति के माध्यम से पुलिस ने संदेश दिया है कि अब अपराधियों के लिए क्षेत्र की सीमाएं खुली नहीं रहेंगी। पुलिस का इक़बाल कायम है और अब सुरक्षा तंत्र को और अधिक मजबूत एवं जवाबदेह स्वरूप में सक्रिय किया जा रहा है। हालांकि पुलिस ने यह भी अपील की है कि जनता अफवाहों के बजाय सूचना तंत्र को मजबूत करे और हर संदिग्ध गतिविधि की जानकारी सीधे पुलिस को दे। इस मास्टर प्लान के क्रियान्वयन के साथ ही स्पष्ट संकेत मिल रहा है कि हैदरगढ़ पुलिस अब रिएक्टिव नहीं, बल्कि प्रिवेंटिव मोड पर काम करेगी। अब फोकस सिर्फ चोरी पकड़ने पर नहीं, बल्कि चोरी होने से रोकने पर होगा। पुलिस-जन सहयोग के साथ यह मॉडल क्षेत्र में एक नई और सशक्त पुलिसिंग व्यवस्था की शुरुआत माना जा रहा है।

# किसानों के साथ किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी । मंगलवार को किसान दिवस का आयोजन गांधी सभागार डीआरडीए कार्यालय में संपन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने की बैठक में भारतीय किसान हरपालगुट के जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी ने बताया कि धान खरीद 1 अक्टूबर से जनपद में खरीद की जाएगी लेकिन मंडी सचिव द्वारा मंडी में धान की बोली लगाकर खरीद कराई जाए जिससे किसानों को लागत समर्थन मूल्य मिल सके अन्य जनपदों में मंडी में बोली लगाकर खरीद की जाती है धान की लेकिन बाराबंकी में मंडी सचिव द्वारा धान की खरीद नहीं कराई जाती है जिससे किसान अपना धान ओने पौने दामों बेचने पर मजबूर है ऐसे लाइसेंस धारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए और बताया कि जनपद में आलू बुवाई की समय किसानों की खाद की दिक्कत ना हो सभी समितियां पर खाद वितरण कराई जाए जिससे किसान बुवाई कर सके और जनपद की सभी नहरों की सफाई कराई जाएगी जिससे टेल तक पानी पहुंच सके का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा और नहर सफाई धान की पराली जलाने व आलू की बुवाई को लेकर खाद की समस्या को और अन्य किसानों की समस्याओं को लेकर प्रमुखता से उठाया गया जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि तत्काल समस्याओं पर समाधान कराया जाए अगर किसानों की समस्याओं में लापरवाही की गई तो नहीं दो चार लोगों को सस्पेंड किया जाएगा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सूदन अपर जिलाधिकारी रामजी यादव अतिरिक्त ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह उप कृषि निदेशक धीरेंद्र कुमार सिंह जिला कृषि अधिकारी राजित राम वर्मा जिला पशु चिकित्सा अधिकारी अतुल कुमार सिंह जिला विपणन अधिकारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार सिंह अधिशासी अभियंता सिंचाई राजीव कुमार सिंह अधिशासी अभियंता विद्युत घनश्याम त्रिपाठी आदि संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे केके गुड्डू यादव लाल जी यादव संजय यादव कुन्ना यादव ।

# पति से पीछा छुड़ाने के लिए पत्नी ने कराया हत्या, खुलासा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। थाना घुंघटेर क्षेत्र में 13 अक्टूबर को घटित हनुमंत उर्फ हनोमान हत्याकांड का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। स्वाट व सर्विलांस टीम की मदद से घुंघटेर पुलिस ने मृतक की पत्नी पूजा और ई रिक्शा चालक कमलेश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों के पास से हत्या में प्रयुक्त लोहे की सरिया, मोबाइल फोन और ई-रिक्शा बरामद किया है।

पति से पीछा छुड़ाने के लिए रची थी साजिश

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में गठित टीम ने जांच शुरू की, जिसमें चौंकाने वाला खुलासा हुआ। मृतक की पत्नी पूजा, मूल रूप से ग्राम मंगलपुरवा ददेरा की रहने वाली है, जिसका अपने ही भतीजे से अवैध संबंध था। इसकी भनक पति हनुमंत को लग गई थी, जिससे दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था।

पति से छुटकारा पाने के लिए पूजा ने लखनऊ में रहने वाले ई-रिक्शा चालक कमलेश से संपर्क किया और उसे हत्या के लिए एक लाख रुपये की सुपारी दी। लालच में आकर कमलेश हत्या के लिए तैयार हो गया।देवा मेला से लौटते समय दी वारदात को अंजाम दिया। 13 अक्टूबर को पूजा अपने पति और बच्चों के साथ लखनऊ स्थित घर की सफाई करने के बाद देवा मेला घूमने आए गई। वापसी में उसने पहले से तय योजना के तहत हत्या के बाद पूजा ने पुलिस और परिजनों को गुमराह करने के लिए यह कहानी गढ़ी कि उसके पति की मौत सड़क हादसे में हुई है। पुलिस ने पूजा और कमलेश को ददेरा ताहिरपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

## तकनीकी सहायक की कार्यशैली से ग्राम प्रधान नाराज़, खंड विकास अधिकारी से की शिकायत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड सिद्धौर बाराबंकी में तैनात तकनीकी सहायक राणा प्रताप सिंह की कार्यशैली से ग्राम प्रधान काफी परेशान ह। ग्राम प्रधानों का आरोप है कि किसी भी विकास कार्य के बाद मेजरमेंट बुक (एमबी) करवाने के नाम पर अवैध धनवसूली की जाती है। प्रधानों का कहना है कि अगर कोई प्रधान इस वसूली से इंकार कर देता है, तो उसकी एमबी रोक दी जाती है या फिर कार्य को अमान्य कर दिया जाता है। इस रवैये से क्षेत्र के कई ग्राम प्रधान नाराज़ हैं।हाजीपुर श्यामनगर के प्रधान अमर बहादुर, मदारपुर के प्रधान राजकिशोर, लाखुपुर के प्रधान मायाराम रावत, इनायतपुर के प्रधान सरोज कुमार, सेमरी रामराज सहित अन्य प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी से लिखित शिकायत कर तकनीकी सहायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## छः घंटे तक बाधित रही बिजली आपूर्ति

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। 33 हजार हाईटेंशन विद्युत लाईन में आयी यांत्रिक खराबी के कारण क्षेत्र की करीब 6 घण्टे से बिजली गुल रही इस दौरान उपभोक्ता जहाँ गर्मियों से परेशान रहे वही लोग पानी को तरस आ गये।

बताते चले कि बुधवार की सुबह करीब 12 बजे दहेजिया गांव के निकट 33 हजार हाईटेंशन लाइन के केबिल बॉक्स यांत्रिक खराबी होने के कारण क्षेत्र कस्बा मसौली, बांसा, बड़ागांव, सहादतगंज अनूपगंज, रामपुर, सैदनपुर सहित करीब दो सैकड़ा से अधिक गाँवो बिजली गुल हो गयी दोपहर में ही निकले विद्युतकर्मियों ने खराबी को ठीक करने मे जुट गये तब शाम करीब 6 बजे बिजली शुरू हो सकी। करीब 6 घण्टे से अधिक समय तक बिजली न आने से लोग गर्मी से बेहाल रहे और लोग पानी को तरस गये। अवर अभियंता लाल जी सिंह ने बताया कि 33 हजार हाइटेशन लाइन मे यांत्रिक खराबी आ गयी थी जिसे सही कर आपूर्ति चालू की गयी है।

## लापता ई रिक्शा चालक शव बरामद

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। आरएसघाट कोतवाली क्षेत्र के चंदवली गांव निवासी 40 वर्षीय ई–रिक्शा चालक जगदीश पुत्र मंगल शव संदीप परिस्थितियों में इब्राहिमाबाद पुल के नीचे नदी किनारे बरामद हुआ। परिजन जगदीश को सीएचसी ले गए । सत्ता बहुत देर चुकीं थीं। परिजनों ने बताया कि सोमवार को घर से ई–रिक्शा लेकर निकला था। जगदीश अपने पीछे पत्नी और चार मासूम बच्चे विनय (17) गुड़िया (16) आंचल (14) और जान्वी (6) छोड़ गया । थाना प्रभारी अंकित त्रिपाठी ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेज दिया गया।

## गायत्री महायज्ञ की तैयारी जोरों पर

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। युगतीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आगामी 26 से 29 नवम्बर तक शहर के जेब्रा पार्क में आयोजित शक्ति संवर्धन 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियाँ शीर्ष पर हैं।दो नवम्बर को भूमि पूजन हेतु अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत को आमंत्रित किया गया है।गायत्री परिवार की महिला व पुरुष टोलियाँ जिले घर में घर घर जनसंपर्क कर रही हैं।जोकि भूमि पूजन एवं महायज्ञ में शामिल होने का न्यौता दे रही हैं साथ ही समयदान अंशदान का संकल्प भी करवा रही हैं।

## बीडीओ संजीव ने किया गौशाला का निरीक्षण

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने बुधवार को हजरतपुर गौशाला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौशाला में गौवंशो की गणना कराई और उनकी देखरेख व व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के समय बीडीओ ने भूसा भंडारण का जायजा लिया, जहां भूसा, हरा चारा और पशु आहार उपलब्ध पाया गया। उन्होंने गौशाला के रजिस्टर का भी अवलोकन किया और पशुओं की संख्या का मिलान किया। क लेखपाल के साथ मिलकर गांव में गौचरी के लिए आरक्षित लगभग 3 बीघा भूमि का सीमांकन कराया। यह भूमि गौशाला संचालक और ग्राम सचिव सुरेश चंद्र यादव को सौंपते हुए, उस पर हरा चारा और नेपियर घास बोने के निर्देश दिए गए।इस निरीक्षण के दौरान उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. गयाप्रसाद, सहायक विकास अधिकारी कोआपरेटिव आशीष वर्मा, सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा, राजेश कुमार सहित कई अन्य अधिकारी और प्रधान प्रतिनिधि औन मिंया मौजूद रहे।इस संबंध में खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि गौवंशों की गिनती कराई गई जो रजिस्टर के अनुसार बराबर पाई गई। गौशाला में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए गए थे।

## कृषक की भैंस चोरी

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। किसान के मकान के बाहर हाते में बंधी भैंस बीती रात अज्ञात चोरों चोरी कर ले गए।चोरी की जानकारी किसान को सुबह होने पर स्थानीय थाने में मामले की तहरीर दी है। घुंघटेर थाना क्षेत्र के लिल्लाहपुर निवासी रामकिशोर किसान का कहना है कि कुछ दिन पूर्व बाजार से 90 हजार की भैंस खरीद कर लाया था।इस संबंध में घुंघटेर थानाध्यक्ष बेचू सिंह यादव ने बताया कि मामला जानकारी में नहीं है अगर तहरीर मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## चिकित्सा अधिकारी की मुख्यमंत्री को चिट्ठी भेज की शिकायत फर्जी क्लिनिक मामलें में कार्यवाही की जगह की गई लीपापोती

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिना डिग्री फर्जी चिकित्सा व्यवसाय किये जाने की शिकायत पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं औषधि निरीक्षक ने छापामार कार्रवाई की थी। जिसमें कथित चिकित्सक को रोगी का उपचार करते हुए पाया गया। साथ ही दुकान से दवाइयां भी बरामद हुई। इस मामले में कार्रवाई करने की जगह कुछ ही दिनों में लीपा पोती कर पूरे मामले को सिरे से ही नकार कर दिया गया। बल्कि उल्टा शिकायतकर्ता पर ही पूर्व में हुई वैधानिक कार्रवाई का हवाला देते हुए सवालिया निशान खड़ा कर दिया गया। इस मामले में शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री को पूरे प्रकरण से अवगत कराते हुए दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है धर्मेंद्र कुमार, पवन सिंह, अनमोल सिंह, अभिषेक, देवशरण, गौतम, मदनलाल, अशोक प्रजापति, विनोद राठौर, शिव चरन कुशवाहा, शिव पाल, चरनजीत सिंह, गेदन लाल, गंगा राम पाल, रामदुलारे, दीन दयाल, राम सिंह ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री को पूर्व में दर्ज कराई गई शिकायतें जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी पीलीभीत के विरुद्ध 40015125022623, 400145125021338, 60000250225838 औषधि निरीक्षक पीलीभीत के विरुद्ध 40015125022770, 40015125021333 प्रभारी चिकित्सा अधिकारी पूरनपुर पीलीभीत 40015125022629 शिकायतों का हवाला देते हुए कहा गया कि कपूर कंप्यूटर नामक दुकान में फर्जी क्लिनिक संचालन मामले में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी पूरनपुर तथा औषधि निरीक्षक द्वारा छापेमारी की गयी थी।

# दीपावली पर सिर्फ एक पटाखा लाइसेंस, इसरतुल निशा का परिवार बना रहा पटाखेअनार–महताब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिद्धौर बाराबंकी कोठी थाना क्षेत्र के सेमरावा गांव में इस साल दीपावली पर आतिशबाजी बनाने का सिर्फ एक ही लाइसेंस जारी किया गया है। यह लाइसेंस इसरतुल निशा को मिला है, जिनका परिवार इन दिनों अनार और महताब जैसे पारंपरिक पटाखे बनाने में जुटा हुआ है।

बताया गया कि सेमरावा बाजार के पीछे बने एक बाग में पटाखे तैयार किए जा रहे हैं, जबकि गोदाम गांव से करीब 200 मीटर की दूरी पर स्थित है। इसरतुल निशा ने बताया कि सुरक्षा मानकों का ध्यान रखते हुए पटाखे तैयार किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि करीब तीन साल पहले कोठी थाना क्षेत्र के मजपुरा गांव में लाइसेंस धारक सायरा बानो के घर पर अचानक विस्फोट हो गया था। हादसे में कोई हताहत तो नहीं हुआ, लेकिन घर की छत गिर गई थी और बड़ी मात्रा में पटाखे बरामद हुए थे। इसके बाद उनका लाइसेंस रद्द कर दिया गया था। थाना प्रभारी अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि इसरतुल निशा को पटाखे बनाने और भंडारण के दौरान सभी सुरक्षा नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि किसी तरह की लापरवाही या नियमों का उल्लंघन पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बीडीओ ने पंचायत भवन व पुस्तकालय का किया अवलोकन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। बुधवार को खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव व खण्ड शिक्षा अधिकारी जानेंद्र कुमार गुप्ता ने ग्राम पंचायत बड़ागांव स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रथम व द्वितीय सहित पंचायत भवन बड़ागांव मे संचालित लाइब्रेरी का जायजा लिया। प्राथमिक विद्यालय प्रथम पहुंचे खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव, खण्ड शिक्षा अधिकारी जानेंद्र कुमार गुप्ता ने स्कूल की पठन पाठन का जायजा लिया तथा बच्चो की शिक्षा गुणवत्ता परखी तथा एमडीएम का खाना बनाने वाली रसोइयो से मीनू के अनुसार बच्चो को भोजन देने के निर्देश दिये अधिकारियो ने विद्यालय की साफ सफाई व पेंटिंग की प्रशंसा की इसके पश्चात बीडीओ एव बीईओ ने प्राथमिक विद्यालय द्वितीय का जायजा लिया तथा बच्चो के लिए एमडीएम मे बनी साबूतदाने की खीर को चखा विद्यालय के कार्यालय, क्लासरूम का निरीक्षण किया तथा बच्चो से संवाद कर शिक्षा को परखा। खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव, खण्ड शिक्षा अधिकारी जानेंद्र कुमार गुप्ता ने पंचायत भवन बड़ागांव मे संचालित लाइब्रेरी का जायजा लिया अधिकारियो ने बच्चो से संवाद किया और तैयारी मे लगे बच्चो से प्रश्न किया। उन्होंने बच्चो से मन लगाकर पढ़ने को कहा।

इस दौरान सहायक विकास अधिकारी आईएसबी मदन गोपाल कनौजिया, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहमंद, पंचायत सचिव जैसराम, उत्तम कुमार वर्मा, तकनीकी सहायक अजय कुमार वर्मा, प्रधानाधियापिका कहकंशा खातून, अस्फी फातिमा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सड़क हादसों में पुलिस कर्मी सहित पांच लोग जखमी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । असंद्रा थाना क्षेत्र में बीती रात जरौली गांव स्थित हनुमान मंदिर के निकट डायल 112 की स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई ।संयोग से हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई ।वाहन में एक उपनिरीक्षक समेत कुल तीन पुलिसकर्मी सवार थे । डायल 112 का वाहन संख्या यूपी 32 डीजी 5498 बीती रात धनौली गांव की ओर से असंद्रा बाजार की ओर जा रहा था ।वाहन आरक्षी संजय चला रहे थे और उपनिरीक्षक शिवपूजन समेत दो पुलिसकर्मी बैठे थे ।रास्ते में जरौली गांव स्थित हनुमान मंदिर के निकट सामने सड़क पर अचानक एक वनरोज आ गया जिसको बचाने के चक्कर में चालक ने गाड़ी से अपना नियंत्रण खो दिया और गाड़ी सड़क से उतरकर खाई में जाकर पलट गई ।हादसे के बाद वाहन पर सवार पुलिसकर्मी शीशा तोड़कर किसी तरह से बाहर निकले ।हादसे में सभी को मामूली चोट आई है ।बुधवार सुबह क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को बाहर निकाला गया ।

बाइक स्कूटी भिड़ंत में दो घायल

असंद्रा थाना क्षेत्र में हैदरगढ़ - बाराबंकी मार्ग पर कादिरपुर बाजार के निकट बाइक और स्कूटी की आमने सामने हुई भिड़ंत में दो लोग घायल हो गए ।थाना क्षेत्र के भठिया गांव निवासी रंजीत बुधवार को अपनी बाइक से हैदरगढ़ की ओर जा रहा था ।रास्ते में कादिरपुर बाजार के निकट सामने से आ रहे मारूफपुर गांव निवासी गंगाराम की स्कूटी से उसकी बाइक भिड़ गई ।फलस्वरूप दोनों वाहन सवार घायल हो गए ।जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

# शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता को ध्यान में रखे : पूजा

**ब्लॉक दिवस में सुनी समस्याएं**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। सिद्धौर खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को ब्लाक मुख्यालय पर ब्लाक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें आए पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए ,सिद्धौर खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह ने पीड़ितों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह ने बताया कि ब्लाक दिवस में दो शिकायती पत्र आए हैं। जिनके निस्तारण के संबंध में संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।ब्लाक दिवस में एडीओ पंचायत कौशल कुमार, लघु सिंचाई अवर अभियंता सोमवीर सिंह यादव, ग्राम पंचायत सचिव सचिन अवस्थी, रवीन्द्र कुमार वर्मा, प्रमोद कुमार वर्मा,दीपक कुमार,अजय नाथ गौड़, सियाराम, वीरेंद्र कुमार,रेखा चौधरी समेत ब्लाक के संबंधित अधिकारी कर्मचारी आदि मौजूद रहे।



## आईसीसी वनडे रैंकिंग: राशिद खान फिर नंबर 1 गेंदबाज

नई दिल्ली। अबू धाबी में बांग्लादेश पर 3-0 की धमाकेदार सीरीज़ जीत में अहम भूमिका निभाने के बाद अफगानिस्तान के स्टार लेग स्पिनर राशिद खान ने आईसीसी पुरुष वनडे गेंदबाज़ी रैंकिंग में नंबर 1 स्थान फिर से हासिल कर लिया है। आईसीसी की ताज़ा रैंकिंग अपडेट 15 अक्टूबर को जारी की गई। राशिद ने सीरीज़ में कुल 11 विकेट झटके, जिसमें दूसरे मैच में शानदार पांच विकेट भी शामिल हैं। इस प्रदर्शन के दम पर उन्होंने पांच स्थान की छलांग लगाते हुए 710 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। वह दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज (680 अंक) से 30 अंक आगे हैं।



# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2025

**दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-**

**उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 15.11.2025 तक |
| 02251 | पटना जं. | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगलवार, बृहस्पतिवार, रविवार | 16.11.2025 तक |
| 02253 | पटना जं. (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | सप्ताह में तीन दिन | शनिवार, सोमवार, बुधवार | 17.11.2025 तक |
| 02254 | नई दिल्ली | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | | रविवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार | 16.11.2025 तक |
| 04203 | लखनऊ | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 04204 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ | 06:35 | | | |
| 04008 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:30 | जोगबनी | 17:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04007 | जोगबनी | 18:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04010 | दिल्ली जं. | 23:05 | सीतामढ़ी | 22:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04009 | सीतामढ़ी | 23:55 | दिल्ली जं. | 23:58 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर जं. | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04060 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 09:00 | जयनगर | 07:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04059 | जयनगर | 10:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:40 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04070 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 19:00 | | | |
| 04064 | दिल्ली जं. | 11:00 | भागलपुर | 10:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 04063 | भागलपुर | 13:40 | दिल्ली जं. | 15:30 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | |
| 04219 | शाहगंज | 22:35 | अयोध्या धाम | 01:40 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम | 02:10 | शाहगंज | 04:40 | | | |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा जं. | 16:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04449 | दरभंगा जं. | 18:15 | नई दिल्ली | 23:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी जं. | 23:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04453 | मानसी जं. | 01:10 | नई दिल्ली | 03:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद जं. | 02:20 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04455 | धनबाद जं. | 04:00 | नई दिल्ली | 06:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04458 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04457 | भागलपुर | 18:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 22:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04016 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04015 | सीतामढ़ी | 16:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 18:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 19.12.2025 तक |
| 04451 | हावड़ा जं. | 23:50 | नई दिल्ली | 04:10 | | | 20.12.2025 तक |
| 04094 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04093 | पटना जं. | 07:45 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 00:45 | | | 30.11.2025 तक |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04095 | पाटलिपुत्र | 00:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 21:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड जं. | 12:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04097 | हसनपुर रोड जं. | 15:00 | नई दिल्ली | 18:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 02877 | रांची जं. | 23:55 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 17.10.25 से 31.10.25 |
| 02878 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 04:00 | रांची जं. | 05:00 | | रविवार | 19.10.25 से 02.11.25 |
| 04504 | चंडीगढ़ जं. | 23:35 | पटना जं. | 21:00 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04503 | पटना जं. | 23:00 | चंडीगढ़ जं. | 23:10 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जं. | 09:40 | छपरा जं. | 09:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04607 | छपरा जं. | 12:00 | अमृतसर जं. | 13:30 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05314 | गोमती नगर | 00:15 | महबूबनगर | 19:10 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05313 | महबूबनगर | 22:10 | गोमती नगर | 15:00 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05017 | मऊ जं. | 05:30 | उधना जं. | 12:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05018 | उधना जं. | 15:00 | मऊ जं. | 22:30 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05115 | छपरा जं. | 17:45 | उधना जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05116 | उधना जं. | 10:00 | छपरा जं. | 23:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जं. | 21:00 | अमृतसर जं. | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जं. | 13:25 | कटिहार जं. | 23:45 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 04090 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04089 | पटना जं. | 18:20 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:50 | | | 30.11.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जं. | 06:25 | लखनऊ | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ | 16:30 | वाराणसी जं. | 21:50 | | | |
| 04221 | वाराणसी जं. | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04222 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी जं. | 18:00 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04224 | वाराणसी जं. | 14:50 | चण्डीगढ़ | 08:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, बुध, शुक्र | 28.11.2025 तक |
| 04223 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं. | 04:00 | | मंगल, बृहस्पति, शनि | 29.11.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 07:00 | गोमती नगर | 07:15 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05741 | गोमती नगर | 09:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:25 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05734 | किशनगंज | 09:10 | अमृतसर जं. | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 05733 | अमृतसर जं. | 04:25 | किशनगंज | 17:30 | | शनिवार | 15.11.2025 तक |
| 05325 | गोमती नगर | 00:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 05:50 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05326 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 07:55 | गोमती नगर | 10:45 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05023 | गोमती नगर | 23:55 | खातीपुरा | 17:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05024 | खातीपुरा | 18:50 | गोमती नगर | 11:45 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 04195 | आगरा कैंट | 05:00 | जोगबनी | 18:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04196 | जोगबनी | 21:00 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08763 | दुर्ग जं. | 07:20 | सुलतानपुर जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08764 | सुलतानपुर जं. | 10:00 | दुर्ग जं. | 12:50 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01491 | पुणे जं. | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 20:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 01492 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 22:30 | गोरखपुर जं. | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01080 | गोरखपुर जं. | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 00:40 | | | 02.12.2025 तक |
| 03107 | कोलकाता | 23:55 | लखनऊ | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 06.11.2025 तक |
| 03108 | लखनऊ | 01:40 | कोलकाता | 00:40 | | शनिवार | 08.11.2025 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार (ट.) | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 03436 | आनंद विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 21:05 | | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02392 | आनंद विहार (ट.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09083 | मुंबई सेंट्रल | 23:10 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09084 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 09111 | वडोदरा जं. | 19:00 | गोरखपुर जं. | 23:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09112 | गोरखपुर जं. | 05:00 | वडोदरा जं. | 08:00 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बड़गाम | 20:20 | सप्ताह में छः दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 02.12.2025 तक |
| 04688 | बड़गाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | |
| 09639 | मदार जं. | 04:30 | रोहतक जं. | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 09640 | रोहतक जं. | 13:20 | मदार जं. | 22:35 | | | |
| 09429 | साबरमती | 08:50 | गोरखपुर जं. | 10:00 | सप्ताह में तीन दिन | बृहस्पति, शुक्र, रवि | 16.10.25 से 26.10.25 |
| 09430 | गोरखपुर जं. | 13:00 | साबरमती | 15:30 | | शुक्र, शनि, सोम | 17.10.25 से 27.10.25 |
| 04402 | शकूर बस्ती | 21:15 | लखनऊ | 09:30 | सप्ताह में तीन दिन | शुक्र, शनि, रवि | 17.10.25 से 19.10.25 |
| 04401 | लखनऊ | 12:30 | शकूर बस्ती | 00:40 | | शनि, रवि, सोम | 18.10.25 से 20.10.25 |
| 04404 | शकूर बस्ती | 15:15 | पटना जं. | 13:30 | तिथि वार | शुक्र, शनि, रवि, बुध, बृहस्पति | 17.10, 18.10, 19.10, 22.10, 23.10, 24.10, 25.10, 26.10.25 |
| 04403 | पटना जं. | 16:00 | शकूर बस्ती | 14:40 | | शनि, रवि, सोम, बृहस्पति, शुक्र, | 18.10,19.10, 20.10, 23.10, 24.10, 25.10, 26.10, 27.10, |
| 04731 | श्री गंगानगर जं. | 13:25 | समस्तीपुर जं. | 23:00 | सप्ताह में तीन दिन | रविवार | 19.10.25 से 02.11.25 |
| 04732 | समस्तीपुर जं. | 01:00 | श्री गंगानगर जं. | 12:20 | | मंगलवार | 21.10.25 से 04.11.25 |
| 09523 | ओखा | 10:00 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 09524 | शकूर बस्ती | 13:15 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 01415 | पुणे जं. | 06:50 | गोरखपुर जं. | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01416 | गोरखपुर जं. | 17:30 | पुणे जं. | 03:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 05301 | मऊ जं. | 04:00 | अंबाला छावनी जं. | 00:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 05302 | अंबाला छावनी जं. | 01:40 | मऊ जं. | 22:00 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05005 | बढ़नी | 15:10 | अमृतसर | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 05006 | अमृतसर | 12:45 | बढ़नी | 08:15 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01707 | जबलपुर | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 12:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 01708 | आनंद विहार (ट.) | 13:45 | जबलपुर | 09:30 | | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 01431 | पुणे जं. | 06:40 | गाजीपुर सिटी | 19:40 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, मंगलवार | 28.11.2025 तक |
| 01432 | गाजीपुर सिटी | 22:40 | पुणे जं. | 16:20 | | शनिवार, बुधवार | 29.11.2025 तक |
| 01123 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | मऊ जं. | 05:35 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01124 | मऊ जं. | 07:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 22:20 | | रविवार, मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 01051 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | बनारस | 01:10 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01052 | बनारस | 06:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:40 | | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09061 | बांद्रा (ट.) | 21:20 | बरौनी जं. | 19:15 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 09062 | बरौनी जं. | 12:15 | बांद्रा (ट.) | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 09257 | भावनगर | 13:50 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 09258 | शकूर बस्ती | 13:15 | भावनगर | 10:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02417 | प्रयागराज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | प्रयागराज | 19:40 | | शनिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 02275 | सूबेदारगंज | 21:40 | दिल्ली जं. | 08:55 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:35 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05047 | बनारस | 10:45 | कोलकाता | 05:25 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05048 | कोलकाता | 08:25 | बनारस | 04:15 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जं. | 17:00 | हजरत निज़ामुद्दीन | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09310 | हजरत निज़ामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं. | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 09095 | बांद्रा (ट.) | 11:00 | अयोध्या कैंट | 17:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 19.11.2025 तक |
| 09096 | अयोध्या कैंट | 21:00 | बांद्रा (ट.) | 06:00 | | बृहस्पतिवार | 20.11.2025 तक |
| 09097 | बांद्रा (ट.) | 21:50 | लुधियाना जं. | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09098 | लुधियाना जं. | 04:00 | बांद्रा (ट.) | 10:20 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07095 | चर्लपल्ली | 07:40 | हज़रत निजामुद्दीन | 16:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, बृहस्पतिवार | 16.10.2025 तक |
| 07096 | हज़रत निजामुद्दीन | 19:00 | चर्लपल्ली | 04:00 | | बुधवार, शुक्रवार | 17.10.2025 तक |
| 03255 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:35 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बृहस्पतिवार | अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | | सोमवार, शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जं. | 22:45 | दिल्ली जं. | 12:50 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | | शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05219 | मुज़फ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट.) | 10:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 18.10.25 से 29.11.25 |
| 05220 | आनंद विहार (ट.) | 12:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 09:45 | | रविवार | 19.10.25 से 30.11.25 |
| 03697 | गया जं. | 14:15 | दिल्ली जं. | 07:45 | सप्ताह में पाँच दिन | रवि, बृहस्पति को छोड़कर | 29.11.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | | सोम, शुक्र को छोड़कर | 30.11.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जं. | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जं. | 09:00 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05579 | पूर्णियाँ कोर्ट | 16:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | सप्ताह में चार दिन | सोम, मंगल, शुक्र, रवि | 15.12.2025 तक |
| 05580 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | पूर्णियाँ कोर्ट | 13:45 | | बुध, बृहस्पति, शुक्र, रवि | 17.12.2025 तक |
| 05575 | सहरसा जं. | 20:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 10.12.2025 तक |
| 05576 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | | मंगलवार | 16.12.2025 तक |
| 01493 | पुणे जं. | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 01494 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | मंगलवार, शुक्रवार | 14.11.2025 तक |
| 04312 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | सियालदह | 23:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.2025 तक |
| 04311 | सियालदह | 05:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 12:00 | | सोमवार | 17.11.2025 तक |
| 04314 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 11:20 | सप्ताह में दो दिन | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं. | 14:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:15 | | शुक्रवार, सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | अगले आदेश तक (20.10.25 को निरस्त) |
| 05306 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुधवार, शनिवार | अगले आदेश तक (22.10.25 को निरस्त) |
| 05625 | कामाख्या | 22:00 | रोहतक | 14:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 05626 | रोहतक | 22:10 | कामाख्या | 15:30 | | रविवार | 09.11.2025 तक |
| 02397 | गया जं. | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट.) | 08:20 | गया जं. | 00:30 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जं. | 10:10 | दिल्ली जं. | 09:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 03310 | दिल्ली जं. | 11:45 | धनबाद जं. | 13:00 | | बुधवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 03639 | गया जं. | 22:00 | दिल्ली जं. | 17:00 | सप्ताह में तीन दिन | रवि, मंगल, बृहस्पति | 30.11.2025 तक |
| 03640 | दिल्ली जं. | 19:00 | गया जं. | 11:30 | | सोम, बुध, शुक्र | 01.12.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | आनंद विहार (ट.) | 13:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 03222 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | राजगीर | 16:45 | | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 04:05 | हरिद्वार | 05:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 26.12.25 तक |
| 03224 | हरिद्वार | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 27.12.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्लि जं. | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्लि जं. | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 06597 | यशवंतपुर जं. | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:20 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं. | 19:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08760 | दुर्ग | 10:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 11:10 | साप्ताहिक | रविवार | 23.11.2025 तक |
| 08761 | हज़रत निजामुद्दीन | 12:30 | दुर्ग | 15:00 | | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 07024 | हज़रत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01483 | पुणे जं. | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01484 | हज़रत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे जं. | 23:55 | | बुधवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04123 | प्रयागराज जं. | 14:50 | हज़रत निजामुद्दीन | 11:35 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 02.11.2025 तक |
| 04124 | हज़रत निजामुद्दीन | 15:45 | प्रयागराज जं. | 09:10 | | वीरवार, सोमवार | 16.10.25 से 03.11.25 |
| 09003 | मुम्बई सेन्ट्रल | 10:30 | शकूर बस्ती | 08:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 31.10.2025 तक |
| 09004 | शकूर बस्ती | 10:15 | मुम्बई सेन्ट्रल | 10:30 | | | 16.10.25 से 01.11.25 |
| 09425 | साबरमती जं. | 08:50 | हरिद्वार जं. | 05:30 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जं. | 21:40 | साबरमती जं. | 21:30 | | वीरवार, रविवार | 16.10.25 से 30.11.25 |
| 04406 | शकूर बस्ती | 20:15 | सहरसा जं. | 05:30 | तिथि वार | शुक्र, शनि, रवि, बुध, बृहस्पति | 17.10, 18.10, 19.10, 22.10, 23.10, 24.10, 25.10, 26.10.25 |
| 04405 | सहरसा जं. | 08:00 | शकूर बस्ती | 17:40 | | रवि, सोम, मंगल, शुक्र, शनि | 19.10, 20.10, 21.10, 24.10, 25.10, 26.10, 27.10, 28.10.25 |
| 04408 | आनन्द विहार (ट.) | 23:00 | पुरी | 13:30 | 1 फेरा | सोमवार | 18.10.2025 |
| 04407 | पुरी | 16:30 | आनन्द विहार (ट.) | 07:30 | | शनिवार | 20.10.2025 |
| 04410 | शकूर बस्ती | 13:00 | झंझारपुर जं. | 18:30 | तिथि वार | बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 22.10, 23.10, 24.10, 25.10, 26.10.2025 |
| 04409 | झंझारपुर जं. | 20:30 | शकूर बस्ती | 01:40 | | बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि, सोम | 23.10, 24.10, 25.10, 26.10, 27.10.2025 |
| 04729 | श्री गंगानगर जं. | 13:25 | गोरखपुर जं. | 16:30 | 2 फेरे | बृहस्पतिवार | 23.10.25 एवं 30.10.25 |
| 04730 | गोरखपुर जं. | 19:30 | श्री गंगानगर जं. | 02:45 | | शुक्रवार | 24.10.25 एवं 31.10.25 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# भारत के साथ रणनीतिक सहयोग को और मजबूत करने को मंगोलिया तैयार: अमरसाइखान

एजेंसी

नई दिल्ली। मंगोलिया के उप प्रधानमंत्री सैनबुयान अमरसाइखान ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार भारत के साथ व्यापार, आर्थिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक और सैन्य सहयोग को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यापारिक चुनौतियों के बावजूद भारत एक प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है, जिसमें अपार संभावनाएं हैं। अमरसाइखान ने यहां पत्रकारों से कहा कि हम भारत के साथ अपने व्यापार, आर्थिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक और सैन्य सहयोग का विस्तार करने के लिए तत्पर हैं। दुनिया भर में व्यापारिक मुद्दे हैं, लेकिन भारत का विशाल बाजार उसे एक रणनीतिक भागीदार बनाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में भारत-मंगोलिया के राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ के अवसर पर मंगोलिया का दौरा किया था। अब मंगोलिया के राष्ट्रपति भारत-मंगोलिया राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ के मौके पर भारत की राजकीय दौरे (13-16 अक्टूबर तक) पर हैं।



अमरसाइखान ने कहा कि भारत और मंगोलिया के बीच रणनीतिक साझेदारी है और कई द्विपक्षीय परियोजनाएं चल रही हैं। उन्होंने इस दौरे को नए अवसरों से भरा बताया और आशा व्यक्त की कि व्यापार से जुड़े मुद्दों का संतुलन और समाधान निकाला जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि मंगोलिया के उप प्रधानमंत्री चार दिवसीय भारत दौरे पर आए राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं।

# नक्सल-मुक्त भारत की दिशा में मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि, अब केवल 3 जिले सबसे अधिक प्रभावित

एजेंसी

नई दिल्ली। नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई में मोदी सरकार ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। देश में नक्सलवाद से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या घटकर अब केवल 3 रह गई है, जबकि पहले यह संख्या 6 थी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को बयान जारी कर बताया कि अब केवल बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर (छत्तीसगढ़) को सबसे अधिक नक्सल प्रभावित जिले की श्रेणी में रखा गया है। इसके साथ ही वामपंथी उग्रवाद (एलडब्लूयई) प्रभावित जिलों की संख्या भी घटाकर 11 कर दी गई है, जो पहले 18 थी। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि 31 मार्च 2026 तक देश को पूरी तरह नक्सल-मुक्त बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे राष्ट्रीय नीति एवं कार्ययोजना के तहत नक्सलवाद के खिलाफ बहुआयामी रणनीति अपनाई गई है। इसमें सटीक खुफिया सूचनाओं पर आधारित और जनहितैषी सुरक्षा अभियानों के साथ-साथ उन क्षेत्रों में सुरक्षा उपस्थिति को सुदृढ़ किया गया है, जहां पहले सुरक्षा का अभाव था।




बयान के अनुसार, सरकार की इस सख्त और संतुलित नीति का नतीजा है कि वर्ष 2025 में अब तक नक्सल विरोधी अभियानों में रिकॉर्ड 312 उग्रवादी मारे गए, जिनमें सीपीआई (माओवादी) के महासचिव और 8 पोलित ब्यूरो/केंद्रीय समिति सदस्य शामिल हैं। इसके अलावा 836 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया और 1,639 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में वापसी की है। आत्मसमर्पण करने वालों में एक पोलित ब्यूरो सदस्य और एक केंद्रीय समिति सदस्य भी शामिल हैं।

केंद्र सरकार की रणनीति के तहत नक्सली नेतृत्व पर सटीक प्रहार, ओवरग्राउंड नेटवर्क का ध्वंस, फंडिंग के स्रोतों पर रोक, तेजी से बुनियादी ढांचे का विकास और जनकल्याण योजनाओं का त्वरित क्रियान्वयन किया जा रहा है। साथ ही केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय को मजबूत बनाते हुए नक्सलवाद से जुड़े मामलों की जांच और अभियोजन को तेज़ी दी गई है। बयान में कहा गया है कि साल 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा देश की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहे गए नक्सलवाद का प्रभाव अब तेजी से घट रहा है। कभी नेपाल के पशुपति से लेकर आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक रेड कॉरिडोर बनाने का सपना देखने वाले नक्सलवादियों का नेटवर्क सिमट चुका है। वर्ष 2013 में जहां 126 जिलों में नक्सल हिंसा दर्ज की गई थी, वहीं मार्च 2025 तक यह घटकर मात्र 18 जिलों तक रह गई जो अब केवल 3 जिले सबसे अधिक प्रभावित हैं।

# चार राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए भाजपा ने जारी की उम्मीदवारों की सूची




नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को चार राज्यों की 5 सीटों पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। इनमें एक मुस्लिम चेहरा भी शामिल है।

भाजपा ने चार राज्यों की पांच सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। बुधवार को भाजपा महासचिव अरुण सिंह की तरफ से जारी की गई जानकारी के मुताबिक भाजपा ने झारखंड की घाटशिला (एसटी) सुरक्षित सीट से बाबूलाल सोरेन, जम्मू-कश्मीर की बडगाम सीट से आगा सैयद मोहसिन और नगरोटा से देवयानी राणा को उम्मीदवार बनाया है। जबकि ओडिशा की नुआपाड़ा सीट से जय ढोलकिया और तेलंगाना की जुबली हिल्स सीट से लंकाला दीपक रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है।

# संयुक्त राष्ट्र संघ के 32 सैन्य मित्र देशों के सेना अध्यक्ष और अधिकारियों ने सपरिवार देखा ताजमहल

एजेंसी

आगरा। संयुक्त राष्ट्र संघ के 32 सैन्य मित्र देशों (यूएनटीसीसी) के सेना अध्यक्ष, वरिष्ठ सैन्य अधिकारी सपरिवार ने बुधवार को आगरा पहुंचकर ताजमहल का दीदार किया। इस दौरान सुरक्षा के विशेष इंतजाम किये गए थे। आज सुबह संयुक्त राष्ट्र संघ के 32 सैन्य मित्र देशों के सेना अध्यक्ष, वरिष्ठ सैन्य अधिकारी और उनके परिजन एक विशेष वायुयान से आगरा हवाई अड्डे पर पहुंचे। इन सैन्य अधिकारियों ने ताजमहल के दीदार किये और उसकी सुंदरता की सराहना की। सैन्य अधिकारियों ने यहां खूब फोटोग्राफी भी की। ताजमहल भ्रमण के दौरान डेलिगेशन के साथ ताजमहल सुरक्षा में लगी सीआईएसएफ के कमांडेंट वीके दुबे और आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया के वरिष्ठ सर्वेक्षण सहायक प्रिंस बाजपेई साथ रहे। विदेशी सैन्य अधिकारियों का यह प्रतिनिधिमंडल लगभग एक घंटे तक ताजमहल परिसर में रहा। सर्वेक्षण सहायक प्रिंस वाजपेई ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे सैन्य प्रतिनिधिमंडल ने ताजमहल को देखा। करीब दो सौ सदस्यों का यह डेलिगेशन आगरा में पैरा ब्रिगेड परिसर में आयोजित सैन्य स्वागत कार्यक्रम में भी शामिल हुआ। विदेशी सैन्य अफसरों के ताजमहल भ्रमण के दौरान परिसर और आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र संघ के 34 सैन्य मित्र देशों का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली में 14 से 16 अक्टूबर तक चल रहे यूनाइटेड नेशंस ट्रूपिंग कंट्रीब्यूटिंग कंट्रीज समिट में भाग लेने दिल्ली आया हुआ है। इस सम्मिट में संयुक्त राष्ट्र संघ के शांति अभियानों में भविष्य के लिए रणनीति के लिए विचार विमर्श किया जाना है।



# श्रीलंका की प्रधानमंत्री तीन दिन की भारत यात्रा पर आएंगी

नई दिल्ली। श्रीलंका की प्रधानमंत्री डॉ. हरिनी अमरसूर्या भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर गुरुवार को यहां आ रहीं हैं।विदेश मंत्रालय के अनुसार वह 16-18 अक्टूबर तक भारत की यात्रा करेंगी। प्रधानमंत्री के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी।श्रीलंका की प्रधानमंत्री आपसी हित के द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए भारतीय राजनीतिक नेताओं से मुलाकात करेंगी। यात्रा के दौरान, श्रीलंकाई प्रधानमंत्री दिल्ली में एनडीटीवी और चिंतन शोध फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'एनडीटीवी विश्व शिखर सम्मेलन' में मुख्य उद्‌बोधन देंगी।डॉ. हरिनी अमरसूर्या शिक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग के रास्ते तलाशने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के साथ-साथ नीति आयोग का भी दौरा करेंगी। श्रीलंका की प्रधानमंत्री दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज के एक प्रतिष्ठित पूर्व छात्र संघ के कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसके अलावा वह देशों के बीच वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने के लिए एक व्यावसायिक कार्यक्रम में भी भाग लेंगी।विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा भारत और श्रीलंका के बीच नियमित उच्चस्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा के अनुरूप है जिससे गहरे और बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाया जाता है। यह भारत की 'महासागर' विज़नऔर इसकी 'पड़ोसी प्रथम' नीति द्वारा मजबूत मित्रता के बंधन को और मजबूत करेगा।

# पेज एक का शेष

## जिसने...

रहे। इस कार्यक्रम के साथ ही सभी 75 जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिलों के आला अधिकारी और जनप्रतिनिध उन कार्यक्रमों में शामिल हुए हैं। उल्लेखनीय है कि उप्र की भाजपा नीत योगी सरकार ने प्रदेश की जनता से दीपावली और होली के अवसर पर मुफ्त सिलेंडर देने की घोषणा की थी। उसी के तहत सरकार यह धनराशि धनराशि दे रही है।

## नारी सम्मान...

गई है, जिसके तहत 1 करोड़ 10 लाख महिलाओं को गृहस्वामित्व प्रमाणपत्र प्राप्त हुए हैं। इस योजना ने ग्रामीण महिलाओं को अधिकार और आत्मसम्मान दोनों प्रदान किए हैं। आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए प्रदेश में 10 लाख स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) गठित किए गए हैं, जिनसे 1 करोड़ महिलाएं जुड़ी हैं। इन समूहों को समय-समय पर रिवॉल्विंग फंड के माध्यम से सहयोग प्रदान किया जा रहा है, जिससे महिलाएं स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन कर रही हैं।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से 4 लाख 67 हजार से अधिक महिलाओं का विवाह संपन्न कराया गया है। प्रत्येक विवाह पर ?1 लाख की आर्थिक सहायता ने गरीब परिवारों के आर्थिक बोझ को कम किया है।

महिलाओं की दैनिक कठिनाइयों को दूर करने के लिए जल जीवन मिशन के तहत 2 करोड़ 41 लाख घरों में नल से जल उपलब्ध कराया गया है। इससे विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को राहत मिली है, जिन्हें पहले पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी।

महिला स्वामित्व को प्रोत्साहित करने के लिए 1 करोड़ रुपये तक की संपत्ति खरीद पर महिलाओं को 1% स्टाम्प शुल्क की छूट दी गई है। सरकारी सेवाओं में 20% आरक्षण के प्रावधान से अब तक 1 लाख 75 हजार महिलाओं को रोजगार मिला है, जिनमें से 44,177 महिलाओं की भर्ती पुलिस विभाग में हुई है।

नारी सुरक्षा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। अपराधियों को सजा दिलाने में प्रदेश देश में अग्रणी है। कई मामलों में रिपोर्ट दर्ज होने से लेकर सजा तक का समय सिर्फ 40 दिन रहा है। निराश्रित महिलाओं को 1,000 रुपये मासिक भत्ता देने की व्यवस्था से 36 लाख 75 हजार महिलाएं लाभान्वित हुई हैं।

इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से 2 लाख महिलाएं और बीसी सखी योजना के तहत 39 हजार महिलाएं ग्रामीण वित्तीय व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा बनी हैं।

## सेना...

माल की आपूर्ति में शामिल लघु उद्यमों को भी लाभ होगा। भारतीय सेना ने फरवरी 2019 में अमेरिकी कम्पनी 'सिग सॉयर' से 600 मीटर दूरी तक मार करने की क्षमता वाली 72 हजार 400 सिग-716 असॉल्ट रायफलें खरीदी थीं। फास्ट-ट्रैक प्रोक्योरमेंट (एफटीपी) सौदे के तहत 647 करोड़ रुपये से खरीदी गईं 7.62ङ्ग51 मिमी. कैलिबर असॉल्ट राइफल्स की दिसम्बर 2019 में आपूर्ति हुई। सबसे पहले जम्मू-कश्मीर के उधमपुर स्थित उत्तरी कमान को यह राइफलें दी गईं। भारतीय सेना की सभी पैदल सेना की बटालियनों को कम से कम 50 प्रतिशत सिग सॉयर राइफलें मिली हैं।

पाकिस्तान और चीन की सीमा पर तैनात पैदल सेना की बटालियनों को सिग सॉयर राइफल अधिक संख्या में मिली हैं, जबकि अन्य बटालियनों को कम से कम 50 प्रतिशत दी गई हैं। इसके अलावा इन राइफल्स का इस्तेमाल भारतीय सेना अपने एंटी-टेरर ऑपरेशन्स में कर रही है। भारतीय सशस्त्र बलों में हथियारों की कमी को पूरा करने के लिए खरीदी गईं 72,400 राइफल्स में से सेना को 66,400, भारतीय वायु सेना को 4,000 और नौसेना को 2,000 दी गईं थीं।?

इससे पहले खरीदी गईं 72,400 राइफलें कश्मीर और पूर्वोत्तर में नियंत्रण रेखा के साथ-साथ आतंकवाद विरोधी अभियानों में इस्तेमाल की जा रही हैं।भारतीय सेनाओं के पास मौजूदा समय में लगभग 20 लाख हथियार उपयोग में हैं। भारतीय सेना विभिन्न प्रकार की असॉल्ट राइफलों का उपयोग करती है, इनमें इंसास (इंडियन स्मॉल आर्म्स सिस्टम), एके-47, सिग सॉयर 716 और टावर बंदूकें हैं। छोटे हथियारों की सूची में लगभग 10 लाख इंसास राइफलें बड़ा हिस्सा हैं।

## पूर्व सैनिकों...

दो पुत्रियों और विधवा पुनर्विवाह के लिए मिलेगा। मंत्रालय ने यह भी बताया कि संशोधित दरें अगले माह एक नवंबर से जमा किए गए आवेदनों पर लागू होंगी, जिसका वार्षिक वित्तीय भार लगभग 257 करोड़ रुपये एएफएफडीएफ से वहन किया जाएगा। इन योजनाओं का वित्तपोषण रक्षा मंत्री भूतपूर्व सैनिक कल्याण कोष के माध्यम से किया जाता है, जो सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष (एएफएफडीएफ) का एक उपसमूह है। यह निर्णय गैर-पेंशनभोगी पूर्व सैनिकों, विधवाओं और निम्न-आय वर्ग के आश्रितों के लिए सामाजिक सुरक्षा जाल को मजबूत करेगा, जो पूर्व सैनिकों की सेवा और बलिदान का सम्मान करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता है।

## महाराष्ट्र...

40 से ज़्यादा वर्षों तक माओवादियों के खिलाफ लड़ाई लड़ी, विकास से काफी हद तक वंचित रहा है। उस समय इस आंदोलन में कई युवाओं ने हिस्सा लिया था। हालांकि, विकास कार्यों के जरिए नए नक्सलियों की भर्ती रोक दी गई।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक नक्सलियों का पूरी तरह सफाया करने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में, इसी साल 21 मई को छत्तीसगढ़ में हुई एक मुठभेड़ में देश के शीर्ष नक्सली नेता और माओवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ़ बसवा राजू समेत 27 नक्सली मारे गए थे। इसके बाद भूपति को राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने की चर्चा थी। हालांकि, केंद्रीय समिति ने सितंबर में पोलित ब्यूरो सदस्य थिप्पारी तिरुपति उर्फ़ देवजी को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया। इस बीच, भूपति ने एक पर्चा जारी कर केंद्र सरकार से शांति वार्ता का आह्वान किया था और हथियार त्यागने की घोषणा की थी।

भूपति ने अपनी तस्वीर के साथ निरस्त्रीकरण की घोषणा करते हुए एक पर्चा प्रकाशित किया था। तभी भूपति पुलिस के संपर्क में आया और यह अनुमान लगाया जाने लगा कि वह आत्मसमर्पण कर देगा। यह स्पष्ट है कि राज्य सरकार की आत्मसमर्पण नीति के कारण नक्सल आंदोलन कमजोर पड़ रहा है। पिछले दो दशकों में गढ़चिरौली जिले में 700 से अधिक नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं और भूपति जैसे केंद्रीय नेता के आत्मसमर्पण ने नक्सल आंदोलन को कमजोर किया है।

## सबमें...

वर्ष में स्वयंसेवक समाज में जाकर इन सब बातों को बताएंगे तथा समाज को एकजुट रखते हुए उपरोक्त दिशा में चलने वाले लोगों की संख्या बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

## प्रधानमंत्री...

संस्कृति, मूल्यों और प्राचीन ज्ञान के प्रति उनका विशेष लगाव था। यह भारत-केन्या संबंधों को मज़बूत करने के उनके प्रयासों में परिलक्षित होता था। वे विशेष रूप से भारत की आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के प्रशंसक थे, उन्होंने अपनी बेटी के स्वास्थ्य में इनके सकारात्मक प्रभाव को देखा था। मैं इस दुःख की घड़ी में उनके परिवार, मित्रों और केन्या के लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।''

उल्लेखनीय है कि केन्या के पूर्व प्रधानमंत्री रैला ओडिंगा का बुधवार को केरल के कूथाट्टुकुलम स्थित एक आयुर्वेदिक अस्पताल में सुबह की सैर के दौरान हृदय गति रुकने से निधन हो गया। 10 अक्टूबर से उनकी आंखों का इलाज चल रहा था।

## मतदाता...

इन सभी इकाइयों को 24 घंटे सतर्क रहने को कहा गया है ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या प्रलोभन की कोशिशों को समय रहते रोका जा सके।

चुनाव आयोग ने जब्ती से जुड़ी कार्रवाई को पारदर्शी और त्वरित बनाने के लिए इस बार एक ऑनलाइन प्रणाली 'चुनाव जब्ती प्रबंधन प्रणाली' (ईएसएमएस) भी शुरू की है। इसके माध्यम से एजेंसियां जब्त की गई नकदी, शराब, नशीले पदार्थ और अन्य सामग्री की जानकारी तुरंत ऑनलाइन भेज रही हैं।

उल्लेखनीय है कि 6 अक्तूबर 2025 को चुनावों की घोषणा के बाद से अब तक विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा कुल 33.97 करोड़ रुपये की नकदी, शराब, ड्रग्स और मुफ्त उपहार जब्त किए जा चुके हैं।

## दिव्यांगों...

वे खुद भी बिना मदद के ईवीएम मशीन पर ब्रेल सुविधा का इस्तेमाल करके वोट डाल सकेंगे। अगर चाहें तो एक साथी भी साथ ले जा सकते हैं। मतदान वाले दिन दिव्यांग मतदाताओं के लिए खास बस या गाड़ी की सुविधा उपलब्ध होगी। वे इस सुविधा के लिए पहले से ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं। इसके अलावा 292 मतदान केंद्र ऐसे होंगे जिनका संचालन पूरी तरह दिव्यांग कर्मचारी करेंगे।

## भाजपा...

11.शाहपुर-राकेश ओझा 12.बक्सर-आनंद मिश्रा

उल्लेखनीय है कि बिहार विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) प्रत्याशियों की सूची आने का सिलसिला जारी है। सबसे पहले, पहली सूची भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को जारी की थी और आज यानी बुवार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की सूची दोपहर में आने के बाद शाम होते-होते भाजपा ने 12 और प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। इसमें लोक गायिका मैथिली ठाकुर के अलावा चर्चित भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी आनंद मिश्रा का भी नाम है।

मैथिली ठाकुर पिछले कई दिनों से भाजपा के संपर्क में थीं। उन्हें 14 अक्तूबर को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने पार्टी सदस्यता दिलाई थी। वहीं 2024 के लोकसभा चुनाव में बक्सर से भाजपा का टिकट नहीं मिलने पर पूर्व आईपीए अधिकारी आनंद मिश्रा भी कुछ महीने पहले ही जनसुराज को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। अब भाजपा ने उन्हें भी टिकट दे दिया है।

## मोदी...

घर-घर जाकर यह बताएं कि केंद्र सरकार की योजनाओं ने किस तरह से आम लोगों का जीवन आसान बनाया है। साथ ही, उन्होंने उन्हें यह भी याद दिलाया कि बिहार ने जंगलराज और नक्सलवाद के भय से कैसे मुक्ति पाई है और उस व्यवस्था को फिर लौटने नहीं देना है।

प्रधानमंत्री ने कहा, ल्लआज बिहार के हर घर से एक ही आवाज सुनाई दे रही है–'एकजुट एनडीए, एकजुट बिहार, फिर से बनेगी सुशासन की सरकार'। यह बिहार की जनता के वोट की ताकत है जिसने राज्य को राजद और कांग्रेस की बुरी नज़र से बचाया है, और यह फिर से होगा।

उन्होंने कहा कि आज बिहार में बेहतर माहौल बना है और इसका सबसे बड़ा लाभ युवाओं को मिल रहा है। मोदी ने कहा, ल्लजो 18-25 साल के नौजवान हैं, उन्होंने वो दौर नहीं देखा जब शाम 7 बजे के बाद लोग घरों से निकलने से डरते थे, रेल की पटरियां उड़ाई जाती थीं और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाना भी मुश्किल था।ङ्क उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे युवाओं को 'जंगलराज' के उस दौर की वास्तविकता से अवगत कराएं ताकि उन्हें आज के सुशासन की कीमत समझ में आए।

प्रधानमंत्री ने गयाजी के भाजपा कार्यकर्ता ओम प्रकाश कुमार से बातचीत के दौरान बिहार की बेहतर हुई कानून-व्यवस्था का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आज बिहार में ऐसा शांतिपूर्ण वातावरण है कि चुनाव कवरेज के लिए दिल्ली से आने वाले पत्रकार भी रात में निःसंकोच रिपोर्टिंग कर सकते हैं जबकि पहले ऐसा सोचना भी मुश्किल था।

मोदी ने कहा कि भाजपा की सफलता का आधार बूथ स्तर की ताकत है। उन्होंने कहा, ल्लमेरा बूथ, सबसे मजबूत- यह केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि हमारी जमीनी सफलता की सबसे मजबूत कड़ी है। बूंद-बूंद से घड़ा भरता है, वैसे ही जब हर बूथ मजबूत होता है तभी पार्टी विजयी होती है।

प्रधानमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे केंद्र की योजनाओं के लाभों का प्रसार करें। उन्होंने कहा, ल्लअपने फोन में डेटा रखें, हर परिवार को बताएं कि कैसे जन-धन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना और जीएसटी सुधारों ने लोगों के जीवन को बदला है।

मोदी ने महिला मतदाताओं की भूमिका पर विशेष जोर देते हुए कहा कि बिहार की बहनें और बेटियां लोकतंत्र की सच्ची शक्ति हैं। उन्होंने 23 अक्टूबर को भाई दूज के अवसर पर हर बूथ पर बहनों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, ल्लबहनों-माताओं को लोकतंत्र के पर्व को मनाने के लिए समूह में मतदान करने जाना चाहिए- गीत गाते हुए, थाली बजाते हुए, लोकतंत्र का उत्सव मनाइए।ङ्क प्रधानमंत्री ने बिहार की एनडीए सरकार द्वारा हाल ही में शुरू की गई महिला रोजगार योजना की भी सराहना की और कहा कि इससे बिहार की एक करोड़ 20 लाख बहनों को 10-10 हजार रुपये की सहायता राशि दी जा चुकी है। पूर्णिया की भाजपा कार्यकर्ता मेघा देवी से बातचीत में प्रधानमंत्री ने उन्हें जीविका योजना और अन्य सरकारी पहलों के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि दिवाली के मौके पर जीएसटी 2.0 के लाभों के बारे में महिलाओं को बताना चाहिए ताकि उन्हें यह समझ में आए कि सरकार ने उनकी आवश्यक वस्तुएं सस्ती करने के लिए क्या कदम उठाए हैं। नक्सलवाद के विषय पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज बिहार की स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। उन्होंने कहा, ल्लहमें ध्यान रखना होगा कि ऐसे लोग फिर सत्ता में न आएं जो राज्य को हिंसा और अराजकता में झोंक दें। आज हम नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने की स्थिति में पहुंच गए हैं।

केंद्र और राज्य सरकारों की तुलना करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ल्ल2004 से 2014 तक कांग्रेस और आरजेडी की सरकार ने बिहार को सिर्फ दो लाख करोड़ रुपये दिए। लेकिन 2014 से 2024 के बीच, हमारी सरकार ने बिहार के लिए 9 लाख करोड़ रुपये दिए हैं। यह फर्क सुशासन और संकल्प का है। प्रधानमंत्री ने दरभंगा की भाजपा महिला कार्यकर्ता रेखा देवी से बातचीत में कहा, ल्लमुझे 'सर' मत कहिए, मैं आपका भाई हूं। मैं भी आप लोगों की तरह एक बूथ कार्यकर्ता रहा हूं और जानता हूं कि चुनाव जीतने की असली ताकत बूथ में होती है। हमें चुनाव जीतना है तो बूथ जीतना ही होगा।

उन्होंने कहा कि इस बार बिहार में ल्लडबल दिवालीङ्क आने वाली है- एक 20 अक्टूबर को, और दूसरी 14 नवंबर को एनडीए की विजय की दिवाली के रूप में। उन्होंने कहा कि ल्लयह विजय बिहार की जनता के विश्वास और कार्यकर्ताओं के परिश्रम की दिवाली होगी।

## सेवानिवृत्त...

संख्या में गाड़ियां भी पाई गई है। इनकी जांच की जा रही कि इनमें से कौन सी गाड़ी किसके नाम पर है। भदोरिया के द्वारा काउंटी बाग में 4700 स्क्वायर फीट क्षेत्र में आलीशान बंगला बनाने का काम किया जा रहा था। मनोरमा गंज में उनके पास में तीन बेडरूम हॉल किचन का आलीशान फ्लैट हैं। इसके साथ ही उनके घर की तलाशी के दौरान 500 यूरो के 10 नोट मिले हैं। इस तरह से उनके पास में 5000 यूरो भी पाए गए हैं।

धर्मेंद्र सिंह भदौरिया 1987 में आबकारी विभाग में उपनिरीक्षक के पद पर भर्ती हुए थे। वे अगस्त 2025 को अलीराजपुर के जिला आबकारी अधिकारी के पद से सेवानिवृत हुए थे। इससे पहले 2020 में शराब ठेकों की नीलामी में लापरवाही के चलते उनको निलंबित किया गया था। नीलामी समय पर नहीं होने के कारण उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई थी। जांच में सामने आया है कि उनके बेटे सूर्यांश भदौरिया फिल्मों में निवेश करते थे। बेटी का भी फिल्मों में पैसा लगाने से जुड़ा लिंक सामने आया है।

# समाज के अनुभव, ज्ञान और मूल्यों के प्रतीक हैं वरिष्ठ नागरिक: धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज के अनुभव, ज्ञान और मूल्यों के प्रतीक हैं। हमारे वरिष्ठजन समाज के मार्गदर्शक स्तंभ हैं। उनके अनुभव और आशीर्वाद से ही चंपावत आदर्श जनपद बनेगा और आदर्श चंपावत से ही आदर्श उत्तराखंड का मार्ग प्रशस्त होगा।

मुख्यमंत्री धामी बुधवार को चंपावत में जिला पंचायत के सभागार में प्रबुद्ध नागरिकों एवं वरिष्ठजनों के साथ संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि चंपावत जिले के केवल सिप्टी क्षेत्र में ही 100 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि समूचे जनपद में इससे कहीं अधिक कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने बताया कि अब तक उनकी ओर से की गई 306 घोषणाओं में से 196 पूरी की जा चुकी हैं, जबकि शेष पर तीव्र गति से कार्य चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदर्श चंपावत केवल एक जिला नहीं, बल्कि आदर्श उत्तराखंड के निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जिले में साइंस सेंटर का निर्माण पूर्ण हो चुका है, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय का नया परिसर आरंभ हो चुका है और चंपावत को स्मार्ट सिटी मिशन में भी शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्णागिरि रोपवे परियोजना, शारदा कॉरिडोर और वेडिंग डेस्टिनेशन उत्तराखंड योजना जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर तेजी से कार्य चल रहा है। इससे पहले सम्मेलन में वरिष्ठ नागरिकों ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। चंपावत से 93 प्रतिशत से अधिक मत देकर विधायक बने पुष्कर सिंहधामी ने विकास कार्यों यहां धरातल पर उतार कर दिखाया। वरिष्ठजनों ने जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और आयुर्वेदिक औषधि निर्माण के क्षेत्र में हो रहे सुधारों की सराहना की। उन्होंने पेंशन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए भी मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया और अपेक्षा जताई कि सरकार इसी संवेदनशीलता के साथ आगे भी कार्य करती रहेगी।

# सुप्रीम कोर्ट से दिल्ली-एनसीआर में हरित पटाखों की मंजूरी पर मंत्रियों ने जताया आभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के दिल्ली-एनसीआर में दिवाली पर हरित पटाखों के उपयोग और बिक्री की अनुमति प्रदान करने पर दिल्ली सरकार में मंत्रियों ने न्यायालय का आभार जताया। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने इसे आठ साल बाद दिल्लीवासियों के लिए खुशियों वाली दीपावली बताया। साथ ही कपिल मिश्रा ने केजरीवाल सरकार पर जानबूझकर हिंदू त्योहारों पर प्रतिबंध लगाने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार बदलते ही प्रतिबंध खत्म हो गया। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली में पटाखे जलाने की अनुमति दी है। 8 साल बाद अब दिल्लीवासी पटाखे जला पाएंगे। यह दिल्ली के लिए ''खुशियों वाली दीपावली'' है। उन्होंने कहा कि ई-कॉमर्स चैनलों के माध्यम से बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। लाइसेंस प्राप्त पटाखा निर्माताओं को सुनिश्चित करना होगा कि केवल ग्रीन पटाखे ही बेचे जाएं। यदि कोई सामान्य पटाखों की बिक्री पकड़ा जाता है, तो पटाखों का लाइसेंस निलंबित कर दिया जाएगा। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एसपीसीबी) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) मिलकर प्रदूषण स्तर और एक्यूआई रीडिंग की निगरानी करेंगे। सिरसा ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को धन्यवाद दिया। उन्होंने अपील की है कि सब मिलकर पर्यावरण का ध्यान रखते हुए दीपावली के इस त्योहार की रौनक बढ़ाएंगे। पीडब्ल्यूडी मंत्री परवेश वर्मा ने कहा कि सभी दिल्लीवासियों को हार्दिक बधाई देता हूं कि आपने दिल्ली में एक अच्छी सरकार चुनी है और सरकार के प्रयास सफल हुए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा था इस बार दिल्ली को बिना पटाखों के दिवाली नहीं मनाने देंगे। उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करता हूं। इस बार लोग बिना किसी चिंता के ग्रीन पटाखे जला पाएंगे। दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि उच्चतम न्यायालय का धन्यवाद करता हूं। पिछली सरकार भी ऐसा कर सकती थी। आज यह साबित हो गया है कि केजरीवाल सरकार ने जानबूझकर हिंदू त्योहारों पर प्रतिबंध लगाया था। पहली बार सरकार बदली और सरकार बदलते ही दिवाली पर प्रतिबंध खत्म हो गया।

# अमित शाह के मुलाकात के बाद उपेन्द्र कुशवाहा माने बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने किया नामांकन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना/नई दिल्ली। बिहार के उप-मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता विजय सिन्हा ने बुधवार को लखीसराय से अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी मौजूद रहीं। दूसरी ओर सीट शेयरिंग से नाराज उपेंद्र कुशवाहा की दिल्ली में अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात हुई है। केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय भी इस मौके पर मौजूद थे। दोनों नेताओं के बीच करीब 45 मिनट तक बैठक चली। बैठक के बाद उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि कुछ मुद्दे को लेकर उलझन थी, जिसपर विचार विमर्श किया गया। अब हम उम्मीद करते हैं कि कोई कठिनाई नहीं होगी। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बिहार में निश्चित रूप से बनेगी।

# रेलवे प्रदर्शनी में दिखी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के फर्स्ट एसी कंपार्टमेंट की लग्जरी झलक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। इंडो-रशियन संयुक्त उद्यम काइनेट रेलवे सॉल्यूशंस ने बुधवार को राजधानी के भारत मंडपम में चल रही अंतरराष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी (आईआरईई) 2025 में वंदे भारत स्लीपर फर्स्ट एसी डिब्बे के डिज़ाइन कॉन्सेप्ट का अनावरण किया। इस मौके पर काइनेट के प्रोजेक्ट डायरेक्टर निशुंक गर्ग और परियोजना के मुख्य औद्योगिक डिज़ाइनर एवगेनी मासलोव ने फर्स्ट एसी कोच के चार बर्थ वाले डिब्बे के वास्तविक आकार के मॉक-अप मॉडल का प्रदर्शन किया।

कंपनी भारतीय रेल के लिए 120 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों (कुल 1,920 कोचों) के निर्माण और रखरखाव का कार्य कर रही है। इस अवसर पर प्रस्तुत नया डिज़ाइन भारतीय रेल यात्रियों के अनुभव को नई दिशा देने वाला बताया जा रहा है, जिसमें आराम, सुविधा और सांस्कृतिक सौंदर्य का समावेश किया गया है। काइनेट ने अपने डिज़ाइन को यात्री पहले के सिद्धांत पर आधारित बताया। नया फर्स्ट एसी चार बर्थ वाला डिब्बा शांत, उजाला और स्वागतपूर्ण माहौल का अनुभव कराता है। इसमें हर छोटे विवरण पर विशेष ध्यान दिया गया है ताकि यात्रियों को निजीपन और आराम का अनुभव मिल सके। इस कोच में हर सीट के पास इनबिल्ट यूएसबी पोर्ट, व्यक्तिगत रीडिंग लाइट और कॉम्पैक्ट स्टोरेज स्पेस की सुविधा दी गई है। ऊपर की बर्थ तक पहुंचने के लिए सुव्यवस्थित सीढ़ियां दी गई हैं, जो अधिक सुरक्षित और आरामदायक हैं। इंटीरियर में नरम टोन वाले रंग, मेटैलिक एक्सेंट्स और भारतीय पारंपरिक ब्लॉक प्रिंटिंग शैली में स्थानीय कलाकारों द्वारा तैयार किए गए नेशनल-स्टाइल मोटिफ का उपयोग किया गया है। यह डिब्बे के अंदर सांस्कृतिक आत्मीयता और भारतीयता का अहसास कराता है। मासलोव ने कहा कि हमारे दृष्टिकोण में यात्री हमेशा केंद्र में है- हम जो फर्स्ट एसी स्लीपर कम्पार्टमेंट प्रस्तुत कर रहे हैं, वह केवल कुछ लोगों के लिए विलासिता नहीं बल्कि एक शांत और सुकून भरा माहौल है, जो सभी के लिए खुला है। हर तत्व यहां यात्री की देखभाल करता प्रतीत होता है। मासलोव ने कहा कि हमारा उद्देश्य एक ऐसा वंदे भारत स्वरूप तैयार करना है जो तकनीकी उत्कृष्टता और सांस्कृतिक पहचान का संगम हो। यह डिज़ाइन भविष्य के वंदे भारत ट्रेनों की हमारी टीम की दृष्टि को दर्शाता है। भारतीय रेलवे से अनुमोदन प्राप्त होने के बाद यह कॉन्सेप्ट सीरीज़ प्रोडक्शन में जाएगा। कंपनी ने इस अवसर पर ट्रेन के बाहरी डिज़ाइन की झलक भी दिखाई, जिसमें आधुनिक ऑटोमोटिव रुझानों से प्रेरित डायनेमिक सरफ़ेसेस, एक्सप्रेसिव लाइटिंग, और बोल्ड ग्राफिक्स शामिल हैं। प्रोजेक्ट डायरेक्टर निशुंक गर्ग ने कहा कि भारतीय रेल के साथ हमारी साझेदारी विश्वास और गुणवत्ता पर आधारित है। हम सुरक्षित, आरामदायक और कुशल ट्रेनों के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। हर दिन हमारी टीम इस दिशा में काम कर रही है ताकि भारत के विकसित भारतअ2047 के विज़न में योगदान दे सके।

# मुख्यमंत्री आज चंपावत में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान में करेंगे प्रतिभाग

चंपावत। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज अक्टूबर को चंपावत विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस दौरान वे आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत जीजीआईसी ऑडिटोरियम, चंपावत में आयोजित सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे और कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री के वरिष्ठ निजी सचिव भूपेंद्र सिंह बसेड़ा द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, सीएम धामी पूर्वाह्न 11:30 बजे गुप्तकाशी हेलीपैड से रवाना होकर अपराह्न 12:30 बजे चंपावत के सर्किट हाउस हेलीपैड पर पहुंचेंगे। इसके बाद दोपहर 1:15 बजे जीजीआईसी ऑडिटोरियम में विधानसभा क्षेत्र के सम्मेलन में भाग लेंगे तथा नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से भेंट करेंगे। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री अपराह्न 3 बजे खटीमा के लिए रवाना होंगे। इस दौरान वे राष्ट्रीय राजमार्ग के आपदाग्रस्त क्षेत्र स्वांला का निरीक्षण करेंगे और अमोड़ी में वे-साइट एमिनीटीस का शिलान्यास भी करेंगे।

## भोरगढ़ औद्योगिक क्षेत्र में दो कार्डबोर्ड फैक्ट्रियों में लगी आग

नई दिल्ली। बाहरी उत्तरी जिले के भोरगढ़ औद्योगिक क्षेत्र स्थित दो कार्डबोर्ड फैक्ट्रियों में मंगलवार देर रात आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरा परिसर लपटों से घिर गया। दमकल विभाग को रात करीब 8 बजकर 16 मिनट पर घटना की सूचना मिली थी। बढ़ती आग को देखते हुए इसे बड़ी कॉल घोषित कर मौके पर 24 दमकल की गाड़ियां भेजी गईं। दमकल विभाग के अनुसार, यह आग के- 442, भोरगढ़ इंडस्ट्रियल एरिया स्थित दो आपस में जुड़ी कार्डबोर्ड फैक्ट्रियों नंबर 422 और 423 में लगी थी। दोनों फैक्ट्रियां करीब 250-250 गज में बनी हुई थीं। दोनों में बेसमेंट के अलावा ऊपर चार मंजिला बना हुआ था। घटना स्थल पर शुरुआत में एसटीओ परास और एसओ वीरेंद्र के नेतृत्व में टीम पहुंची।

# महिला से शादी करने के लिए बच्चे को किया अगवा, गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दक्षिणी पूर्वी जिले के अमर कॉलोनी थाना पुलिस ने एक 4 वर्षीय अपहृत बच्चे को उसके अपहरण के मात्र 8 घंटे के भीतर लखनऊ (उप्र) से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने अपहरणकर्ता सुधाकर सिंह को भी गिरफ्तार किया। जांच में पता चला कि आरोपित बच्चे की मां से शादी करना चाहता था। दबाव बनाने के लिए उसने वारदात को अंजाम दिया। दक्षिणी पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी ने आज बताया कि यह घटना 12 अक्टूबर की है। अमर कॉलोनी थाने में एक नाबालिग बच्चे के अपहरण की पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। जांच में पता चला कि बच्चे की मां पिछले लगभग एक साल से आरोपित सुधाकर सिंह के साथ इंस्टाग्राम पर संपर्क में थी। सुधाकर सिंह अक्सर बच्चे के पिता को धमकाता था कि यदि उनकी पत्नी ने उससे संबंध नहीं रखे तो वह उनके बेटे को अगवा कर लेगा। घटना वाले दिन, दोपहर करीब 1:00 बजे, बच्चे के पिता ने आरोपित सुधाकर सिंह को अपने घर के पास देखा, लेकिन वह भाग गया। शाम 4:30 बजे पीड़ित को पत्नी का फोन आया। जिसने बताया कि सुधाकर सिंह ने उनके बेटे को घर के बाहर खेलते समय अगवा कर लिया है। इसके तुरंत बाद अमर कॉलोनी थाने में मामला दर्ज किया गया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए तुरंत एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने तकनीकी निगरानी और मानवीय सूचना तंत्र का इस्तेमाल करते हुए आरोपित के मूवमेंट को ट्रैक किया।

## राजद नेता तेजस्वी यादव ने रघोपुर से दाखिल किया नामांकन

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने बुधवार को राघोपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी रामबाबू बैठा के कार्यालय कक्ष में नामांकन पत्र दाखिल किया। मौके पर तेजस्वी यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा, '' राघोपुर की जनता ने हम पर लगातार दो बार भरोसा किया है। जनता मालिक है। यह तीसरी बार है जब हमने राघोपुर से अपना नामांकन दाखिल किया है। हमें विश्वास है कि राघोपुर की जनता एक बार फिर हम पर भरोसा करेगी। हम सिर्फ़ सरकार नहीं बनाना चाहते, हम बिहार बनाना चाहते हैं। अब बिहार भ्रष्टाचार और अपराध मुक्त राज्य बनना चाहता है। कई लोग अफवाह फैला रहे थे कि हम दो जगहों से चुनाव लड़ेंगे।''

# मैं विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ूंगा : प्रशांत किशोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बुधवार को कहा कि वे बिहार विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। उनके राघोपुर से चुनाव लड़ने की चर्चा थी। उन्होंने कहा कि यह फैसला पार्टी के हित में लिया गया है। प्रशांत किशोर ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सभी पार्टी सदस्यों ने फैसला कर लिया है, मुझे सभी उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के काम पर ध्यान केंद्रित करना है, इसलिए मैं चुनाव नहीं लड़ रहा हूं। प्रशांत किशोर ने कहा कि जन सुराज ने फैसला लिया है कि मेरे पास पहले से जो काम है, उसी को पूरी तरह से मैं कर लूं तो काफी होगा। अगर चुनाव लड़ने जाऊंगा तो 4 से 5 दिन का नुकसान होगा। इस नुकसान से पार्टी के कई उम्मीदवारों को नुकसान हो सकता है। इसलिए पार्टी के हित में मुझे यह जिम्मेदारी दी गई है कि जो काम मैं कर रहा हूं, वह करता रहूं। उन्होंने कहा कि पार्टी को कम से कम 150 सीटें जीतनी होंगी, नहीं तो इसे हार के रूप में देखा जाएगा। प्रशांत किशोर ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पर प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता पहले से ही जानती है कि ये लोग लूट के लिए लड़ रहे हैं। जब आप सोचेंगे कि आप बिहार को कितना लूट सकते हैं, तो ऐसा होना तय है। राजग और महागठबंधन, दोनों की यही स्थिति है। सम्राट चौधरी के खिलाफ एक जाने-माने डॉक्टर चुनाव लड़ रहे हैं और तारापुर में उन्हें घेर लिया जाएगा।

# निवेश की सही परख बना सकती है मालामाल: प्रो बत्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता


हरिद्वार। बुधवार को एसएमजेएन (पीजी) कॉलेज के वाणिज्य संकाय एवं राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान एव आईक्यूएसी की ओर से युवाओं के लिए वित्तीय शिक्षा पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का शुभारंभ कालेज के प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार बत्रा, सेमिनार के की नोट स्पीकर राजीव जैन, विनय थपलियाल, डॉक्टर एमके सोही, डॉ. शिव कुमार चौहान, जलज गौर एवं प्रतीक कश्यप ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीव जैन (सेबी स्मार्ट ट्रेनर ) एवं उनके सहयोगी जलज जैन एवं प्रतीक कश्यप का माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया। प्राचार्य प्रोफ़ेसर सुनील बत्रा ने बताया कि निवेश की सही परख एवं उचित समय पर किया गया निवेश निवेशकों को मालामाल बना सकता है। निवेशकों को संयम एवं अनुशासन के साथ स्टॉक मार्केट में कार्य करना चाहिए। पोर्टफोलियो को बनाते समय निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो का फैलाव विभिन्न प्रकार की प्रतिभूतियों में करना चाहिए। उन्होंने छात्रों को साइबर क्राइम व जीवन में सही समय और सही जगह पर निवेश के महत्व को समझाया। मुख्य वक्ता राजीव जैन ने चार बिन्दुओं पर युवा छात्रों को जानकारी दी। उन्होंने विनियोग के महत्व को बताते हुए बताया कि विनियोग को सही समय पर और सही जगह पर अगर कर दिया जाए तो वह जीवन में आपको बड़े लाभ प्रदान करता है। इसके बाद उन्होंने वित्तीय निवेश के अवसरों को बताते हुए बताया कि कि आज हमारे पास भिन्न-भिन्न प्रकार के निवेश के अवसर मार्केट में उपलब्ध है जिसमें कि हम सही समय पर सही जगह पर इन्वेस्ट करके अच्छा लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# स्वदेशी की नींव पर ही बनेगा विकसित भारत : रेखा आर्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हल्द्वानी। मंत्री रेखा आर्या ने बुधवार को हल्द्वानी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार स्वदेशी के विचार ने एक समय हमें अंग्रेजों से आज़ादी दिलाई थी, उसी मंत्र के सहारे अब हमें देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है और भारत को विश्व महाशक्ति बनाना है। भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में बुधवार को आयोजित आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के विधानसभा सम्मेलन को मंत्री रेखा आर्या मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए यह बातें कही। उन्होंने कहा कि स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के ज़रिए ही हम 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूर्ण कर सकते हैं। मंत्री ने कहा कि केवल खादी पहनने या मिट्टी के दीए जलाने से स्वदेशी का अर्थ पूरा नहीं होता। हमें हर स्तर श घर के सामान, कपड़े, मोबाइल या इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की खरीद में यह सुनिश्चित करना होगा कि हम स्वदेशी उत्पादों को ही प्राथमिकता दें। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, कार्यक्रम जिला सह-संयोजक भुवन जोशी, जिला मंत्री प्रताप रैकवाल व विनीत अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, मंडल अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिय और नीरज बिष्ट सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय   कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान   स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063